राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, गुरुवार, 16 मई 2024

वर्ष 05, अंक 226, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

नष्प्रयोज्य जर्जर भवनों में पढ़ रहे ननिहाल बच्चे...08

गाजा पर इजराइली हमले में पूर्व भारतीय सैनिक की मौत..12

# न्यूज क्लिक के संपादक प्रबीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी अवैध- रिहाई का आदेश

स्वतंत्र प्रभात

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार 15 मई को न्यूज क्लिक के संस्थापक और संपादक प्रबीर पुरकायस्थ की रिहाई का आदेश दिया है। अदालत ने आतंकवाद विरोधी कानून के तहत उनकी गिरफ्तारी को अवैध बताया है। जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस संदीप मेहता ने आदेश देते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस ने प्रबीर पुरकायस्थ के रिमांड की कॉपी कोर्ट को मुहैया नहीं कराई। ऐसे में इस गिरफ्तारी का कोई मतलब नहीं है। गिरफ्तारी का कोई आधार ही नहीं बताया गया है। अदालत ने पंकज बंसल मामले का हवाला भी दिया है। अदालत ने मार्च में पंकज बंसल मामले में कहा था कि आरोपी को उसकी गिरफ्तारी का आधार लिखित रूप में बताया जाना चाहिए। उसी तरह प्रबीर पुरकायस्थ हिरासत से रिहाई के हकदार हैं। उनका रिमांड आदेश अवैध है।

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (15 मई) को न्यूज़ क्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ की दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तारी और गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम 1967 (यूएपीए एक्ट) के तहत मामले में उनकी रिमांड को अवैध घोषित किया।अदालत ने कहा कि 4 अक्टूबर, 2023 को रिमांड आदेश पारित करने से पहले अपीलकर्ता या उसके वकील को रिमांड आवेदन की कॉपी नहीं दी गई थी। इसलिए अदालत ने माना कि गिरफ्तारी और रिमांड निरर्थक हैं।

अदालत ने कहकि उसके मन में इस निष्कर्ष पर पहुंचने में कोई झिझक नहीं है कि लिखित रूप में गिरफ्तारी के आधार के संचार के कथित अभ्यास में रिमांड आवेदन की कॉपी आरोपी-अपीलकर्ता या उसके वकील को 4 अक्टूबर, 2023 के रिमांड आदेश के पारित होने से पहले प्रदान नहीं की गई, जो अपीलकर्ता की गिरफ्तारी और उसके बाद की रिमांड को रद्द कर देता है। परिणामस्वरूप, अपीलकर्ता पंकज बंसल मामले में इसके द्वारा दिए गए निर्णय के आधार पर हिरासत से रिहाई के निर्देश का हकदार है।

गिरफ्तारी और रिमांड को कानून की नजर में अवैध घोषित कर अलग कर दिया गया। इसलिए अदालत ने प्रबीर पुरकायसाथा को रिहा करने का आदेश दिया। हालांकि, अदालत ने आदेश दिया कि रिहाई ट्रायल कोर्ट की संतुष्टि के अनुसार जमानत और बांड प्रस्तुत करने के अधीन होगी, क्योंकि आरोप पत्र दायर किया गया है।

जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने 30 अप्रैल को बहस पूरी करने के बाद फैसला सुनाया। गौरतलब है कि पुरकायस्थ पिछले साल 2 अक्टूबर से गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए एक्ट) के तहत हिरासत में हैं। सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल पुरकायस्थ की ओर से पेश हुए और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू दिल्ली पुलिस की ओर से पेश हुए।

पुरकायस्थ ने अपनी गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती देते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया और दलील दी कि पंकज बंसल मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार



गिरफ्तारी के आधार उन्हें लिखित रूप में नहीं दिए गए थे। दिल्ली पुलिस ने तर्क दिया कि गिरफ्तारी के आधार रिमांड आवेदन में शामिल थे।

सुनवाई के दौरान, अदालत ने कहा कि रिमांड आदेश 4 अक्टूबर, 2023 को सुबह 6 बजे पारित किया गया। हालांकि, रिमांड आवेदन की प्रति पुरकायस्थ के वकील को बहुत बाद में दी गई। जिस दिन फैसला सुरक्षित रखा गया (30 अप्रैल), दिल्ली पुलिस ने पुरकायस्थ को उनके वकील को सूचित किए बिना सुबह 6 बजे मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने में "जल्दबाजी"की। अदालत ने इस तथ्य पर भी आश्चर्य व्यक्त किया कि पुरकायस्थ के वकील को रिमांड आवेदन दिए जाने से पहले ही रिमांड आदेश पारित कर दिया गया।

हालांकि, इस तर्क ने न्यायालय को प्रभावित नहीं किया। उसने कहा कि यह केवल न्यायिक आदेश में दर्ज समय के अनुसार ही चलेगा । दिल्ली पुलिस ने यह दलील भी देने की कोशिश की मैजिस्ट्रेट ने जो रिमांड आदेश पारित किया था, उस पर समय गलत दर्ज हुआ था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट इस दलील से सहमत नहीं थी। अदालत ने कहा कि जूडिशल ऑर्डर में जो समय दर्ज किया गया, वही माना जाता है। उसमें साफ-साफ सुबह 6 बजे का समय दर्ज है। आदेश की कॉपी पुरकायस्थ के वकील के पास उसके बाद पहुंचने की बात है, जैसा कि उन्होंने यह बात भी कही है। उन्होंने दिल्ली पुलिस द्वारा उनकी गिरफ्तारी बरकरार रखने के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले पर आपत्ति जताते हुए याचिका दायर की थी। वर्तमान फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को भी खारिज कर दिया।

सह-अभियुक्त और न्यूज़ क्लिक के एचआर अमित चक्रवर्ती ने भी अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन प्रवर्तन निदेशालय के सरकारी गवाह बनने के बाद उन्हें अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति दी गई और उन्हें माफ़ी दे दी गई। जब मामला लंबित था, तब अदालत ने पुरकायस्थ के स्वतंत्र मेडिकल मूल्यांकन के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) द्वारा एक बोर्ड के गठन का निर्देश दिया था। यह रिपोर्ट 20 मार्च को प्राप्त हुई।

प्रबीर पुरकायस्थ की रिहाई ट्रायल कोर्ट की संतुष्टि के अनुसार होगी। यानी जमानत बांड पेश करना होगा, क्योंकि इस मामले में चार्जशीट दायर की जा चुकी है। बता दें कि बेशक सुप्रीम कोर्ट ने रिहाई का आदेश दिया है लेकिन जिस ट्रायल कोर्ट में अभी यह केस चल रहा है, जमानत वहीं से पानी होगी और उसके लिए ट्रायल कोर्ट अपनी शर्त बताएगी। कोर्ट ने कहा कि चूंकि मामले में आरोपपत्र दायर किया जा चुका है, इसलिए पुरकायुस्थ को केवल जमानत और जमानत बांड भरने पर ही रिहा किया जा सकता है। अन्यथा, उसे बिना ज़मानत के रिहा किया जा सकता था।

कोर्ट ने आदेश के ऑपरेटिव भाग को पढ़ते हुए कहा, "हालांकि हम उसे बिना जमानत के रिहा कर देते, लेकिन चूंकि आरोपपत्र दाखिल हो चुका है, हम उसे जमानत और जमानत बांड के साथ रिहा करते हैं संपादक प्रबीर पुरकायस्थ को 3 अक्टूबर 2023 को गिरफ्तार किया गया था। तब से वो हिरासत में थे। सरकार ने उन पर राष्ट्र विरोधी प्रचार के लिए चीन से फंड पाने का आरोप लगाया था। दिल्ली पुलिस ने उन पर यूएपीए की धाराएं लगाई थीं। पुरकायस्थ ने अदालत में अपनी गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती दी थी।

## थाना शारदा नगर में नाक के नीचे से दिन रात होता है खनन पुलिस मौन



स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** शारदा नगर थाना क्षेत्र में माफियाओं के हौसला काफी बुलंद नजर आते दिखाई पड़ रहे हैं। थाना शारदा नगर में बाला जी मन्दिर के पीछे चंद्रिका गौढ़ी के पास शारदा नदी में अवैध खनन चर्म सीमा पर खनन माफियों द्वारा बालू का खनन किया जा रहा है।शारदा नदी से बालू की ट्रालियां दिन रात चलती नज़र आती हैं। खनन माफिया नदी से अवैध खनन करके बाहर दूर दूर तक भेजी जा रही हैं। राजस्व विभाग से सांठ गांठ करके थाना शारदा नगर पुलिस की मिली भगत से अवैध खनन निडर होकर करते हैं खनन माफिया दूसरी तरफ थाना शारदा नगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ागांव में आधैव मिट्टी कानन बालू खनन माफियाओं द्वारा किया जा रहा थाना शारदा नगर के क्षेत्र में कई जगह पर अवैध खनन निडर होकर किया जा रहा है पतरासी, सुंसरी, पकारिया, सुहेला, मकसोह, सहित अनेक जगहों पर पुलिस से सांठ गांठ करके दिन रात दौड़ती हैं ट्रालियां। आचार संहिता लागू होने के बावजूद खनन माफिया बालू रेता एवं मिट्टी का खनन जोर शोर से चलता है। ख़बर प्रकाशित होने के बाउजूद भी खनन माफियाओं पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जिससे ज्ञात होता है पुलिस की काफी अच्छी घुलती मिलती है खनन माफियों की तथा शारदा नगर पुलिस की। काफी समय से खनन माफियाओं पर पुलिस महेरवान है। अब देखना यह है की उच्च अधिकारी इस पर कुछ संज्ञान लेते हैं यह फिर उन पर भी दबाव है खनन माफियाओं का क्षेत्र की जनता को इंतजार है की इन खनन माफियाओं पर कब कार्यवाही होगी यह फिर ऐसी ही चलता रहेगा बालू मिट्टी खनन का खनन या फिर होगा बंद। थाना शारदा नगर प्रभारी बृजेश कुमार मौर्य से शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई अवैध खनन माफिया के हौसले बुलंद। मिली जानकारी अनुसार थाना शारदा नगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ागांव मे अवैध खनन माफिया सोहेल मंसूरी सक्रिय जो एक हिस्ट्रीशीटर है जिस वजह से शारदा नगर थाने में अच्छी पकड़ है खनन माफिया और पुलिस की मिली भगत से राजस्व विभाग को लगा रहे है चुना अवैध बालू मिट्टी खनन बड़ा गांव सोहेल मंसूरी माफिया हौसले बुलंद है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पीलीभीत में जंगल में मिला तेंदुए का शव वन विभाग में अफरातफरी




**पीलीभीत** वन विभाग में तेंदुए का शव मिलने से वन विभाग में अफरातफरी मच गई और मौके पर पहुंचे अधिकारी ने बताया कि आपसी संघर्ष में मौत की आशंका बताई जा रही है जंगल स्टाफ को जंगल में गश्त के दौरान एक तेंदुए का शव पड़ा मिला तेंदुए की मौत की जानकारी मिलते ही बन विभाग की टीम हुई अलर्ट इससे पहले भी तेंदुए व बाघों का शव जंगल में बरामद हुए कारण आपसी संघर्ष ही पाया गया। तेंदुए की मौत वन्यजीवों के आपसी संघर्ष में हुई है या फिर किसी अन्य कारण से यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के महोफ रेंज का मामला

### पीलीभीत गांव महादेव माती संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप




**सेहरामऊ** थाना क्षेत्र के गांव बहादुरापुर निवासी महेन्द्र सिंह ने अपनी पुत्री काजल की शादी 2021 में गांव महादेव माती निवासी अमित कुमार पुत्र साधू सिंह के साथ हुई थी। बताया जा रहा है कि संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई घटना की जानकारी लगने पर मृतिका के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर मामले मे एसपी से शिकायत की घटना की जानकारी लगने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई पुलिस ने शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बताया जा रहा है कि पुलिस ने मृतिका के पति अमित कुमार और चचेरे देवर को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

## अस्पतालों में दवाओं के साथ चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए: डीएम

**अलीगढ़,** । जिलाधिकारी विशाख जी0 द्वारा बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र हरदुआगंज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सर्वप्रथम ओपीडी कक्ष पहुँचकर उपस्थित चिकित्सकों से ओपीडी के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिसमें बताया गया कि अब तक 244 मरीजों की ओपीडी हुई है। डीएम ने कहा कि गर्मी के मौसम के दृष्टिगत सभी सीएचसी–पीएचसी एवं जिला चिकित्सालयों में मरीजों व तीमारदारों के लिए शुद्ध पेयजल, छायादार बैठने की व्यवस्था के साथ ही आवश्यक दवाओं की उपलब्धता व समय से चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। डीएम ने फार्मेसी कक्ष के निरीक्षण में एंटी रेबीज इंजेक्शन व एंटी स्नेक वैनम दवाओं की उपलब्धता को देखा और यह भी देखा कि एक्सपायरी दवाओं को यथा सम्भव हटाया जा रहा है। मौके पर सभी दवाएं सही पाई गईं।

डीएम ने इमरजेंसी वार्ड के निरीक्षण में सफाई व्यवस्था व बेड की चादर की



गुणवत्ता ठीक न पाए जाने पर सीएचसी प्रभारी को निर्देशित किया कि लॉन्ड्री से संबधित संस्था को चेतावनी दी जाए और गुणवत्ता ठीक न होने पर संस्था के भुगतान में कटौती की जाए। ब्लड सैंपलिंग के संदर्भ जानकारी प्राप्त हुई कि मंगलवार को 122 मरीजों के नमूने लिए गए और उनकी रिपोर्ट दे दी गई है। बुधवार को 222 मरीजो के नमूने संग्रहित किए गए हैं। डीएम ने ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट के निरीक्षण में सीएचसी प्रभारी को निर्देश दिए कि यूनिट का कार्य पूर्ण होने पर जल्द से जल्द हैंड ओवर लिया जाए। मौके पर डिप्टी सीएमओ रोहित गोयल, सीएचसी प्रभारी डॉक्टर प्रवेंद्र कुमार समेत अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

## सार्वजनिक शौचालय की स्थिति अति जर्जर होने से बंद पड़ा शौचालय

स्वतंत्र प्रभात

**उतरौला(बलरामपुर)** करोड़ों की लागत से बना आधुनिक बस स्टेशन उतरौला मे पहले से बना सार्वजनिक शौचालय की स्थिति अति जर्जर होने से बंद पड़ा है। बस स्टेशन उतरौला के खण्डहर हो चुके भवन पर शासन द्वारा इसको आधुनिक बस स्टेशन बनाने के लिए लगभग डेढ़ करोड़ रुपए आवंटित किए थे। धन आवंटन के बाद भवन निर्माण तो पूरा हो चुका है। लेकिन बस स्टेशन उतरौला के अन्दर बने सार्वजनिक शौचालय का जीर्णोद्धार नहीं कराया गया। जिसके चलते यात्रियों को शौचालय के लिए काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टेशन पर मात्र एक सार्वजनिक शौचालय होने से यात्रियों को मजबूरन उसका उपयोग करना पड़ता था। सौचालय भवन अति जर्जर हो जाने पिछले तीन वर्ष से बंद पड़ा है। अब यहां यात्रियों के शौच, लघुशंका व स्नान के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। जिस कारण यात्रियों को काफी असुविधा होती है। आदिल हुसैन ने बताया कि बस स्टेशन के लिए करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी एक आधुनिक शौचालय का निर्माण नहीं कराया गया। और न ही पुराने सुलभ शौचालय का मरम्मत करवा कर उसका पुनः संचालन ही कराया गया । विवश होकर यात्रियों को खुले में शौच व लघुशंका करना पड़ता है। सार्वजनिक शौचालय में ताला बंद रहने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर महिला यात्रियों को अनेक समस्याओं से गुजरना पड़ता है। बस स्टॉप पर अलग अलग जगहों के लिए सफर पर निकले यात्रियों को शौच या लघुशंका के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। प्रशासन की अनदेखी से सार्वजनिक शौचालय का मकसद बेमानी साबित हुआ है। बस स्टेशन पर शौचालय का उद्देश्य दूरदराज से अलग-अलग स्थानों के लिए बसों से सफर करने वाले यात्रियों को सुविधा देना है। लेकिन अफसरों की अनदेखी के चलते सार्वजनिक शौचालय में ताला लटक रहा है। पिछले करीब एक वर्ष से शौचालय में ताला बंद होने के चलते बस स्टॉप पर उतरने वाले यात्रियों को शौच व लघु शंका के लिए इधर उधर भटकना



पड़ता है। सफर पर निकले यात्री रोडवेज बसों से उतरकर लघुशंका के लिए इधर उधर भटकने को मजबूर हो गए हैं।

इसके बाद भी रोडवेज विभाग समेत तहसील के अन्य अफसरों की नजर इस समस्या पर नहीं पड़ रही है। जबकि सरकार स्वच्छता अभियान को लेकर दिन रात लोगों को जागरूक करने में जुटी हुई है। लेकिन ताज्जुब है कि अफसरों की कुम्भकर्णी नींद नहीं खुल रही। बताया जाता है कि करीब दो दशक पूर्व यात्रियों को सौचालय की सुविधाएं देने की शुरुआत हुई थी। लेकिन मरम्मत के अभाव एवं लापरवाही के चलते इसमें फिर से ताला लटक गया। शौचालय अति जर्जर हो जाने से सफर करने वाले राहगीरों को काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ता है। राम कुमार, सतीश, राहुल, पंकज, इरशाद, जावेद, आसिफ, सुहेल, आरिफ आदि का कहना है कि मरम्मत के अभाव में सार्वजनिक शौचालय बंद हो गया। कई बार मांग के बावजूद भी इसका मरम्मत करवाकर नहीं खोला जा रहा हैं। नगर क्षेत्र के अनेक समाजसेवियों ने इस बाबत कई बार अधिकारियों से लिखित शिकायत भी किया। लेकिन अधिकारी सार्वजनिक शौचालय का मरम्मत करवा कर इसे पुनः खुलवाने का नाम नहीं ले रहे हैं।

## बलरामपुर जिले में बिना वैध लाइसेंस के धड़ल्ले से चल रहा अवैध ईट भट्टे पर जिम्मेदारों की चुप्पी पैदा कर रही कई सवाल

● सूत्रों की माने तो जिले के ईंट भट्टे किसी अन्य एजेंसी से निष्पक्ष जांच हो तो आधे मिलेंगे अवैध

सूत्रों की माने तो खनन व पर्यावरण संरक्षण के सभी नियम यहां दिख रहे हवाहवाई

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर** उत्तर प्रदेश में संचालित ईट भट्ठो की बात करें तो नियमो का खुल कर मजाक बनाया जा रहा वही उच्च न्यायालय के आदेशों और पर्यावरण संरक्षण के नियमों का संचालित आदेशों के पाल सिर्फ कागजी साबित हो रहा है वही तमाम नदी नाले और खलिहान तक भी ईट भट्ठा संचालकों से नहीं बचा है।अवैध खनन कर अवैध ढंग से भट्टे पर ईट बनाई जा रही है इतना ही नहीं यहां किसानों के उपजाऊ खेतों को पैसे का लालच देकर उनके उपजाऊ मिट्टी की ऊपरी परत तक खोद कर मिट्टी निकाली जाती है । जिसमें खनन या प्रशासनिक अधिकारी के मिलीभगत से मिट्टी के टीलों में अवैध खनन होना आम बात हो गई है ।

वही अवैध खनन और भट्टे संचालन से पर्यावरण में लगातार वायु प्रदूषण फैल रहा है। खास बात यह कि जब खनन व पर्यावरण अधिकारी ऐसे अवैध खनन पर कोई कार्रवाई न करके उन पर मेहरबान दिख रहे हैं और अवैध ढंग से ईट भट्ठो के संचालकों को संरक्षण दे रहे हैं जिसके कारण आसपास के बस्तियों में रहना दूभर हो रहा है। और उपजाऊ खेतों के जमीन बंजर होने की बात सामने आ रही है। जिस पर किसी जिम्मेदार अधिकारी ने संज्ञान लेना तक उचित नही समझा। इसी क्रम में हम बात करते हैं जनपद बलरामपुर के क्षेत्रो में अवैध ईट भट्ठा संचालन की जहां ईट भट्ठो का हाल तो यह है की बिना किसी अनुमति के भट्ठो का अवैध संचालन बेखौफ किया जाता है। क्योंकि जिसे जांच करना है वही मेहरबान है फिर अवैध संचालन पर कोई कार्यवाही कैसे हो।

न्यायालय और शासन के नियमो की बात करे तो खनन और पर्यावरण विभाग को लेकर कई ऐसे नियम है जिसका कोई अनुपालन ईट भट्ठो के संचालक नही कर रहे । भट्ठो के संचालन से पूर्व एनओसी लेने की शर्तें अनिवार्य हैं लेकिन बिना किसी एनओसी लिए भट्ठो का अवैध संचालन ग्रामीण क्षेत्रो होने की बात सामने आ रही हैं इसी कारण पर्यावरण को लेकर काफी बदलाव होना स्वभाविक है जिसका प्रभाव आमजन जीवन पर होते देखा जा रहा है। नियमों की बात करें तो आजकल जनपद बलरामपुर में कई ऐसे अवैध ईट भट्ठे संचालित हो रहे हैं जिससे भारी नुकसान होने के बात सामने आ रही है जबकि इस बात की प्रशासन के जिम्मेदार तक को खबर नहीं है कि ग्रामीण अंचल में कितनी भट्ठा मालिकों का लाइसेंस है और कितने को अनुमति मिली है । जबकि भट्ठा संचालक जब सभी नियमो को पूरा कर लेते हैं तभी संचालन की अनुमति विभाग के द्वारा दी जाती और अगर नियमों और निर्देशो की पूर्ति नहीं की जाती तो उन्हें संचालन की अनुमति नहीं मिलेगी। लेकिन जब विभागीय जिम्मेदार अधिकारियों की मेहबानी हो तो बिना मानक और नियमों के पालन व संचालन आम तौर पर देखने मे आ



रही। जिसके कारण से पर्यावरण संरक्षण भी काफी प्रभावित हो रहा है और तापमान बढ़ने की बात सामने आ रही है और आसपास की बस्तियो व ग्रामीण इलाकों में तापमान बढ़ने के बात सामने आ रही है। वही इनके संचालन से एनजीटी के प्रदूषण नियंत्रण के दावे पर भी बड़ा प्रश्न चिन्ह लग रहा। वही जिम्मेदारों के द्वारा जांच व कार्यवाही न कर नियमो की जमकर अनदेखी हो रही है की बात सामने आ रही है। वही सरकारी निर्देशों के बावजूद उसका पालन कागजी साबित हों रहा धरातल पर नहीं किया जा रहा है । इससे आसपास के आबादी में प्रदूषण के कारण संक्रमित बीमारियां फैलने की बड़ी वजह सामने आ रही है। वही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भट्ठा मालिकों के लिए कड़े नियम बनाएं लेकिन उसका पालन जमीन स्तर पर अक्सर न होने की बात सामने आ रही है ।नियमो की अनदेखी क कारण आसपास के वातावरण को प्रदूषित करने का काम अवैध भट्ठा संचालक कर रहे हैं। यहां बड़ा सवाल यह भी है कि अगर जिला प्रशासन के जिम्मेदार सरकारी नियमो के पालन की बात कर रहे तो कितने ईट भट्ठो का संचालन मानक के अनुसार हो रहा है और अगर अवैध संचालन किया गया तो कितने पर जांच और कार्यवाही की गई है जब इस संबंध में अपर मुख्य अधिकारी सुभाष भारती को दो बार फोन किया गया लेकिन फोन न रिसीव होने के चलते उनका पक्ष नही मिल सका।

## महिला के इंदिरा आवास पर दबंगों ने किया अवैध कब्जा

**अलीगढ़,**। थाना गोंडा के गांव बाद बामनी में दबंगों द्वारा एक महिला को आवंटित हुये इंदिरा आवास पर कुछ दबंगों ने अपना अवैध कब्जा जमा लिया है। एसएसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में महिला ने अवगत कराया है कि गांव के ही निवासी द्वारा मां को मिले सरकारी इंदिरा आवास को गांव के ही व्यक्तियों ने कब्जा कर रखा है । जिसकी शिकायत महिला ने एसएसपी से जाकर की । वहीं महिला ने उप जिला अधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में भी अवगत कराया है । जहां उप जिला अधिकारी ने थाना प्रभारी को कार्रवाई के आदेश दिए हैं। ग्राम प्रधान ने भी सभी की सहमति के अनुसार विपक्षियों द्वारा दो महीने का समय खाली करने का दिया गया, लेकिन उसके बाद भी विपक्षियों द्वारा सरकारी आवास को खाली नहीं किया जा रहा है । वहीं महिला ने चौकी इंचार्ज पर भी कार्रवाई न करने के आरोप लगाए हैं । अलीगढ़ के एसएसपी सख्त होने के बाद भी महिला की शिकायत पर प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### खरीफ सत्र 2024 में ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठियों में किसान पाठशालाओं का आयोजन 27 मई से 04 जून तक किया जायेंगा।




**बस्ती ।** बस्ती खरीफ सत्र 2024 में ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठियों में किसान पाठशालाओं का आयोजन 27 मई से 04 जून तक किया जायेंगा। उक्त जानकारी संयुक्त निदेशक, कृषि अविनाश चन्द्र तिवारी ने दी है। उन्होने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत हेतु 02 मुख्य फसलों जो फसल बीमा हेतु अधिसूचित हो, को चिन्हांकित कर कृषकों को फसल उत्पादन हेतु नवीनतम तकनीकी की जानकारी दी जायेंगी। उन्होने बताया कि किसान पाठशाला में उस विकास खण्ड में पुरस्कृत/प्रगतिशील कृषक के द्वारा अधिक उत्पादन करने के सम्बन्ध में वार्ता कराकर कृषकों को प्रेरित किया जायेंगा तथा मानदेय के रूप में रू0 500-00 दिया जायेंगा। किसान पाठशाला में एफ0पी0ओ0 के गठन/पराली प्रबन्धन/डिजिटल क्राप सर्वे/आपदा प्रबन्धन/प्राकृतिक खेती एवं कृषि एवं सहयोगी विभाग उद्यान, मत्स्य, पशुपालन, गन्ना, रेशम आदि विभागों द्वारा संचालित योजनाओं तथा चिन्हित फसल उत्पादन की तकनीकी जानकारी दी जायेंगी। उन्होने बताया कि उपरोक्त आयोजन के लिए निर्वाचन आयोग से अनुमति प्राप्त कर ली गयी है।

### सड़क हादसे में तीन साधुओं की दर्दनाक मौत अयोध्या से परिक्रमा करके लौट रहे थे साध



**बस्ती।** बस्ती जिले के थाना परशुरामपुर के अंतर्गत रायपुर गांव के पास 84 कोसी परिक्रमा कर वापस लौट रहे तीन साधुओं की सड़क हादसे में हो गई दर्दनाक मौत। अयोध्या से 84 कोसी परिक्रमा पूर्ण कर घर वापस जा रहे थे इसी बीच रास्ते में ही पिकअप ने ठोकर मार दिया और ठोकर मारने के बाद पिकअप लेकर चालक भाग गया। घटनास्थल पर राहगीरों ने एंबुलेंस 108 को बुलाया तीनों साधुओं को एंबुलेंस में लादकर श्री राम हॉस्पिटल अयोध्या पहुंचाया गया जहां पर डॉक्टरों ने तत्काल मृत्यु घोषित कर दिया। प्रत्यक्ष दर्शियों की माने तो जिस पिकअप से साधुओं का एक्सीडेंट हुआ उसमें भी साधु सवार थे मिली जानकारी अनुसार पिकअप चालक की आंख झपकने की वजह से सड़क हादसा हुआ सड़क हादसे में दिन तीन साधुओं की जान गई जिनका नाम राममिलन पाल पुत्र रामखेलावन साकिन भागीपुर थाना इनायत नगर अयोध्या दूसरे साधु अच्छे लाल पुत्र गिरीश चंद्र साकिन डूंगरी थाना पनियरा जिला महाराजगंज तीसरे साधु राम भजन पाल पुत्र राम अवतार साकीन डुगरी थाना पनियरा जिला महाराजगंज तीनों साधु 50 वर्ष ऊपर आयु के थे। मृतक तीनों साधुओं का शव कब्जे में लेकर थाना परशुरामपुर की पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि हादसा करने वाले पिकअप को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है मृतक साधुओं के परिजनों से संपर्क किया जा रहा है आगे की कार्रवाई प्रचलित है।

### आगरा धारा 24के अंतर्गत मामलों को करायें निस्तारण - तहसीलदार

**फतेहाबाद** – तहसीलदार आशीष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इस समय किसानों की जमीन खाली है। ऐसे में धारा 24 के अंतर्गत आने वाले मामले जैसे मेडबंदी, चकमार्गो की पैमाइश,कुराबंदी आदि के मामले में संबंधित किसान संबंधित राजस्व निरीक्षक, लेखपालों से संपर्क कर समस्या का निदान करायें। अगर कोई लेखपाल आपकी सही निस्तारण न करने पर तहसील कार्यालय में आकर अवगत करा सकते हैं। यह कार्य 30 जून तक कराया जा सकता है।

## महेन्द्र सिंह टिकैत की तेरहवी पुण्य तिथि मनाई गई

स्वतंत्र प्रभात




**बस्ती ।** बस्ती जिले में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन द्वारा महात्मा चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत को उनके तेरहवी पुण्य तिथि पर याद किया गया। जिलाध्यक्ष गौरीशंकर चौधरी के संयोजन में शिविर कार्यालय शिवा कालोनी में आयोजित कार्यक्रम जल, जंगल, जमीन पर्यावरण बचाओ संकल्प दिवस पर केन्द्रित रहा। उनकी स्मृति में जिला चिकित्सालय के मरीजों में फल का वितरण किया गया।

भाकियू के पूर्वान्चल अध्यक्ष अनूप चौधरी ने कहा कि किसानों के मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत को 'महात्मा बाबा' की उपाधि उनके संघर्षों के कारण मिली। देशभर में किसान, मजदूर और मजलूमों के हक के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया था, उन्हें हमेशा महानायक की भूमिका में याद किया जायेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष किसान, मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र चौधरी, पूर्वान्चल सचिव शोभाराम ठाकुर, जयराम वर्मा, बन्धू चौधरी, राम मनोहर, रामचन्द्र सिंह आदि ने महात्मा जी के चित्र पर माल्यार्पण के बाद कहा कि बाबा को जाति धर्म से कोई मतलब नहीं था। वह किसानों के मसीहा थे। किसानों की जाति धर्म को उन्होंने कभी नहीं देखा। उनकी एक आवाज पर हजारों किसान एकत्र हो जाते थे। उनका योगदान युगों तक याद किया जायेगा। प्रदेश सचिव दीवान चन्द पटेल ने कहा कि चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत वास्तव में किसानों के बहुत बड़े नेता थे। उनके जीवन का उद्देश्य किसानों को इतना जागरूक करना था कि किसान की आवाज भी हुक्मरानों तक पहुंच सके। किसानों को वाजिब हक दिलाने के लिए तमाम बड़े राजनेताओं से समय-समय पर टकराव मोल लिया। मुण्डेरवा चीनी मिल आन्दोलन के दौरान महात्मा चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत ने कमान संभाली थी और केन्द्र और राज्य सरकारों को मजबूर होना पड़ा था। किसानों का हित उनके लिये सर्वस्व थे। उनके जीवन संघर्षो से प्रेरणा लेकर किसानों को अपने अधिकारों के लिये एकजुटता बनाये रखनी होगी।

महात्मा चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत के पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुग्रीव प्रसाद, मरेश चन्द्र, जगदीश, रामकृपाल चौहान, राकेश, लालजी, तिलकराम, गंगाराम, राजेन्द्र प्रसाद, रामभजन, चन्द्र प्रकाश चौधरी, रामदास, विनोद कुमार, रविन्द्र कुमार, जगदम्बा प्रसाद, अनन्त राम, राम उग्रह, मेवालाल, परशुराम, रामशव्द, सचिन, राम बहाल, दयाशंकर मौर्य, राम सुरेमन, पण्डा यादव, रामफेर, पारसनाथ के साथ ही भाकियू के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता, किसान, मजदूर शामिल रहे

## सरयू नदी में स्नान करते डूबे एक बच्चे का शव तीन दिन बाद उतराता हुआ मिला

**●एसडीआरएफ गोरखपुर राज्य आपदा मोचन की 18 सदस्यीय टीम ने पहुंचकर चला सर्च अभियान नहीं मिली थी सफलता**

**बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद, शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले दुबौलिया थाना क्षेत्र में रविवार को सरयू नदी में मोजपुर के दो सौ मीटर दूरी पर बालक का शव तीसरे दिन नदी में उतराता हुआ मिला। स्थानीय गोताखोरों ने बाहर निकाला। रविवार को स्नान करते समय तीन किशोरी व एक बालक लापता हो गये थे। स्थानीय गोताखोरो ने दो किशोरियों का शव बरामद कर लिया था। दो की तलाश सोमवार की सुबह साढ़े नौ बजे एसडीआरएफ गोरखपुर राज्य आपदा मोचन सब इंस्पेक्टर राम प्रकाश राय के नेतृत्व मे 18 सदस्यीय टीम पहुंच कर खोजबीन के लिए सर्च अभियान चलाया। शाम तीन बजे तक सफलता न मिलने पर टीम वापस चली गई। टीम वापस जाने से परिजन परेशान थे। स्वयं स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश करने में जुटे थे। दुबौलिया थाना क्षेत्र के सरयू नदी में मोजपुर के पास रविवार के दोपहर में एक बजे के करीब 9 बच्चे स्नान कर रहे थे। इतने में 4 बच्चे नदी की धारा में लापता हो गये। बच्चों ने गुहार लगाया आसपास के लोगों ने पहुंचकर नदी से पांच लोगों को बचा लिया। पिपरी गांव निवासी बंशीधर गिरि की बेटी पार्वती20 व शालिनी 17 पुत्री वंशीधर, काजल पुत्री अनुरुध 14 वर्ष,सोहन पुत्र रामू13 निवासी रमवापुर नदी की धारा में लापता हो गये। स्थानीय गोताखोरों के माध्यम से खोजबीन करने में जुट गए। जिसमें स्थानीय गोताखोरो ने पार्वती व काजल का शव बरामद कर लिया था। सोमवार की सुबह एसडीआरएफ गोरखपुर राज्य आपदा मोचन सब इंस्पेक्टर राम प्रकाश राय के नेतृत्व मे 18 सदस्यीय टीम पहुंचकर साढ़े नौ बजे से सर्च अभियान चलाया। शाम तीन बजे तक टीम को सफलता नहीं मिली है। टीम वापस चली गई थी। सुबह से ही स्थानीय गोताखोर खोजबीन कर रहे थे कि घटना स्थल के दौ सौ मीटर दूरी पर शव उतराता हुआ दिखा।लोगों ने शव को बाहर निकाला। अभी भी शालिनी के शव का सुराग नहीं लग पाया है। खोजवीन जारी है। मौके पर पहुंची दुबौलिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुराहाल है।

## नए नामांकन न कराने पर 332 विद्यालयों के शिक्षकों का बीएसए ने रोका वेतन

**● दो दिनों अंदर वेतन जारी नही हुआ तो होगा धरना प्रदर्शन-उदय शंकर शुक्ला**

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले में परिषदीय विद्यालयों में नए नामांकन कराने के लिए बीएसए ने सभी शिक्षकों को निर्देश दिया था। कई स्कूलो के शिक्षकों की ओर से लापरवाही बरती गई। जिसको लेकर बीएसए ने सभी शिक्षकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही 332 शिक्षकों का वेतन चाधित किया है।परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को कक्षा एक से लेकर आठ तक के कक्षाओं में नवीन नामांकन को लेकर निर्देशित किया था। प्रत्येक विद्यालय में कम से कम 10 नए नामांकन करने कराए। लेकिन एक माह से एस अधिक का समय बीत जाने के बाद प्रेरणा पोर्टल की जांच में जिले के 2076 विद्यालयों में केवल अभी तक 8670 बच्चों का हो नामांकन कराया सका। 1168 विद्यालयों में बार बार निर्देश के बाद भी 10-10 छात्र-छात्राओं का नामांकन पूर्ण नहीं किया गया। शिक्षकों द्वारा कार्य में लापरवाही व आदेशों की भी अवहेलना की गई। बीएसए अनूप ने ऐसे 332 विद्यालयों के शिक्षकों का वेतन बा?धित करते हुए में उन्हें नोटिस जारी की है। कहा कि 20 मई तक जो विद्यालय अपना लक्ष्य पूरा कर लेंगे, उनका वेतन वधित नहीं होगा।

शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने दस से कम नामांकन वाले विद्यालयों के शिक्षक व कर्मचारियों का वेतन रोके जाने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर दो दिनों अंदर शिक्षक समेत लगभग चार या हजार कर्मचारियों का वेतन विभाग जारी नहीं किया तो धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होने पड़ेगा।

## पुरानी जमीनी विवाद को लेकर दबंगों ने छप्पर में लगाया आग, पीड़ित परिवार ने कप्तानगंज थाने पर दिया तहरीर

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती ।** बस्ती जिले के कप्तानगंजथाना कप्तानगंज के दुबौला चौकी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बेलघाट के राजस्व गांव चेरुईयां में दो पक्षों में काफी समय से जमीनी विवाद चल रहा है । पुरानी जमीनी विवाद को लेकर दिनांक -14 - 05 - 2024 को सुबह लगभग 8.30 बजे चेरुईयां गांव में रह रहे नेवासे गीर प्रमिला पुत्र ओम प्रकाश , साधना पुत्री राम लाल , श्याम लाल पुत्र ओम प्रकाश आदि लोगों ने मिलकर पहले पीड़ित परिवार को गाली गलौज दिया और पूरे परिवार को डण्डे से मारने के लिए दौड़ा लिया और पीड़ित परिवार को मारने पीटने में असफल होने पर संगीता के छप्पर में आग लगा दिया है । पीड़ित परिवार ने शोर मचाया और शोर शराबा सुनकर ग्रामीण एकत्रित हो गए और किसी तरीके से पीड़ित परिवार के सदस्यों की जान बची । पीड़ित परिवार ने आग लगने की सूचना 112 पुलिस को दी । आग लगने की सूचना पर तत्काल 112 पुलिस पहुंची और आग लगने की घटना की जानकारी ग्रामीणों से प्राप्त किया और मामला गंभीर देखते हुए दोनों पक्षों को कप्तानगंज पर बुलाया । पीड़ित परिवार ने आग लगने की घटना के बारे में आरोपियों के नाम से लिखित तहरीर दिया है और उक्त प्रकरण की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग किया है । पीड़ित परिवार दबंगों ने आतंक से डरा हुआ है और कप्तानगंज थाने से सुरक्षा और न्याय की गुहार लगाई है । इस प्रकरण में कप्तानगंज प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार दूबे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जांच के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी ।

## भाकपा माले ने दिया गठबंधन प्रत्याशी राम प्रसाद चौधरी को समर्थन

स्वतंत्र प्रभात




**बस्ती ।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी 'मार्क्सवादी -लेनिनवादी' की कार्यकर्ता बैठक प्रेस क्लब सभागार में जिला प्रभारी का. रामलौट के संयोजन में सम्पन्न हुई। बैठक में पार्टी ने नेताओं ने इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी राम प्रसाद चौधरी को अपना समर्थन देते हुये उनकी जीत सुनिश्चित करने का आवाहन किया। कार्यकर्ता बैठक में ब्रजेश, डा. सकूर आलम, राजू कुमार सिंह, चन्दन देवी, नीतू, प्रीती, राजकुमार प्रजापति आदि ने अपने सम्बोधन में कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां गरीबों, अल्पसंख्यकों, दलितों को और अधिक गरीब बना रही है। साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण और राजनीति में धर्म का घाल मेल कर भाजपा गरीबों से उनका हक छीन रही है। ऐसे में भाकपा माले ने देश भर में इण्डिया गठबंधन को अपना समर्थन दिया है। जिला प्रभारी का. रामलौट ने कहा कि पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गठबंधन के प्रत्याशी राम प्रसाद चौधरी के पक्ष में लगातार वातावरण सृजन कर रहे हैं। दावा किया कि बढती मंहगाई, बेरोजगारी के सवाल को लेकर मतदाताओं में आक्रोश है और इस बार भाजपा के मंसूबे सफल नहीं होंगे। अध्यक्षता शान्ती देवी ने किया और संचालन करते हुये नन्द कुमार 'नाग' ने जमीनी मुद्दे उठाये। बैठक में मुख्य रूप से भागीरथी गौतम, पारसनाथ, सुरेन्द्र, ऊषा, प्रर्मिला, फारूक, मुबारक अली, नन्दलाल यादव, रोशन अली आदि उपस्थित रहे।

## मेधावी छात्रा को ननिहालीजनों ने माला पहनाकर व मिठाई खिला कर किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात



**उतरौला(बलरामपुर)** ननिहाल की तरफ से बुधवार को सम्मान समारोह आयोजित कर सीबीएससी बोर्ड के हाईस्कूल में 80.6 प्रतिशत अंक लाने वाली छात्रा जारा हयात खान को सम्मानित किया गया। छात्रा के नाना डाक्टर निजामुद्दीन, मामा शहाबुद्दीन, आमिर निजाम, नुरू खा आदि द्वारा मेधावी जारा हयात खान को माला पहनया गया तथा मिठाई खिलाया गया और 80.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर बधाई दिया गया। शिक्षण सामग्री व अन्य उपहार भी दिया गया। मेधावी छात्रा जारा हयात खान के पिता मोहम्मद खान जो कि वेल्डिंग का काम करते हैं कहा कि मैंने मेहनत मजदूरी का के अपने बेटे खान अल्तमश और जारा हयात खान को पढ़ाया है और आज खान अल्तमश ने इंटरमीडिएट में 75.2 प्रतिशत व बेटी जारा हयात खान ने 80.6 प्रतिशत अंक लाकर मेरा सीना फक्र से चौड़ा कर दिया है। मैं अपने बेटी जारा हयात खान और बेटे अल्तमस को खूब अच्छी शिक्षा देने का प्रयास करूंगा जिससे यह बाडे होकर इस देश का और हम सब का नाम रोशन करें। इस अवसर पर मेधावी के नाना डाक्टर निजामुद्दीन ने कहा कि मेहनत से मेधावी जारा हयात खान ने अपनी अलग पहचान बनाई है। ऐसे मेधावी के लिए दुनिया में कुछ भी नामुमकिन नहीं है। उन्होंने कहा कि मेहनत के साथ पढ़ाई करें ताकि अपने मुकाम तक पहुंच जाए। उन्होंने कहाकि अखबार व किताबों में प्रमाणिकता के आधार पर बातें लिखी रहती है इनको जरूर पढ़ें। मेधावी छात्रा के मामा शहाबुद्दीन ने कहा कि लक्ष्य बनाकर कार्य करें। माता-पिता के सपनों को साकार करें। मेहनत व कठिन परिश्रम से अपना मुकाम हासिल करें। समाज सेवी व मेधावी छात्रा के मामा आमिर निजाम ने कहा कि छात्र-छात्राओं की सफलता में शिक्षक व अभिभावकों की बड़ी जिम्मेदारी होती है। मेधावी जारा हयात खान ने समय का सदुपयोग किया और इससे दोगुनी मेहनत के साथ आगे की पढ़ाई पूरी करें। सम्मानित हुई हाई स्कूल मेधावी छात्रा जारा हयात खान ने खुशी जताते हुए कहा कि, नियमित पढ़ाई करना जरूरी है। हर विषय मन लगाकर पढ़ना चाहिए। शिक्षकों व अभिभावकों से जानकारी लेते रहना चाहिए। पढ़ाई में स्वास्थ्य शरीर का विशेष ध्यान रखें। आज का काम कल पर न टाले, टाइम टेबल बनाकर पढ़ें। जारा हयात खान ने बड़े होकर डॉक्टर बनकर गरीबों की सेवा करने की इच्छा जताई।

## राजकीय अनुसूचित जाति जाति के लिये बना छात्रावास खस्ताहाल ।

स्वतंत्र प्रभात




**उतरौला (बलरामपुर)** राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास उतरौला के संचालन के 19 वर्ष बीतने के बाद भी इसमें तैनात होने वाले अधीक्षक, लिपिक समेत सभी कर्मचारियों के पद शासन ने सृजित नहीं किए हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास में पदों के सृजन 19 वर्ष तक न होने से शासन ने किसी अधिकारी की तैनाती भी नहीं की है। किसी अधिकारी की तैनाती न होने से छात्रावास लावारिस पड़ा है। शासन ने दलित छात्रों को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए 2005 में करोड़ों रुपए की लागत से मोहम्मद युसुफ उस्मानी इण्टर कालेज उतरौला के बगल राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास का निर्माण कराया था। इसमें 17 कमरों का निर्माण कराया गया और एक कमरे में दो छात्रों के रहने की सुविधा दी गई। छात्रों के खान-पान के लिए मेस का निर्माण कराया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास बनने के बाद इसके लिए छात्रावास अधीक्षक, लिपिक, स्वीपर/चपरासी, रसोइयां, चौकीदार की नियुक्ति की जानी थी लेकिन 19 वर्ष बीतने के बाद भी शासन ने इस छात्रावास के लिए किसी पद का सृजन नहीं किया। पदों के सृजन न होने से छात्रावास बदहाली के कगार पर पहुंच गया है। इस छात्रावास के संचालन के लिए कई वर्ष से सरकार ने कोई बजट नहीं दिया है। छात्रावास के कमरों की रंगाई पुताई, वायरिंग, साफ सफाई नहीं हुई है। रसोइयां की तैनाती न होने से छात्रों को अपना खाना खुद बनाना पड़ता है। छात्रावास की बदहाली पर तमाम छात्र बीच में छात्रावास छोड़कर किराए के कमरे में रहने को मजबूर हो जाते हैं। समाज कल्याण बलरामपुर ने बताया कि इस छात्रावास में पदों के सृजन के लिए शासन को कई पत्र लिखा गया है लेकिन पद का सृजन अभी तक नहीं हुआ है।

## सपा ने गुंडे माफियाओं को पैदा करने का कार्य किया बृजेश पाठक

स्वतंत्र प्रभात

रमेश कुमार यादव




**बलरामपुर,** सपा ने प्रदेश में गुंडे व माफियाओं को पैदा करने का काम किया था। बहन बेटियों की आबरू खतरे में थी। प्रदेश में आए दिन दंगे होते थे। आज भाजपा शासन काल में माफिया या तो प्रदेश छोड़ रहे हैं या फिर गले में तख्तियां लटकाकर थाने में सरेंडर कर रहे हैं। भाजपा ने कानून का राज स्थापित किया है। यह बातें उत्तर प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कही। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक बुधवार को गैसड़ी विधानसभा के पिपरा चौराहे पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास सर्वाधिक लोकप्रिय नेता मोदी हैं। जिनका मुकाबला भ्रष्टाचारियों से है। कांग्रेस की सरकार में मंत्री रहे कई लोग सलाखों के पीछे हैं। कांग्रेस ने घोटाले पर घोटाला कर देश को लूटने का काम किया था। मोदी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर किया है। हर गरीब को पक्का मकान दिया गया है। घर-घर शौचालय बनवाए गए हैं। सरकारी स्कूलों में कांवेंट की तरह सुविधाएं मिल रही हैं। जल जीवन मिशन के तहत घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाया गया है। डिप्टी सीएम ने कहा कि पहले प्रदेश के जिलों की बिजली सैफई चली जाती थी। आज लोगों को भरपूर बिजली मिल रही है। सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने वन डिस्ट्रिक वन माफिया दिया था। भाजपा ने वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट देने का काम किया है। सपा सरकार में पैसे देकर नौकरी और तैनाती मिलती थी। नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होता था। आज उत्तर प्रदेश देश का नम्बर वन प्रदेश बन चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि गठबंधन पिछली बार की तरह इस बार भी फेल होगा। इंडी गठबंधन के लोग एक दूसरे पर हार का ठीकरा फोड़ने की तैयारी कर रहे हैं। इसके अलावा डिप्टी सीएम ने केन्द्र व प्रदेश सरकार के योजनाओं का बखान किया। उन्होंने लोकसभा श्रावस्ती से भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्र व गैसड़ी विधानसभा उप चुनाव के प्रत्याशी शैलेश कुमार सिंह शैलू को जिताने की अपील की। कार्यक्रम



की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने किया। इस मौके पर लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पाण्डेय, जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, सदर विधायक पल्टूराम, जिला पंचायत अध्यक्षा आरती तिवारी, श्याम मनोहर तिवारी, रवि मिश्रा, डा. अजय सिंह पिंकू, राकेश सिंह, विनय प्रकाश त्रिपाठी, प्रिंस वर्मा, रवि वर्मा, अवधेश तिवारी सहित भारी संख्या में भाजपाई व सहयोगी दलों के लोग मौजूद थे।

## सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने विधानसभा गैसड़ी से विपक्षियों पर साधा निशाना

स्वतंत्र प्रभात



**गैसड़ी/बलरामपुर** लोकसभा 58श्रावस्ती के विधानसभा गैसड़ी में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा प्रहार किया सपा सुप्रीमो ने भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए बताया कि बढ़ती हुई महंगाई बेरोजगारी ,छुटटा जानवर ,से जनता पूरी तरह से परेशान है ।आज का युवा बड़ी-बड़ी डिग्रियां लेकर के बेरोजगार बैठा है सरकार जानबूझकर भर्तियां निकालकर पेपर लीक करवा दे रही है आने वाले 25 में को जनता इसका जवाब जरूर देगी सपा सुप्रीमो ने विधानसभा गैसड़ी के उपचुनाव में सपा प्रत्याशी राकेश यादव के पक्ष में वोट करने की अपील की तथा इंडिया एलायंस के सपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा के समर्थन में वोट करने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामसागर अकेला, प्रदेश सचिव ओंकारनाथ पटेल, छात्र सभा प्रदेश सचिव अशोक पटेल, भिनगा विधायक इंद्राणी वर्मा, विधायक



नंदिता शुक्ला, श्रावस्ती लोकसभा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा विधानसभा गैसड़ी प्रत्याशी राकेश यादव पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम वर्मा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरदास सरोज तथा लोकसभा क्षेत्र के हजारों पीडीए कार्यकर्ता मौजूद रहे।


# संक्षिप्त ख़बरें

## झकरकटी झोपड़पट्टी में चला प्रशासन का बुलडोजर

**बस अड्डे के के पास बसी झोपड़पट्टी पर चला बुलडोजर, यहां पचास वर्षों से रह रहे हैं लोग, रहने को कोई जगह नहीं बची।**



**कानपुर।** कानपुर में मतदान समाप्त हो चुका है और अब जिला प्रशासन ने अपने प्रशासनिक कार्य करने प्रारंभ कर दिए हैं। वैसे तो अतिक्रमण हटाने का यह कार्य काफी समय से चल रहा था लेकिन लोकसभा चुनाव के लिए फिलहाल रोक दिया गया था। कानपुर में



मतदान 13 मई को हो चुका है। अब जिला प्रशासन अपने काम पर लग गया है। वैसे तो स्मार्ट सिटी के नाम पर कई जगह केवल खानापूर्ति ही हो रही है। लेकिन अतिक्रमण को लेकर प्रशासन का रवैया स्पष्ट है। थाना बाबू पुरवा के अंतर्गत आज झकरकटी बस अड्डा के बगल में उन झोपड़पट्टी को हटा दिया गया जहां लोग पचास वर्षों से रह रहे थे। इन गरीबों के पास कोई रहने के लिए जगह भी नहीं है। अच्छा होता कि पहले इनके रहने का इंतजाम कर दिया जाता।

## गोपनीय सहायक ब्रजेश कुमार की निरीक्षक गोपनीय के पद पर प्रोन्नति



**कानपुर।** कमिश्नरेट कानपुर में पुलिस आयुक्त के गोपनीय सहायक ब्रजेश कुमार की पदोन्नति निरीक्षक ( गोपनीय ) के पद पर होने पर कमिश्नरेट पुलिस परिवार ने उन्हें बधाई दी है। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त अखिल कुमार व स्टॉफ ऑफिसर अमिता सिंह द्वारा कार्यालय में स्टार लगाकर पिपिंग सेरेमनी की व नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी गयी।

## भगवत नाम संकीर्तन से ही कल्याण सम्भव-डॉ.कौशलेन्द्र कृष्ण शास्त्री



**वजीरगंज/गोण्डा** चन्दापुर पूरे सीर वजीरगंज गोण्डा में श्री मद भागवत कथा के तृतीय दिवस की कथा में परम पूज्य डॉ कौशलेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने नारद व्यास संवाद, परीक्षित के जन्म तथा कलियुग के पैर जमाने की पूरी कथा विस्तार से सुनाया महाराज जी ने बताया कि कलयुग के समान अन्य कोई युग नहीं है चाहे सतयुग हो त्रेता हो या द्वापर कलयुग केवल नाम अधारा सुमिरि सुमिरि न उतरहि पारा अन्य युगों में समाधि तपस्या योग लगाते हुए वर्षो बीत जाते थे तब भी भगवत दर्शन में बाधाये आती थी लेकिन कलयुग में केवल भागवत नाम स्मरण मात्र से देवता मनोवांछित फल देते हैं इस मौके पर यज्ञ आचार्य पंडित अतुल शास्त्री सहयोगी पंडित सूरज शास्त्री मुख्य श्रोता देवीदीन पाण्डेय फूलकली वेद प्रकाश, घनश्याम ,राम लखन ,रमाकांत ,सूरज पाण्डेय मोहित, विनोद, प्रमोद, धर्मेंद्र ,और बहुत संख्या में श्रद्धालु जन गांव की तमाम महिलाएं आकर के कथा श्रवण का लाभ ले रही हैं

## करंट लगने से किसान युवा नेता की मृत्यु, परिवार में मचा कोहराम



**कछौना(हरदोई)** विकास खंड कछौना क्षेत्र के अंतर्गत कछौना ब्लॉक में अपने अनुसूचित समाज को एक तरफ करने का विचार रखने वाले किसान नेता संदीप कुमार गौतम पुत्र रामपाल उम्र लगभग 30 वर्ष मूलनिवासी कामीपुर थाना कछौना की मंगलवार की देर रात को करंट लगने से मौत हो गई है। मृतक जनसेवा केंद्र का संचालन करता था एवं लखनऊ-हरदोई राजमार्ग पर बसंत सिंह मार्केट के निकट किराये पर अपने परिवार समेत रहता था। मृतक की दो मासूम बेटी व पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# कानपुर के नामी स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**● - ईमेल के माध्यम से स्कूलों को मिली धमकी। स्कूलों की सुरक्षा बढ़ाई गई। कमिश्नरेट पुलिस जांच में जुटी। ईमेल में किया गया रुसी सर्वर का स्तेमाल।**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** कानपुर जनपद के कई स्कूलों को ई-मेल के माध्यम से यह धमकी दी गई कि इन्हें बम से उड़ा दिया जायेगा। ये सभी स्कूल कानपुर के विख्यात स्कूल हैं। पुलिस आयुक्त से स्कूलों के प्रबंधकों ने शिकायत दर्ज कराई है। चुनाव के कारण स्कूल बंद थे। जब स्कूल खुले तो स्कूल प्रबंधन ने अपने ईमेल चैक किए तो वह घबड़ा गए और इसकी सूचना अपने अपने थानों में दी। वहीं पुलिस ने छात्र-छात्राओं की पढ़ाई को देखते हुए स्कूलों की सुरक्षा बढ़ा दी है। पुलिस की जांच में यह सामने आया है कि धमकी भरे ई-मेल भेजने में रूसी सर्वर का इस्तेमाल किया गया है। स्कूलों को बम से उड़ानें की धमकी मिलने से छात्र-छात्राओं के परिजनों से लेकर स्कूल प्रबंधन भी दहशत में हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, बर्रा-8 स्थित के.डी.एम.ए स्कूल, गुलमोहर स्कूल, द चिंटल्स स्कूल, वीरेंद्र स्वरूप स्कूल समेत 10 स्कूलों को मंगलवार देर शाम बम से उड़ानें की धमकी मिली है। स्कूलों ने ई-मेल की कॉपियां निकालकर अपने क्षेत्र के थानों और पुलिस आयुक्त अखिल कुमार से इसकी शिकायत दर्ज कराई है। स्थानीय थाना क्षेत्रों की पुलिस सक्रिय हो गई है और सभी बिन्दुओं पर जांच कर रही है। बम निरोधक दस्ता द्वारा भी सघन तलाशी ली जा रही है। तलाशी में बम जैसा कुछ नहीं मिला है फिर भी सभी स्कूलों को ऐहतियात बरतने का निर्देश दिया गया है। पुलिस से मिली सूचना के मुताबिक इसमें वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क का स्तेमाल किया गया है।इसका पता किया जा रहा है। इंस्ट्रुमेंट के नाम से आई ईमेल को भेजने के



लिए जीमेल का स्तेमाल किया गया है सनातन धर्म स्कूल में जो ईमेल आई है उसमें रिसीवर ईमेल में एक अन्य स्कूल का नाम लिखा गया है। डीसीपी साउथ रविन्द्र कुमार ने जानकारी दी कि जयपुर, गुड़गांव, गाज़ियाबाद, दिल्ली और लखनऊ के पुलिस अधिकारियों से ईमेल को लेकर चर्चा की गई है। जिस डोमेन कानपुर के स्कूलों में ईमेल आया है। उसी डोमेन का वहां भी प्रयोग हुआ है। वहीं एडीशनल पुलिस कमिश्नर हरिश्चन्द्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। एहतियातन सभी स्कूलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। हर बिंदु को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।

# पूर्वजों की स्मृति किया गया ज्ञानदान उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है-उमानंद शर्मा

**● - गायत्री ज्ञान मंदिर का ज्ञान यज्ञ अभियान, गोयल आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एवं चिकित्सालय के पुस्कालय में हुई युगऋषि वाड्मय साहित्य की स्थापना**

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत गोयल आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एवं चिकित्सालय, गोयल कैम्पस, अयोध्या रोड के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 410वाँ ऋषि वांड्मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्त्री सावित्री एवं उनकी पुत्रियों गीता शर्मा, पार्वती शर्मा, नीलम शर्मा, स्वाती शर्मा एवं चाँदनी शर्मा ने रवि कुमार उपाध्याय की स्मृति में भेंट किया।

इस अवसर पर वाड्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि पूर्वजों की स्मृति में किया गया ज्ञानदान उन्हें सच्ची श्रद्धांजली है। ऊषा सिंह एवं संस्थान के प्राचार्य प्रो. अविनाश चन्द्र श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। वरिष्ठ प्रो. अभिजीत यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, देवेन्द्र सिंह, ऊषा सिंह, संस्थान के प्राचार्य प्रो. अविनाश चन्द्र श्रीवास्तव, उप प्राचार्य, प्रो. ए.के. सिंह, वरिष्ठ प्रो. अभिजीत यादव सहित संस्थान के सभी चिकित्सकगण, प्रोफेसर एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

# नवजीवन वृद्ध आश्रम के उद्घाटन पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के मनोकामना पंचमुनि और सिद्धि धाम के सभापति डॉ0 सुधीर राजपाल और उपसभापति उनकी धर्मपत्नी संगीता राजपाल के द्वारा आज नवजीवन वृद्ध आश्रम का प्रारंभ किया गया। यह लोकार्पण माताजी स्वर0 राजकुमारी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर किया गया। इनके अनुसार भारतवर्ष में पश्चिमी सभ्यता के आने से सनातन धर्म को जो हानि हुई है। उसमें परिवार का विघटन भी एक बड़ी हानि है परिवार का विघटन में हमारे बुजुर्गों को सबसे ज्यादा यातना, तिरस्कार, घरेलू हिंसा तक झेलनी पड़ती है। यदि सभी परिवार सनातन की राह पर चले तो भारतवर्ष में एक भी वृद्ध आश्रम की आवश्यकता नहीं होगी किंतु दुर्भाग्य है की वृद्ध आश्रमों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। हमारा यह भी उद्देश्य रहेगा कि लोगों को सनातन धर्म की महानता के विषय में बताकर और पारिवारिक समझौता कराकर वापस अपना परिवार दिलाया जा सके। आज राष्ट्रीय परिवार दिवस के दिन माताजी स्व0 राजकुमारी के प्रथम पुण्यतिथि पर हम नवजीवन परिवार का निर्माण कर रहे हैं। हमारे ट्रस्ट मनोकामना आर्य सिद्धि धाम ट्रस्ट ऐसे वृद्ध माता-पिता का सम्मान करते हुए आश्रय देगी। नवजीवन वृद्ध आश्रम वास्तव में उन्हें नया जीवन देने का काम करेगा। अभी हमारे वृद्ध आश्रम की सीमा 25 बेड की है। किंतु जल्द ही हम इसे 50 बेड की कर देंगे और गंगाखेड मोहनलालगंज स्थित आर्य सिद्धि धाम में जल्द ही नई शाखा खोली जाएगी। जिसमें बेड़ो की संख्या 100 तक हो जाएगी। हम बुजुर्गो से कहना चाहते हैं कि यदि कोई आपका साथ ना दे तो हमसे संपर्क करें। नवजीवन वृद्ध आश्रम मनोकामना मंदिर दुर्गापुरी नीलमथा सदैव आपकी सेवा में तत्पर रहेगा।

# प्रधानपति ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात



**सुरसा (हरदोई) ।** क्षेत्र के खजुरहरा मजरा उम्मरपुरवा में बुधवार को उम्मरपुरवा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन प्रधानपति उदय प्रताप सिंह पाल ने फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच बंधिया ए टीम बनाम बंधिया बी टीम के बीच खेला गया। बंधिया ए टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर बंधिया बी टीम को 8 विकेट से पराजित किया । उद्घाटन मैच का मैन ऑफ द मैच शालू को दिया गया। जिन्होने 3 ओवर में 4 विकेट हांसिल किए । उद्घाटन मैच को सम्बोधित करते हुए प्रधानपति उदय प्रताप सिंह पाल ने कहा खेल का आयोजन होने से आपसी भाइचारा बढ़ता है। खिलाड़ी खेल के मैदान में खेल के भावना से खेलकर लोगों को आनन्द देते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का भव्य आयोजन होने से ग्रामीण खिलाड़ी की प्रतिभा में निखार आता। बढ़ता है और वे आगे बढ़ने के लिए उत्साहित होते हैं। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष नीरज वर्मा, योगराज वर्मा, ब्रजेश कुमार, गोविन्द वर्मा, नीरज राठौर, अरुण कुमार, राम सागर यादव, पंकज पाल, पारस पाल सहित उम्मरपुरवा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के सदस्यगण मौजूद रहे।

# सीबीएसई की 10वीं व 12वीं की परीक्षा में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के छात्रों ने लहराया परचम

स्वतंत्र प्रभात



**कछौना(हरदोई)** केंद्रीय माध्यमिक बोर्ड सीबीएसई की 10वीं व 12वीं की परीक्षा में कस्बा कछौना में स्थित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के छात्रों ने परचम लहराया। परीक्षा परिणाम देख विद्यार्थी झूम उठे। यह छात्र आगे चलकर जीवन के विभिन्न क्षेत्र में बेहतर कार्य कर देश को मजबूत करने का कार्य करेंगे। उत्तीर्ण हुए सभी छात्र अपनी सफलता का श्रेय परिवार व गुरूजनों को दे रहे हैं। विद्यालय के कक्षा 10 के छात्र प्रशांत कुमार 82.6त्न, शुभम कुमार 78.6%, अमन कुमार 77%, कक्षा 12 के रोशन 84.6%, शिवा कुशवाहा 81.4%, राजवीर 79%, देवेश कुमार 75त्न अंक अर्जित कर परीक्षा उत्तीर्ण की। शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय अपनी अलग पहचान बनाए है। ग्रामीण क्षेत्र में सीबीएसई बोर्ड शिक्षा प्रदान कर अलख जगा रहे हैं।

## बंदर के हमले से अधेड़ घायल, मेडिकल कॉलेज रेफर

शाहाबाद हरदोई। महुआ टोला में बंदरों ने एक व्यक्ति को दौड़ा कर काट लिया जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी हालत में व्यक्ति को सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने की वजह से मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला महुआ टोला निवासी राजन शर्मा 55 वर्ष पुत्र श्याम लाल को अपने ही घर में बंदरों ने दौड़ा कर काट लिया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी हालत में राजन शर्मा को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने की वजह से प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया। बंदरों के बढ़ते हुए आतंक के कारण शहर वासी काफी परेशान हैं, लेकिन वन विभाग या पालिका प्रशासन द्वारा बंदरों को पकड़ने का कोई इंतजाम नहीं किया गया है। जबकि अन्य शहरी क्षेत्रों में बंदरों को पकड़ने के इंतजाम वन विभाग और पालिका प्रशासन द्वारा किए जाते रहे हैं।

# पहले ताड़ी बेचने का होता था ठेका पर अब पुलिस को पैसा देकर खुले आम बिक रही है ताड़ी

**● - बंथरा क्षेत्र में सुबह तड़के ही लग जाता है ताड़ी पीने वालों का जमघट**

**नशे की गोली डालकर बेची जा रही है ताड़ी, अधिकतर युवा हो रहे हैं इसके आदी**



स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** बन्थरा थाना क्षेत्र में इन दिनों ताड़ी की शुरुआत हो चुकी है और सड़कों पर ताड़ी पीने वालों का जामवाड़ा सुबह से ही ही लग जाता है। बता दें कि ताड़ी नशीले पदार्थ में आता है और अधिकतम दो लीटर ताड़ी बेचने का भी प्रवधान है लेकिन पूरे क्षेत्र में ताड़ी ज्यादातर नशीली गोलियां डाल कर बेची जा रही है। बंथरा पुलिस इस मामले में जानकर भी अनजान बनी हुई है।

बंथरा क्षेत्र के ग्राम रामदासपुर, तेरवा, सहिजनपुर, रामचौरा , गढ़ी चुनौती सहित तमाम गांवों में रोजाना सैकड़ों लीटर ताड़ी बेची जाती है। ताड़ी बेचने वालों से स्थानीय पुलिस व आबकारी विभाग का भी हिस्सा रहता है। पुलिस अपना सुविधा शुल्क 100 रुपये प्रति पेड़ के हिसाब से कमिशन लेकर ताड़ी बेचने का परमिशन देती है। इतना ही नहीं पुलिस का कहना है कि यह रूपये ऊपर बैठे अधिकारियों तक भी देना पड़ते है। बता दे पहले कभी ताड़ी का ठेका हुआ करता था लेकिन आज पुलिस स्वयं ताड़ी बेचने वालों को परमिशन दे रही है।

# मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व एडीजी ने झांसी में परखी सुरक्षा

स्वतंत्र प्रभात





**कानपुर।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के झांसी आगमन से पूर्व एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह झांसी पहुंचे और उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आज झांसी आने का कार्यक्रम था। इसके मद्देनजर आगमन से पूर्व एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह, द्वारा मंडलायुक्त झांसी, डीआईजी झांसी कलानिधि नैथानी, जिलाधिकारी झांसी तथा एसएसपी झांसी के साथ कार्यक्रम स्थल,रूट व्यवस्था,यातायात-व्यवस्था व अन्य सम्भावित स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर ड्यूटी में लगे समस्त झांसी पुलिस को दिशा-निर्देश दिये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जिस मार्ग से सभा स्थल पर आना था एडीजी ने पूरे रास्ते को चैक किया। और स्वयं एक एक बिंदु की जानकारी ली। उन्होंने दिशा-निर्देश दिए कि पुलिस किसी तरह की कोई लापरवाही नहीं वरते। और किसी भी संदिग्ध को तुरंत पूछताछ करे।

# मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा को डीएम ने किया सम्मानित

**● - मुख्य अग्निशमन अधिकारी को त्वरित कार्रवाई के लिए किया गया सम्मानित।**

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** (स्वतंत्र प्रभात संवाददाता ) कानपुर शहर में रेडक्रास दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी कानपुर नगर की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रेड क्रॉस दिवस पर आयोजित कार्यक्रम जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में मनाया गया।जिलाधिकारी राकेश सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

विगत दिनों शहर में हुई बड़ी - बड़ी भीषण अग्निकांड की घटनाओं में मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा के कुशल नेतृत्व में जल्द ही काबू पाने और हर विपरीत परिस्थितियों में अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की मदद करने व कोई जनहानि न होने देने और सदैव अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने को लेकर जिलाधिकारी राकेश सिंह द्वारा अंगवस्त्र उढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि अच्छा कार्य करने पर अधिकारियों व कर्मचारियों का समय-समय पर उत्साह वर्धन करना भी एक नवीन ऊर्जा को उत्सर्जित करता है।

# डायट मे निपुण भारत मिशन समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई** के डायट में 15 मई को निपुण भारत मिशन समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, एस.आर.जी. एवं ए.आर.पी. द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में डायट प्राचार्य योगेंद्र सिंह के साथ निपुण भारत मिशन सेल के सदस्य एवं जनपद हरदोई के नोडल लक्ष्य जैन एवं जिला समन्वयक प्रशिक्षण राकेश कुमार शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक की शुरुआत जिला समन्वयक प्रशिक्षण राकेश शुक्ला द्वारा निपुण भारत मिशन सेल सदस्य लक्ष्य जैन के परिचय से हुई। इसके बाद उन्होंने जनपद की निपुण कार्ययोजना के बारे में विस्तार से बताते हुए जनपद को शीघ्र निपुण बनाये जाने की रणनीति साझा की। निपुण भारत मिशन सेल सदस्य लक्ष्य जैन ने अपने हरदोई विजिट का प्रस्तुतीकरण करते हुए मेंटरिंग विजिट के आवश्यक सुझाव दिये। इसके बाद उन्होंने अकादमिक सत्र 2024-25 के तहत निपुण विद्यालय बनाये जाने की योजना को समझाते हुए एक सुनियोजित तरीके से कार्य करते हुए निपुण जनपद बनाये जाने का आवाहन किया। उन्होंने अपने प्रस्तुतीकरण में वैलिड सहयोगात्मक पर्यवेक्षण, निपुण संवाद, सत्र 2024-25 की प्रिंट रिच सामग्री, बीईओ व एआरपी बॉन्डिंग पर विस्तार से समझाया। इसके साथ ही किस प्रकार डाटा आधारित हेड टीचर बैठक की जाय इस पर भी समझाया। डायट प्राचार्य योगेंद्र सिंह ने कहा कि गत वर्ष जो विद्यालय निपुण बन गए थे उनको इस सत्र में भी निपुण बनाये रखना होगा। सभी विद्यालय अपने यहां बच्चों की नियमित उपस्थिति पर जोर दें जो कि निपुण विद्यालय बनाये जाने की प्रथम सीढ़ी है। एसआरजी आशीष मिश्र ने कहा कि जनपद हरदोई ने समय-समय पर ऐसे इतिहास को रचा है जो अन्य के लिए प्रेंरणा है। हम सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह व डायट प्राचार्य योगेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए अपने जनपद को शीघ्र निपुण बनाये जाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर डायट प्रवक्ता चतुर्भुज नारायण, उमेश चंद्र, खण्ड शिक्षा अधिकारी आर.के.द्विवेदी, अनिल झा, सुनील कुमार, एसआरजी आशीष मिश्र, शशांक मिश्र, एआरपी अभय सिंह, एआरपी अभिषेक मिश्र, निरुपमा सिंह, रजनीश देवल, शैलेन्द्र पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

# रोड क्रास कर रहे 6 वर्षीय छात्र को रोडवेज ने मारी टक्कर, मौके पर दर्दनाक मौत

**● - बच्चें की मौत से गुस्साए परिजनों सहित क्षेत्रीय लोगों ने घंटों काटा हंगामा।**

स्वतंत्र प्रभात



**बेनीगंज/हरदोई।** बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के प्रतापनगर चौराहे पर स्कूल से पढ़कर रोड क्रास कर अपने घर जा रहा छह वर्षीय बच्चें को रोडवेज बस संख्या यूपी 34 टी,9934 ने जोरदार टक्कर मार् दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी।गुस्साए परिजनों ने हरदोई सीतापुर मार्ग जाम कर हंगामा काटने लगे। सुचना पर पहुंची पुलिस ने कार्यवाही का आश्वाशन देकर एक घंटे बाद जाम को खुलवाकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भिजवाया।बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के झरोइया निवासी मनोज त्रिपाठी हरदोई रोड प्रतापनगर पर दशकों से मकान बनाकर रहता था।बुधवार दोपहर इनका छह वर्षीय पुत्र शौर्य त्रिपाठी न्यू कानपुर पब्लिक स्कूल से पढ़कर अपने घर वापस जा रहा था। इस दौरान यह जैसे ही रोड क्रास करने लगा। इसी दौरान सामने से आ रही रोडवेज बस संख्या यूपी 34 टी,9934 ने जोरदार टक्कर मार् दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी।गुस्साए परिजनों ने हरदोई सीतापुर मार्ग जाम कर हंगामा काटने लगे। सुचना पर पहुंची पुलिस ने कार्यवाही का आश्वाशन देकर एक घंटे बाद जाम को खुलवाकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भिजवाया। परिजनों के मुताबिक बच्चा आज पहली बार स्कूल गया था। जिसको लेकर परिजनों में कोहराम मच गया है। उपरोक्त घटनाक्रम पर स्थानीय लोगों ने ड्राइवर कि इस बड़ी लापरवाही को लेकर गुस्सा जताया है। प्रशासन की ओर से ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि प्रतापनगर चौराहे पर हुए बच्चे की मौत के मामले पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस कार्यक्रम हुआ आयोजित



**कछौना(हरदोई)** समाधान अभियान व इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान से आयोजित कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस के उपलक्ष्य में बाल मित्र केंद्र थाना कछौना में ग्राम निवासियों के लिए पॉक्सो एक्ट एवं बाल यौन शोषण के बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में थाना कोतवाली कछौना के थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार उपस्थित रहे एवं सौम्या द्विवेदी डायरेक्टर समाधान अभियान, सूर्य प्रताप सिंह ,वैभव सिंह एवं वैभव श्रीवास्तव समेत अन्य प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा कस्बा गौरीगंज में किया गया फ्लैग मार्च



**अमेठी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को शांत, सुरक्षित व निष्पक्ष वातावरण में सम्पन्न कराने तथा आदर्श आचार संहिता के अनुपालन हेतु आज जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा थाना गौरीगंज पुलिस व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल/ एस एस बी के साथ कस्बा गौरीगंज में फ्लैग मार्च कर आमजनमानस को शांत, सुरक्षित व भयमुक्त वातावरण में लोकसभा चुनाव 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने का संदेश दिया गया एवं लोगों को अफवाहों पर ध्यान न देने एवं अफवाहों को फैलने,फैलाने से रोकने व दिनांक 20.05.2024 पांचवे चरण में लोकसभा अमेठी में होने वाले मतदान में निडर होकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान केन्द्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गयी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी व अन्य अधिकारी , कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### मुर्गे की दुकान में आग लगाने का आरोप, पुलिस से शिकायत

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के बेहटा चौराहा में रात को सड़क किनारे रखी गुमटीनुमा मुर्गे की दुकान में आग लग गई। जिससे न केवल मुर्गे की दुकान बल्कि बगल की एक अन्य मांस मछली की दुकान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई। आग में गुमटी के अंदर रखे गए हजारों रुपए कीमत के मुर्गे और मछलियां जल भुन गई। पीड़ित दुकानदारों ने एक व्यक्ति पर रंजिशन दुकानों में आग लगा देने का आरोप लगाया है। आचार्य नगर मोहल्ला निवासी राहुल व वसीम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी बेहटा चौराहे पर मुर्गे और मछली की दुकानें हैं। बीती रात एक व्यक्ति ने उनकी दुकान में आग लगा दी। जिससे दुकानों के भीतर तेरी 50 हजार कीमत के मुर्गे और मछलियां जलकर पूरी तरह से नष्ट हो गई। पीड़ितों ने बताया कि आरोपित ने फोन पर आग लगाने की धमकी दी थी जिसकी रिकॉर्डिंग उसके पास मौजूद है। दोनों पीड़ितों ने संयुक्त रूप से शिकायती पत्र देकर मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### जिला सैनिक बन्धु की बैठक सम्पन्न

**रायबरेली,** कैप्टन (नौसेना) अतुल्य दयाल की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के सभाकक्ष में जिला सैनिक बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सैनिक बन्धु सदस्यों तथा पूर्व सैनिकों की समस्याओं एवं अन्य विषयों पर चर्चा की गयी। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा पूर्व सैनिकों को वरीयता के साथ नियमानुसार उनके कार्यो/समस्याओं का समाधान जिला प्रशासन से निस्तारण कराने का आश्वासन दिया गया। बैठक में सैनिक बन्धु समिति के सदस्य कॉर्पोरल चन्द्र भान शुक्ला, सूबेदार दुष्यन्त लाल, आनरेरी कैप्टन आर0 बी0 सिंह तथा अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे। सभी उपस्थित सैनिक बन्धु सदस्यों एवं पूर्व सैनिकों/आश्रितों का जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, रायबरेली, कैप्टन (नौसेना) अतुल्य दयाल (अ0 प्रा0), द्वारा स्वागत किया गया।

### पीलीभीत जिले के गायत्री हास्पिटल में महिला की मौत



**पीलीभीत** गायत्री हॉस्पिटल में महिला की हुई मौत,मृतका के परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही बरतने का लगाया आरोप,मृतका सावित्री देवी 25 वर्ष पत्नी दया शंकर थाना बीसलपुर क्षेत्र के जसौली दिवाली की निवासिनी थी, इस्ल्ह से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से मामला संज्ञान में आया है मामले की जांच कराकर जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## स्मृति के दोबारा ऐतिहासिक विजय के लिए शुकुल बाजार में डोर टू डोर संपर्क कर रहे भाजपा नेता

● परिवार वाद और वंशवाद के लिए अमेठी में नहीं है कोई जगह - महेंद्र विजय सिंह

स्वतंत्र प्रभात



**शुकुल बाजार अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी स्मृति इरानी के दोबारा ऐतिहासिक विजय के लिए मंडल शुकुल बाजार के कार्यकर्ता लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंडल शुकुल बाजार में निवास करने वाले जनपद के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ल तथा हाल ही में भाजपा में शामिल हुए उद्योगपति महेंद्र विजय सिंह जी जान के साथ चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। लगातार प्रत्येक दिन डोर टू डोर संपर्क करते हुए गांव-गांव जाते हुए आने वाली 20 मई को कमल का बटन दबाकर स्मृति इरानी को भारी मतों से विजई बनाने की अपील कर रहे हैं, इस दौरान वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अमेठी गिरीश चंद्र शुक्ला ने कहा कि परिवारवाद और वंशवाद को बढ़ावा देने वाली कांग्रेस के लिए अमेठी में कोई स्थान नहीं है। अमेठी की जनता कांग्रेस के बहकावे में आने वाली नहीं है उन्होंने कहा कांग्रेसी कहते हैं अमेठी से मेरा पारिवारिक रिश्ता है, लेकिन अमेठी से कांग्रेस का सही मायने में सिर्फ चुनावी रिश्ता है, क्योंकि चुनाव के बाद गांधी परिवार के लोग और कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल अमेठी में नहीं दिखाई देते, उन्होंने कहा कि चुनाव को चंद दिन रह गया तो नामांकन के आखिरी दिन कांग्रेस के लोग अमेठी आते हैं और गजब की नौटंकी करते हैं कहते हैं अमेठी मेरा परिवार है। आखिर जब कोरोना चल रहा था जब लोग मौत और जिंदगी से जूझ रहे थे तब यह गांधी परिवार के लोग कहां थे, किशोरी लाल कहां थे, अमेठी के लाखों परिवार आवास से वंचित थे तब किशोरी लाल और राहुल गांधी कहां थे, लाखों घरों में विद्युत नहीं थी।

तब यह गांधी परिवार और किशोरी लाल कहां थे, जब लोगों को आवास, नल से जल, किसान सम्मन निधि और विद्युत स्मृति इरानी ने मुहैया कराई तो अमेठी स्मृति ईरानी की हुई। जनता उसे चुनेगी जिसने काम किया और काम स्मृति ईरानी ने किया है, कोरोना के समय जनता के सुख-दुख में अमेठी सांसद स्मृति इरानी काम आई फिर आज जब वोट देने का समय है तो लोग स्मृति को वोट देंगे ना कि कांग्रेस को। उन्होंने कहा कि इस बार कांग्रेस की अमेठी में जमानत जप्त हो जाएगी, जनता सब कुछ जान रही है, वहीं भाजपा नेता महेंद्र विजय सिंह ने कहा कि सबको सम्मान देने वाली भारतीय जनता पार्टी जो की सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित है, सबका साथ, सबका विकास और सबका सम्मान करने वाली भारतीय जनता पार्टी के साथ अमेठी के लोग हैं, ना कि कांग्रेस और सपा के साथ उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा का बेमेल तालमेल है जो ज्यादा दिन नहीं चलेगा उन्होंने कहा कि राम से विद्रोह रखने वाले लोगों को, भगवान राम की निंदा करने वाले लोगों को, राम मंदिर का निमंत्रण ठुकराने वाले लोगों को इस बार अमेठी की जनता करारा जवाब देगी, और ठुकरा देगी। उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधियों के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस पर काम करने वाली भाजपा सरकार गरीबों के किसानों के महिलाओं के नौजवानों के उद्धार के लिए समर्पित है, तथा भाजपा सरकार में विकास की गंगा बह रही है। इस दौरान वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, उद्योगपति एवं भाजपा नेता महेंद्र विजय सिंह, युवा भाजपा नेता मानवेंद्र विजय सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक अशोक शुक्ला, बूथ अध्यक्ष मनोज मौर्य, बूथ अध्यक्ष कुमुद शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष जसकरण सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## स्मृति के नेतृत्व में प्रगति के पथ पर अग्रसर है अमेठी - पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा

● सशक्त हो रहा किसान, समृद्धि हो रहा भारत - दद्दन मिश्रा

स्वतंत्र प्रभात



**गौरीगंज अमेठी।** श्रावस्ती के पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा ने गौरीगंज विधानसभा के शान्हापुर जामों,गौरा, अलीपुर,रेसी,नीमी, पूरे सुब्बा सहित सहित कई ग्राम सभाओं में चुनावी जन चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि अमेठी सांसद स्मृति इरानी के नेतृत्व में अमेठी प्रगति के पथ पर अग्रसर है, अमेठी सशक्त बनी है, अमेठी में सांस्कृतिक विरासत का एक नया युग आरंभ हुआ है, अमेठी विकास की मुख्य धारा से जुड़ी है, अमेठी में बुनियादी ढांचे का अभूतपूर्व विकास कार्य हुआ है, अमेठी से परिवारवाद समाप्त हुआ है ।उन्होंने कहा कि अमेठी में सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से जनता को विशेष लाभ मिला है, उन्होंने कहा मोदी सरकार का मूल मंत्र गरीब कल्याण और वंचितों का सम्मान करना है, किसानों का कल्याण करना है, महिला सशक्तिकरण को बल प्रदान करना है ,उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार सशक्त किसान और समृद्ध भारत का निर्माण कर रही है, अंतोदय का मूल मंत्र देने वाली भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सब का प्रयास को सार्थक कर रही है। उन्होंने कहा कि आज देश में इंफ्रास्ट्रक्चर का अभूतपूर्व विकास कार्य हुआ है, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ गरीब परिवारों को पक्का घर मिला है, प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के तहत लगभग 12 करोड़ घरों में नल का जल और 100 पर्सेंट घरों में बिजली पहुंची है, उन्होंने कहा अगले 5 वर्षों तक गरीबों को मुफ्त राशन मिलता रहेगा, 70 साल से ऊपर के सभी नागरिकों को 5 लाख तक प्रत्येक वर्ष मुफ्त का इलाज मिलेगा। उन्होंने कहा आज देश की सीमाएं सुरक्षित है, देश की जनता को मोदी की गारंटी पर भरोसा है, ऐसे में आने वाली 20 मई को कमल का बटन दबाकर देश में तीसरी बार बन रही मोदी सरकार तथा अमेठी में दूसरी बार ऐतिहासिक विजय करने वाली स्मृति इरानी को मजबूत करें, भारतीय जनता पार्टी को मतदान करें, तथा सशक्त राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल योगदान दें। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अजय द्विवेदी, प्रधान उदयभान सिंह, प्रधान रविंद्र प्रताप सिंह, धनंजय तिवारी, सोनू तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


## नगर निगम परिसर में पौधा रोपण करते नगरायुक्त संजय चौहान

● पेड़ों की गिरी हुयी पत्तियों से गांधी पार्क में बनायी जा रही जैविक खाद का निरीक्षण करते नगरायुक्त संजय चौहान

निगम के पेड़ बतायेंगे अपनी उम्र और प्रकृति में अपना योगदान

नगरायुक्त ने निगम व गांधी पार्क में पौधारोपण कर की अभियान की शुरुआत

स्वतंत्र प्रभात




**सहारनपुर।** नगर निगम व गांधी पार्क में खड़े पेड़ आपको बतायेंगे कि उनकी उम्र क्या है और पर्यावरण संतुलन बनाये रखने के लिए उन्होंने प्राण वायु ऑक्सीजन के जरिये प्रकृति में कितना योगदान दिया है। ये पेड़ अपने सामान्य नाम के साथ अपने वानस्पतिक नाम से भी आपको अपना परिचय करायेंगे। नगरायुक्त संजय चौहान ने प्रत्येक पेड़ पर यह पूरा विवरण लिखकर लगवाने के निर्देश उद्यान प्रभारी को दिये हैं। उन्होंने नगर निगम परिसर व गांधी पार्क में नवगृह वाटिका तथा हरबल पार्क विकसित करने के भी निर्देश दिए।

नगरायुक्त संजय चौहान ने नगर निगम परिसर में गूलर, आम, व गांधी पार्क में कटहल के पौधों का पौधारोपण कर प्रतीकात्मक रुप से वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की। उन्होंने पौधारोपण करते हुए गिरी हुयी पत्तियों से नगर निगम द्वारा बनायी जा रही जैविक खाद तथा पानी देकर पौधों को सिंचित भी किया। उनके साथ अपर नगरायुक्त राजेश यादव व मृत्युंजय ने भी पौधारोपण किया। नगरायुक्त ने गूलर पौधे के वानस्पतिक नाम फ़िकस रेसमोसा से अवगत कराते हुए बताया कि रबर के पौधे सहित फ़िकस कुल के अनेक वृक्ष हमारे इर्द-गिर्द खड़े रहते हैं लेकिन हम उनके बारे में नहीं जानते। जबकि इनका ऑक्सीजन के माध्यम से प्रकृति संतुलन और मानव जीवन में अहम योगदान है।

नगरायुक्त ने बताया किएक दो सौ साल पुराना पीपल का वृक्ष हर रोज करीब 250 लीटर ऑक्सीजन देता है। उन्होंने गांधी पार्क में अशोक का पेड़ दिखाते हुए कहा कि यह असली अशोक नहीं है। रावण की वाटिका में जिस अशोक के वृक्ष के नीचे सीता जी बैठी थी उसे सीता अशोक कहा जाता है। उन्होंने कहा कि यदि सीता अशोक कहीं मिल जाए तो उसे गांधी पार्क में अवश्य लगाएं। सीता अशोक का औषधीय दृष्टि से अत्यधिक महत्व है। नगरायुक्त ने नगर निगम द्वारा गांधी पार्क में पेड़ों से गिरी हुयी पत्तों की बनायी जा रही जैविक खाद प्रक्रिया का भी निरीक्षण किया और कई सुझाव दिए। उन्होंने वहां हरबल पार्क तथा नवगृह वाटिका विकसित करने का भी सुझाव दिया।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर निकाली बाईक रैली

● मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया 15 मई।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड भाटपार रानी/बनकटा अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों मे कार्यरत सैकड़ो अध्यापकों द्वारा तहसील भाटपार रानी के प्रांगण से मतदान प्रतिशत मे वृद्धि एवं मतदाताओं को जागरूक करने हेतु बाइक रैली का आयोजन किया गया। बाइक रैली का नेतृत्व उपजिलाधिकारी भाटपार रानी हरिशंकर लाल द्वारा किया गया, जिसमे तहसीलदार मिस्त्री सिंह चौहान, खंड शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार सिंह, नायब तहसीलदार डा भागीरथी सिंह, अवध बिहारी पांडेय, अजय सिंह, राजेश कुमार,उमेश , बिन्ध्याचल यादव, विष्णु तिवारी सहित अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। पथरदेवा विधान सभा में पाण्डेयपुर, पथरदेवा, पिपरा, पिपरा भुआल, पिपरा कनक, पोखर भिंडा, रामनगर, रामपुर अवस्थी, रामपुर धौताल ग्राम सभा में अवस्थित परिषदीय विद्यालयों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत रैली निकाली गई एवं छात्राओं ने मेहंदी लगाकर लोगों को मतदान हेतु



जागरूकता का संदेश दिया। बैतालपुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय बोडिया अनंत, प्राथमिक विद्यालय बिशनपुरा में मतदाता जागरूकता हेतु पेंटिंग मेहंदी एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के पक्ष में मांगे वोट

स्वतंत्र प्रभात




**महराजगंज रायबरेली।** गांधी परिवार व कांग्रेस की पूर्व वरती सरकारों ने केवल रायबरेली को विकास के नाम पर ठगा है। जिसकी बदौलत आज रायबरेली जिला विकास से कोसों दूर है। आप सभी लोग एकजुट व एकमत होकर अपने घर के लाल दिनेश प्रताप सिंह को भारतीय जनता पार्टी के कमल के निशान पर वोट देकर भारी बहुमत से विजई बनाएं। आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि, यह रायबरेली जिला विकास के मामले में प्रदेश स्तर पर विकास रूपी जिला के रूप में जाना जाएगा। यह उद्गार आज महराजगंज कस्बे के जय माँ जसवंत्री मंदिर प्रांगण में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए नगर विकास मंत्री व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा व्यक्त कर रहे थे।

बताते चले कि, लोकसभा चुनाव के मध्य नजर पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत आज भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के पक्ष में जय माँ जसवंत्री मंदिर प्रांगण में आयोजित विशाल जनसभा की अगुवाई कर रहे नगर पंचायत महराजगंज के चेयरमैन अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू ने भी उपस्थित जन सैलाब को संबोधित करते हुए कहा कि, आप सभी लोग भारी से भरी मतों से दिनेश प्रताप सिंह को जिताएं। जिससे रायबरेली का नाम देश में रोशन हो क्योंकि अभी तक गांधी परिवार रायबरेली जिले का सांसद बनता रहा है। और विगत 5 वर्षों में रायबरेली जिले के विकास को कोसों दूर रख्खा तथा जनता बीते 5 वर्ष अपनी सांसद को ढूंढती रही। लेकिन चुनाव आते ही एक बार फिर गांधी परिवार के सदस्य व उनके कार्यकर्ता रायबरेली में आकर परिवार वाद की बात कह कर जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। और वोट लेकर फिर 5 वर्ष दिल्ली में बैठने का काम करेंगे। जिसके चलते आप सभी लोग दिनेश प्रताप सिंह को जीताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें जिससे कि, रायबरेली जिला विकास रूपी जिला के रूप में जाना जाए। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह राठौर अलीपुर, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह, पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा, विवेक पांडे, सुनील मौर्य, शिवकुमार त्यागी, अनुभव कक्कड़, पूर्व सभासद विजय धीमान, सुधा अवस्थी, वंदना सिंह, सभासद रामकुमार, मुस्ताक रैनी, मोहम्मद अलीम, कमलेश कुमार, जमुना प्रसाद पासवान, धर्मेंद्र लोधी, विनीत वैश्य, नूरुल हसन, राजकुमारी, उषा त्रिपाठी सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## जमुरावा के ग्राम प्रधान रोशन बर्खास्त प्रधान पद रिक्त

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज रायबरेली।** 3 सितंबर 2021 को एसडीएम कोर्ट में जमुरावां गांव के रहने वाले अनुराग द्वारा पंचायत चुनाव याचिका प्रस्तुत कर ग्राम पंचायत से निर्वाचित हुए ग्राम प्रधान रोशन को चुनाव लड़ने के लिए आयोग्य ठहराते हुए गंभीर आरोप लगाए थे विचाराधीन संबंधित मामले में एसडीएम कोर्ट ने दोनों पक्षों की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य तथा दलीलें सुनने के बाद आज बुधवार को अपना फैसला सुनाते हुए ग्राम पंचायत जमुरावां के प्रधान रोशन को बर्खास्त कर पद रिक्त कर दिया है, वहीं नामांकन प्रक्रिया भी निरस्त कर दी गई है, उप जिला अधिकारी न्यायालय में प्रस्तुत वाद में जमुरावां के रहने वाले अनुराग ने तर्क देते हुए कहा था कि वर्ष 2021 में संपन्न हुए पंचायत चुनाव में ग्राम पंचायत जमुरावां के पद के लिए रोशन अनुराग खुशीराम जीत लाल मुन्नीलाल राम गुलाम राम सजीवन व विशेषर आदि ने नामांकन किया था जिसमें रोशन विजयी हुए थे इसके बाद उन्होंने शपथ भी लिया और पंचायत में विकास कार्य भी शुरू हो गए लेकिन नामांकन वाले दिन तक रोशन की उम्र 21 वर्ष से कम थी मामले में न्यायालय द्वारा याची तथा प्रतिवादी दोनों पक्षों की दलीलें तथा प्रस्तुत साक्ष्यों के अवलोकन के पश्चात न्यायालय द्वारा रोशन को प्रधान पद से बर्खास्त कर दिया गया तथा पद रिक्त कर दिया गया है।

## जैसे-जैसे नजदीक आ रही मतदान की तिथि वैसे-वैसे तेज होता जा रहा प्रचार

स्वतंत्र प्रभात

**शिवगढ़,रायबरेली।** जैसे - जैसे लोकसभा चुनाव के मतदान की तिथि नजदीक आती जा रही है वैसे-वैसे क्षेत्र में चुनावी सरगर्मियां एवं चुनाव प्रचार तेज होता जा रहा है। पान की गुमटियों, चाय समोसों की दुकानों से लेकर गली मुहल्लों एवं हॉट बजारों तक चुनावी चर्चाएं होने लगी है। वहीं शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। गौरतलब हो कि रायबरेली लोकसभा में पांचवे चरण में आगामी 20 मई को मतदान होना है। रायबरेली लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी ने जहां रायबरेली एमएलसी एवं स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं कांग्रेस से राहुल गांधी उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में है। मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के समर्थकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रचार में अपनी ताकत झोकते हुए क्षेत्र के भवानीगढ़ चौराहे पर दुकानदारों,ग्रहकों एवं नगर पंचायत वासियों से जनसम्पर्क कर दिनेश प्रताप सिंह को भारी मतों से जिताने की अपील की। इस मौके पर एमएलसी प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य विनय वर्मा, पूर्व पिपरी प्रधान नन्दकिशोर तिवारी, पूर्व सैनिक राजकिशोर बाजपेई,उमाशंकर चौधरी, रिंकू, अपना दल एस के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन वर्मा, लल्लन सिंह, अंकित वर्मा, संदीप पाठक सहित दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे। इसके साथ ही दिनेश प्रताप सिंह के समर्थकों ने बैंती,गूढ़ा, शिवगढ़, भवानीगढ़, बेड़ारु, शिवली, बहुदा खुर्द, देहली, पिण्डौली, खजुरों, भौसी, नरायनपुर, रानीखेड़ा आदि गांवों में जनसम्पर्क कर दिनेश प्रताप सिंह को जिताने की अपील की।

## सिर्फ आटा और डाटा का आश्वासन, मुस्लिम वोटरों को लालीपाप दे गए अखिलेश यादव

स्वतंत्र प्रभात

रमेश कुमार यादव



**बलरामपुर,** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बुधवार को श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा, गैसड़ी विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राकेश यादव के समर्थन में आयोजित विशाल चुनावी जनसभा को पचपेड़वा बाजार के विशुनपुर टनटनवा में सम्बोधित किया। अखिलेश यादव ने कहा कि देश में चार जून के बाद इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। इंडिया गठबंधन ने निर्णय लिया है कि सरकार गरीबों को राशन दोगुना और अच्छी गुणवत्ता का देगी। इंडिया गठबंधन की सरकार गरीबों को 5 किलो की जगह 10 किलो के हिसाब से राशन देगी। साथ में मोबाइल चलाने के लिए इंटरनेट डाटा मुफ्त दिया जाएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि चार चरणों के बाद हार निश्चित जानकर भाजपा घबरा गई है। भाजपा नेताओं की भाषा बदल गयी है। भाजपा विकास, नौकरी, रोजगार और महंगाई की बात नहीं करती है। भाजपा नेता समाज बांटने के एजेंडे में लग गए हैं। वही पुरानी घिसीपिटी बातें जनता को सुना रहे है। जनता सब समझ रही है। चुनाव में जनता भाजपा की नकारात्मक राजनीति को नकार रही है। देश में परिवर्तन की हवा चल रही है। इस हवा में भाजपा का रथ फंसा ही नहीं पूरी तरह से धंस गया है। चार सौ पार की बात करने वाले भाजपा के लोग चुनाव हार गये हैं। देष की 140 करोड़ जनता भाजपा को इस बार 140 सीट के लिए भी तरसा देगी।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों, नौजवानों और देश की सभी जनता से झूठे वादे किये। महंगाई और बेरोजगारी को चरम पर पहुंचा दिया। निवेश के नाम पर बड़े-बड़े सम्मेलन किये, दावे किये, लेकिन न कोई निवेश आया न नौकरी और न रोजगार मिला। बलरामपुर, श्रावस्ती, फैजाबाद से लेकर पूर्वांचल, बुन्देलखण्ड के किसी जिले में कोई फैक्ट्री या कम्पनी नहीं लगी। भाजपा सरकार ने महंगाई, बेरोजगारी से जनता को कोई राहत नहीं दी। सरकार के फैसलों से युवाओं की नौकरियां छिन गयी। भर्तियों के पेपर लीक हो गये। भाजपा ने जानबूझकर पेपर लीक कराये। नौजवान निराश और हताश हो गया है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही सरकारी विभागों में सब खाली पद भरे जाएंगे। युवाओं को लाखों नौकरियां दी जायेंगी। सपा प्रमुख का मुस्लिम वोटरों के हित में कुछ नही बोलना चर्चा का विषय बना हुआ है,बता दे लोकसभा श्रावस्ती और विधान सभा गैसडी में मुस्लिम वोटरों की संख्या अच्छी खासी है,ये वोटर जिस प्रत्यासी के पक्ष में एक तरफा मतदान करते उनकी जीत जरूर होती है,मुस्लिम वोटर कई चुनाव में सपा को वोट करते आए है,आज मुस्लिम समाज अपने को हाशिए पर समझ रहा है,उनको उम्मीद की किरण उनके हित की बात करने वाले को अब समझने लगे। चारो ओर इस बात की चर्चा हो रही है। जनसभा में लोकसभा और विधान सभा उप चुनाव के इंडिया गठबंधन के नेता पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पीलीभीत सपा प्रदेश अध्यक्ष से मिलकर जिला अध्यक्ष के बदलाव को उठी माग

● जिला अध्यक्ष के पद के लिए किया आवेदन सपा प्रदेश अध्यक्ष से मिले इश्तियाक मंसूरी

**पूरनपुर/पीलीभीत** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के द्वारा नरेश उत्तम पटेल को उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पद से पदमुक्त करते ही जनपद पीलीभीत में जिला अध्यक्ष पद के आवेदन के लिए लाइन लग कर आवेदन होने लगे है।आपको बता दें कस्बा बीसलपुर जनपद पीलीभीत के रहने वाले पुराने एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी इश्तियाक मंसूरी उर्फ नन्हे चौधरी ने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलकर पीलीभीत के लिए अपना अध्यक्ष पद का आवेदन सौपा और उन्होंने कहा बीते तीन सालों में जगदेव सिंह जग्गा के नेतृत्व में हुए अब तक के चुनाव में समाजवादी पार्टी को गलत रणनीति एवं गलत प्रत्याशियों के चयन पर हार का मुंह देखना पड़ा है। एवं सैकड़ो कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी को छोड़कर अन्य दलों में शामिल हो गए ऐसे में



जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा को हटाना जरूरी है।उनके आवेदन से जनपद पीलीभीत की राजनीति में खलबली मची हुई है। वहीं युवा एवं पुराने कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर देखी जा रही है।

# वोट नहीं तो दवा नहीं, चार साल के मासूम की हो गयी मौत

**लोहचा अस्पताल प्रभारी मनीष बाजपेयी मरीजों के इलाज से ज्यादा राजनीति में रुचि रखते हैं। गाँव देहात से आने वाले मरीजों पर रौब दिखाना उनका शौक है। लंबे समय से सीएचसी में जमे मनीष पर कोई नियम कायदे लागू नहीं होते हैं। लिहाजा मरीजों के इलाज में हो रही लापरवाही से अक्सर मरीजों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है।**




स्वतंत्र प्रभात

**अचलगंज (उन्नाव)।** कस्बे के अजय कुमार साहू के चार साल के बेटे अंश की मंगलवार को दोपहर दो बजे एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी।

बताते चलें कि अंश को सोमवार रात दो बजे उल्टी और पेट दर्द की समस्या हुई तो घर वाले सीएचसी अचलगंज लेकर गए, लेकिन वहां कोई डॉक्टर मौजूद नही मिला। वहां मौजद किसी ने दवा दी। घर आये आराम नही मिला तो सुबह सात बजे फिर ले गए, ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर मनीष बाजपेयी ने पहले वोट डालने की सलाह देते हुए कहा कि पहले वोट डालो फिर मिलेगी दवा, अजय साहू ने बताया कि तुरंत पोलिंग बूथ पर जा कर वोट डाली उसके बाद दवा लेने पहुँचे तो डॉ मनीष ने कहा कि बच्चे की हालात ज्यादा गंभीर है इसे तुरंत जिला अस्पताल ले जाइए और दवा देने से मना कर दिया। अजय को लगा कि कही जिला अस्पताल में भी वोट डालने के बाद ही दवा मिले इसलिए पत्नी को वोट की लाइन में लगा दिया। वोट डालने के बाद पत्नी के साथ जिला अस्पताल पहुँचे तो वहां भी कोई डॉक्टर नहीं मिला। काफी देर भटकने के बाद निराश अजय बेटे को लेकर एक निजी अस्पताल पहुँचे और भर्ती कराया। चौबीस घंटे इलाज चलने के बाद बेटे की मौत हो गई। बदहवाश अजय टकटकी लगाए बेटे को खोज रहे हैं। पूछने पर कहते हैं कि सीएचसी में सही समय पर इलाज या कही रिफर कर दिया गया होता तो आज हमारा बेटा जिंदा होता।

## नम आंखों से लोगों ने दी मनीषा दीपक को श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात



**उन्नाव।** विगत दिवस शहर के नन्दन वन में सपा नेत्री मनीषा दीपक की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें आए हुए सभी लोगों ने स्मृति शेष श्रीमती दीपक के चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

सपा की राष्ट्रीय सचिव पूर्व सांसद अनू टंडन ने कहा कि श्रीमती दीपक का जीवन तमाम महिलाओं के लिए प्रेरणा है, उन्होंने घर परिवार के साथ ही साथ राजनीति विरासत को संभाला था। ज्ञात हो कि पशुधन मंत्री स्व मनोहर लाल के पुत्र विधायक स्व दीपक कुमार की पत्नी मनीषा दीपक का तीन वर्ष पूर्व कोरोना काल में उपचार के दौरान निधन हो गया था, जबकि पूर्व सांसद एवं विधायक दीपक कुमार का 2014 में निधन हो गया था जिसके बाद मनीषा दीपक ने अपने पति की राजनीतिक विरासत को संभाला और लगातार जनता के बीच रह कर अपनी पहचान बनाई थी। उसके साथ ही साथ अपने परिवारिक उत्तरदायित्व के साथ अपनी परिवारिक राजनीतिक विरासत को बड़ी शिद्दत के साथ संभाले रखा। मनीषा दीपक के ज्येष्ठ पुत्र डॉ अभिनव कुमार, अपने बड़े पापा पूर्व विधायक रामकुमार एडवोकेट के दिशा निर्देश पर राजनीतिक विरासत संभाल रहे हैं। विगत दिवस नन्दन वन प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगो की भीड़ रही। बीके रामपाल ने ने कहा कि बृम्हकुमारी परिवार स्व मनीषा दीपक के प्रति ॠणी रहेगा, क्योंकि नन्दन वन की स्थापना के लिए शासन से प्राप्त भूमि उन्हीं के सदप्रयासों से मिलीं है, जिसके लिए बृम्हकुमारी परिवार सदैव उनका आभारी रहेगा।

## रिश्वत न मिलने पर नहीं हुआ जिला अस्पताल में उपचार

स्वतंत्र प्रभात




**उन्नाव।** जिला अस्पताल में एक गर्भवती महिला को उपचार देने के बजाय महिला स्वास्थ्य कर्मी उसका वीडियो बनाती रहीं। परिजन इलाज की मांग करते रहे, लेकिन स्वास्थ्य कर्मियों ने नहीं सुनी। इसके बाद पूरी घटना का एक वीडियो सामने आया है। सीएमओ ने स्वास्थ्य कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा है। बताते चलें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के खजुरिया बाग कल्याणी देवी निवासी अजय की पत्नी मोनी को मंगलवार की देर रात अचानक पेट में दर्द शुरू हुआ। इसके बाद परिजन उसे सीधे जिला अस्पताल लेकर गए। महिला जिला चिकित्सालय में आरोप है कि उसे उपचार नहीं मिला और जमीन पर दर्द से तड़पती रही। जब उन्होंने इलाज की मांग की तो स्वास्थ्य कर्मी झगड़ा करने पर उतारू हो गई। कई तरह के लगाए गए आरोप साथ में मौजूद एक युवक ने कहा कि ''पैसा देंगे तो इलाज हो जाता पैसा नहीं दे रहे हैं इसलिए इलाज नहीं हो रहा है'' साथ ही तमाम तरह के आरोप लगाए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो कई यूजर्स ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्नाव के स्वास्थ्य महकमे की पोल खुली है और मानवता शर्मसार हो गई। पूरे प्रकरण में कार्यवाहक सीएमओ डॉ हरिनंदन प्रसाद ने बताया कि संबंधित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसकी गहराई से जांच कराई जाएगी, जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## ''सामुदायिक भागीदारी से डेंगू नियंत्रण'' थीम के साथ मनाया जाएगा राष्ट्रीय डेंगू दिवस

स्वतंत्र प्रभात

**उन्नाव।** हर साल 16 मई को किसी न किसी थीम के साथ राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष मनाये जाने वाले राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम ''सामुदायिक भागीदारी से डेंगू नियंत्रण'' है। यह जानकारी कार्य वाहक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. हरिनंदन प्रसाद द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को इस बीमारी से बचाव एवं खतरे के लक्षणों के बारे में जागरूक करना है।

डेंगू सहित अन्य वेक्टरजनित बीमारियां मानसून और उसके आस-पास फैलती हैं क्योंकि यह समय मच्छरों के लिए अनुकूल होता हैं। हम सावधानी बरतकर डेंगू से बच सकते हैं। वृहस्पतिवार को डेंगू दिवस के मौके पर विद्यालयों, अन्य सहयोगी विभागों, रेजिडेन्ट वेल्फेयरे एसोसिएशन व जनसामान्य की सहभागिता के लिए गोष्ठियाँ आयोजित की जाएंगी। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ जेआर सिंह ने बताया कि डेंगू एक मच्छरजनित वायरल रोग है। डेंगू का मच्छर दिन के समय काटता है। यह एडीज एजिप्टाई मच्छर के काटने से होता है और इसकी विशेषता है कि एक बार डेंगू वायरस से संक्रमित होने के बाद जब यह अंडे देता है तो वह अंडे भी डेंगू वायरस से संक्रमित हो जाते हैं। इन अंडों से बनने वाले मच्छर भी संक्रमित होते हैं जो रोग फैला सकते हैं। इसके अंडे एक वर्ष तक जीवत रह सकते हैं। सूखा अंडा पानी पाते ही नए मच्छर तैयार कर देता है। इसीलिए अपने आसपास पानी एकत्रित न होने दें। जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र यादव ने बताया कि डेंगू सहित अन्य वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव के लिए साल में तीन बार स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और हर रविवार को ÷हर रविवार-मच्छर पर वार÷ अभियान चलाकर फॉगिंग, मच्छर रोधी रसायन का छिड़काव, मच्छरों से बचाव के लिए क्या करें क्या न करें पर जागरूक करने के साथ ही मच्छरों के स्रोतों को नष्ट करने सहित अन्य गतिविधियां भी संपादित कराई जाती हैं। जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि डेंगू से बचाव के लिए आवश्यक है कि आसपास जलजमाव होने से रोकें। डेंगू सहित सभी वेक्टर जनित रोगों से बचाव के लिए पूरी बांह के कपड़े पहने द्य सोते समय मच्छरदानी, मच्छररोधी क्रीम या क्वायल का उपयोग करें। घर के दरवाजों और खिड़कियों पर जाली अवश्य लगवाए। यदि कहीं पानी इकट्ठा है, तो उसमें जला हुआ मोबिल ऑयल डाल दें। घर में टूटे हुए टायर, बर्तन आदि को हटा दें ताकि उसमें पानी न इकट्ठा होने पाए द्यएक बात का विशेष ध्यान रखें कि बुखार होने पर स्वयं कोई इलाज न करें। निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच और इलाज कराएं। सामुदायिक भागीदारी और जनजागरूकता से डेंगू पर नियंत्रण संभव है।

## नोटों की कतरन मिलने से मचा हड़कम्प, पुलिस जुटी पड़ताल में

स्वतंत्र प्रभात




**उन्नाव।** थाना क्षेत्र बांगरमऊ में सड़क किनारे बोरी में नोटों की कतरन मिलने की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। हरदोई उन्नाव मार्ग पर गंजमुरादाबाद कस्बे में एक मार्केट के सामने सड़क किनारे लोगों ने प्लास्टिक की सफेद बोरी बंधी देखी। खोलकर देखा उसमे 500, 200 और 100 रुपये के नए नोटों की कतरन भरी देखी। कतरन की कटिंग ऐसी है जैसे किसी मशीन से काटी गई है।

बताते चलें कि बांगरमऊ थाना क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई रोड के गंजमुरादाबाद कस्बे के मशरूम प्रधान के मार्केट के सामने राहगीर को एक प्लास्टिक सफेद रंग की बोरी पड़ी देखी तो उसमे कागज भरे हुए थे राहगीरों ने उस बोरी को जब खोलकर देखा तो उसके होश उड़ गए बोरी में 100, 200 और 500 के पुराने नोटो की कतरन भरी हुई थी। राहगीरों ने इसकी जानकारी पुलिस और अधिकारियों को दी। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने इसकी जानकारी अधिकारियों को दी। एसडीएम बांगरमऊ नम्रता सिंह ने बताया कि इसकी जांच कराकर उस आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। चर्चा सुनकर बड़ी संख्या इसे देखने के लिए लोगो को भीड़ जमा रही।

संज्ञान में आया है जांच की जाएगी- सीओ इनमें कुछ लोग कतरन निकाल भी ले गए। बोरी यहां कैसे पहुंची इसका अभी पता नहीं सका है। हालांकि तब वह करेंसी से चलन से बाहर हो चुकी थी। वहीं इस बार मिली कतरन वैध करेंसी की है। वहीं चुनावी खुमारी उतार रही पुलिस का न पहुंचना भी लोगों में चर्चा का विषय बना है। एसएचओ राजकुमार ने मामले की जानकारी नहीं होने की बात कही है। सीओ अरविंद कुमार ने कहा कि संज्ञान में आया है जांच की जाएगी।

## इंस्टाग्राम पर बच्चे को रील्स दिखाने पर हुआ विवाद, मारपीट में कई घायल

स्वतंत्र प्रभात

**उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रहमत नगर मोहल्ले में रहने वाला एक युवक इंस्टाग्राम पर रील देख रहा था, तभी पड़ोस में रहने वाले एक बच्चे ने अपने घर में बताया कि युवक ने उसे अश्लील वीडियो दिखाएं। जिस पर विवाद हो गया। इस दौरान जमकर लाठी डंडे चले। जिससे महिला समय तीन लोगों को गंभीर चोटें आई। घायलों को इलाज के लिए पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रहमतनगर के रहने वाले अमित गुप्ता नगर कस्बा में पानी के बताशे का ठेला लगाते हैं। अमित गुप्ता ने बताया कि मोहल्ला के ही रहने वाला है। 11 वर्षीय किशोर उनकी दुकान पर आता रहता था। खाली समय में वह इंस्टाग्राम पर वीडियो देखता था। बीती रात किशोर घर पहुंचा और अपने पिता से बताया कि अमित उसे मोबाइल में उसे अश्लील वीडियो दिखाते हैं। यह बात सुनकर किशोर का पिता दुकान पर पहुंचा ओर अमित की पिटाई कर दी। दुकान बंद करने के बाद रात अमित अपने भाई उमाशंकर के साथ इस बात का विरोध करने पहुंचा तो किशोर के पिता ने अपने साथियों के साथ मिलकर उमाशंकर, अमित और उसकी मां गोमती को लाठी डंडों से जमकर पीट दिया, जिससे तीनों घायल हो गए। घायल अवस्था में तीनों कोतवाली गंगा घाट पहुंचे जहां पुलिस ने उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने सभी का प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल परीक्षण किया। पीड़ित अमित ने बताया कि उन पर झूठा इल्जाम लगाकर मारा पीटा गया है लिखित शिकायत देकर मुकदमा दर्ज करने के साथ कार्रवाई की मांग की है।

## कलयुगी चाची ने प्रेमी संग मिलकर मासूम को उतारा मौत के घाट



**- एसपी सिटी ने किया पत्रकार वार्ता में खुलासा**

स्वतंत्र प्रभात

**सहारनपुर।** कलयुगी चाची ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर 05 वर्ष की बच्ची को मौत के घाट उतारकर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए कलयुगी चाची व उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। एसपी सिटी अभिमन्यू मांगलिक ने पत्रकार वार्ता में पत्रकारों को बताया कि सहारनपुर के एसएसपी के द्वारा उक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेकर हत्या की घटना का सफल अनावरण एंव इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु दिशा निर्देश दिए गए। इसी आदेश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सन्दीप कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना गागलहेडी पुलिस टीम द्वारा दिनांक 14 मई 2024 को मृतक बच्ची की चाची वर्षा पत्नी विकास नि0 ग्राम भाभरी थाना गागलहेडी व उसके प्रेमी शुभम पुत्र गौतम नि0 ग्राम भाभरी थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर गिरफ्तार किया गया। एसपी सिटी अभिमन्यू मांगलिक ने बताया कि पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्तगण उपरोक्त ने एक स्वर में बताया कि हम दोनो का पिछले 05-06 वर्षो से अवैध संबंध है जिसकी जानकारी हमारे परिवार जनो व गाँव के लोगो को भी है। अभियुक्त शुभम ने बताया कि मैं ग्राम करौन्दी थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार में होटल होमटैल में कार्य करता हूँ। परिवार के सभी लोग लगातार हमारे बीच बने अवैध सम्बन्धों का विरोध करते थे लेकिन विरोध के बावजूद भी हम दोनो मौका मिलते ही चोरी छिपे मिलते रहते थे। इस कारण सचिन कपूर की मेरे साथ कहासुनी हुई और मुझे धमकाया भी था।इसी कारण में सचिन से रंजिश रखने लगा था। 12 मई 2024 को वर्षा से मिलने उसके घर आया हुआ था जहाँ सचिन की पुत्री ने हम दोनो को देख लिया। मेरे व वर्षा दोनो ने क्रोध में आकर उसकी हत्या कर दी और शव को छुपा दिया और मैं वर्षा के घर से चला गया। अगले दिन जब पुलिस डॉग स्कवायड के साथ आयी तो वर्षा ने डर के कारण घर में बने रोशदान से शव को बाहर फेंक दिया था।

## तीन नवर्निमित कक्षाओं का राउन्ड टेबल के पदाधिकारियों ने रीबन काटकर उद्धाटन किया

स्वतंत्र प्रभात



**सहारनपुर।** सहारनपुर राउंड टेबल 368 के सहयोग से प्राथमिक विद्यालय चिलकाना नं.-1 के जर्जर भवनों निर्माण कार्य पूर्ण होने पर आज नवनिर्मित भवनों का उद्घाटन संस्था पदाधिकारियों व स्कूल स्टॉफद्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्राथमिक विद्यालय चिलकाना नं 1 के स्कूल प्रांगण में तीन नए कक्षाओं के नवनिर्मित क्लासरूम का उद्घाटन सहारनपुर राउंड टेबल 368 के सदस्यों के माता-पिता के द्वारा किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में वैभव जैमिनी, जिला समन्वयक निर्माण, बेसिक शिक्षा विभाग सहारनपुर एवं प्राथमिक विद्यालय चिलकाना भी उपस्थित रहें। सहारनपुर राउंड टेबल इंडिया के चेयरमैन अर्चित जैन ने कहा कि उनकी संस्था एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर की संस्था है और पूरे भारत में आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में पूरी मदद करती है। संस्था का मुख्य लक्ष्य ÷फ्रीडम एजुकेशन÷' है,जिसके अंतर्गत

प्राथमिक विद्यालय चिलकाना नंबर 1 की प्रधानाचार्या शालू जैन नें बताया' कि उनके प्राथमिक विद्यालय में इस समय 165 बच्चें पढ़ रहें हैं। विद्यालय भवन जर्जर हालत में था। उन्होंने सहारनपुर राउंड टेबल के सदस्यों से बात की और स्कूल में आकर स्कूल की पुरानी इमारत व क्लासरूम की स्थिति देखकर सहारनपुर राउंड टेबल के सदस्यों ने विभाग सें 3 कमरों की अनुमति लेकर 28 सितंबर 2023 को 3 कमरों का निर्माण शुरु करवा दिया था जोकि एक सराहनीय कदम था।

उद्घाटन कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन अंशुल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मानिक ठकराल, उपाध्यक्ष अचरज सिंघल, ऋषि मनचंदा, सजग सचदेवा, यश कालड़ा, सिद्धार्थ गुप्ता, पुनीत सड़ाना, पंकज ग्रोवर, केशव चुग, वरुण अग्रवाल, आशीष चाचरा, अभिनव जैन, प्राक्षेय चाचरा, जीनस गाबा, आशीष जैन, आयुष अग्रवाल, अरिहंत जैन,डॉ0 सर्मथ गुप्ता, आदि के सदस्यों के अलावा एस.पी. सिटी अभिमन्यू मांगलिक, एएसटी-18 अमीश मेहरा एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित रहें।

## नजूल संपत्तियों को व्यापारियों में उबाल

**सहारनपुर।** सरकार द्वारा नजूल संपत्तियों को लेकर जारी किए गए अध्यादेश पर विचार विमर्श के लिए सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा एक बैठक का आयोजन बाजार शहीदगंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल के कार्यालय पर किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए ष्महानगर अध्यक्ष राजकुमार मक्कड़ ने कहा कि सरकार द्वारा जारी किए गए अध्यादेश को लेकर प्रभावित लोगों में अत्यधिक रोष एवं पीड़ा व्याप्त है। पिछले कई दशकों से व्यापारी,उद्यमी एवं आम लोग नजूल की संपत्तियों का उपयोग व्यापारिक औद्योगिक एवं रिहायशी रूप में करते आ रहे हैं। समय-समय पर विभिन्न सरकारों द्वारा फ्री होल्ड की नीति लाकर इन संपत्तियों का स्वामित्व लोगों को दिया जाता रहा है। परंतु लोकहित के लिए समर्पित समझे जाने वाली सरकार द्वारा जारी इस अध्यादेश से लोग सकते में हैं। चुनाव से पूर्व ही प्रभावित लोगों द्वारा व्यापार मंडल के माध्यम इस विषय पर लोकसभा के प्रत्याशी व अन्य प्रतिनिधियों से चर्चा करने को कहा था। परंतु चुनाव पर इसका विपरीत असर न पड़े इसीलिए व्यापार मंडल के सभी जिम्मेदार लोगों ने उनको समझाया था कि चुनाव के पश्चात इस विषय पर सरकार से बात की जाएगी। बैठक में नेहरू मार्केट से अध्यक्ष नरेश कुमार ,मुकेश मदान, विशाल लूथरा, विजय कुमार ,हरीश डंग,अमित वता, शहीदगंज से अभिनव अग्रवाल, अमित बांगा, अरुण नागपाल, प्रताप मार्केट से संदीप ठकराल, पंकज कालड़ा ,आवास विकास से अमित गर्ग ,सुभाष सैनी राहुल गांधी, लोहानी सराय से अश्वनी अरोरा, सहित सरदार प्रीतम सिंह पम्मी ,अजय ठकराल, महावीर बाजार से विजय चादना, विवेक गाबा, राकेश गांधी आदि लोग मुख्य रूप से शामिल थे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## नौटंकी में नशेड़ियों में जमकर मारपीट, एक घायल

**असोहा (उन्नाव)।** थाना से मात्र कुछ दूरी पर हो रही नौटंकी में नशेड़ियों में जमकर मारपीट हो गई, जिसमें एक घायल हो गया। बताते चलें कि असोहा थाना से मात्र कुछ दूरी पर कूटी बीर बाबा के मेले में हो रही नौटंकी में नशेड़ियों में नृत्यांगनाओं को अपने पास नचाने में मारपीट हो गई, जिसमें एक शख्स को चोट भी आयी है। मामला थाने भी पहुंचा घायल ने नामजद तहरीर दिया है। अब सवाल यह उठता है कि थाना की नाक के नीचे नौटंकी हो रही थी और चुनाव को अभी दो दिन ही बीते है तो ऐसे में नौटंकी की परमीशन किसने दिया और परमीशन दिया तो वहां पुलिस की व्यवस्था थी कि नहीं अगर थी तो फिर मारपीट कैसे हो गयी पुलिस क्या कर रही थी, फिलहाल समाचार लिखे जाने तक एफआईआर नहीं लिखी गई थी।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर लुटेरों का गैंग

**उन्नाव।** थाना कोतवाली सफीपुर एवं माखी क्षेत्र में लूट की कई घटनाओं को अंजाम देने वाला शातिर लुटेरा गैंग माखी पुलिस के हत्थे चढ़ा। बताते चलें कि सफीपुर क्षेत्राधिकारी ऋषि कांत शुक्ला के नेतृत्व में माखी थाना प्रभारी प्रभारी संदीप मिश्र ने सर्विलांस की मदद से एसआई असलम, सर्विलांस के मुख्य आरक्षी राधेश्याम एवं सौरभ मिश्रा, आरक्षी मुकेश मिश्र एवं नीतीश कुमार की पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्र के शातिर लुटेरे आदर्श सिंह पुत्र कप्तान सिंह, अभिषेक पुत्र बउआ पुत्र सत्य कुमार निवासी लहबरपुर को चोरी की बाइक, लूटे गए मोबाइल, नगदी के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। अभियुक्तगणों से पूंछतांछ में गिरोह के अन्य सदस्य थाना सफीपुर के देवगांव एवं माखी थाना क्षेत्र के लहबरपुर गांव के प्रकाश में आए है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। थाना प्रभारी माखी संदीप मिश्रा के अनुसार गिरोह के अन्य सदस्यों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी।

## करेंट की चपेट में आकर युवक की मौत

**उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में एक युवक अपनी ससुराल गया और वहां बिजली का पंखा लगाते वक्त कारण की चपेट में आ गया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई ससुरालीजन उसे अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया मौत के बाद कोहराम मच रहा। बताते चलें कि बांगरमऊ के गांव गौरा निवासी 30 वर्षीय आशिफ पुत्र शमीम अपनी ससुराल गांव सुरसेनी गया हुआ था। बताया गया है जहा से बीती शाम वह पत्नी के साथ मेला देखने फतेहपुर चौरासी क्षेत्र गया। जहां से देर रात फिर ससुराल लौट आया। तभी सोने की तैयारी करते समय फर्राटा पंखे का प्लग बोर्ड में लगाते समय वह करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। करंट लगते ही अन्य लोग में चीख पुकार मच गई। घटना के समय किसी तरह अन्य सुसराली जनों ने उसे तार से अलग कर बांगरमऊ के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां के डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन शव लेकर घर चले गए। मृतक का एक वर्ष पूर्व विवाह हुआ था जिससे पत्नी कहकसा समेत अन्य परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है। ससुराल में मोहल्ले के लोगों ने बताया कि आसिफ मिलनसार था और उसका स्वभाव ठीक था। रात होने के चलते शव का अंतिम संस्कार नही हो पाया है और परिजनो द्वारा किसी प्रकार की कानूनी सहायता आदि भी नही ली जाती दिखी है।

## जिला कारागार में हालत बिगड़ने से आरोपी की मौत

**उन्नाव।** जिला जेल में मंगलवार की देर रात एक आरोपी की बीपी बढ़ने से हालत बिगड़ गई। जेल प्रशासन द्वारा युवक को इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बुधवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। पुलिस के मुताबिक आरोपी पर सफीपुर की रहने वाली एक महिला ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था इसके बाद से आरोपी जेल में बंद था। बताते चलें कि सफीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने 2 फरवरी को सफीपुर कोतवाली में जेठ शंकर (48) पुत्र हेमराज और अन्य युवक शिवा पर खेत में चारा काटते समय उसे बुरी नीयत से पकड़ लेने व कपड़े फाड़ कर मारपीट करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने जांच कर 10 फरवरी को मामले में छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। जिसके बाद महिला के न्यायालय में बयान हुये और धारा 376डी की बढ़ोतरी हुयी। पुलिस ने आरोपी शंकर को 20 मार्च को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मंगलवार देर रात जिला जेल में शंकर की बीपी बढ़ने से अचानक हालत बिगड़ गयी। जहां जेल के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां बुधवार को शंकर की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

## परिवार रजिस्टर से नाम हटाने का आरोप, पुलिस से शिकायत

**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम सभा महरी निवासिनी मिथिलेश देवी ने अपने पति पर कूटरचित तरीके से परिवार रजिस्टर से नाम हटवाने का आरोप लगाई है। महिला ने मामले में परसामलिक पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। मिथिलेश देवी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाई है कि उनकी शादी महरी निवासी नागेंद्र तिवारी के साथ हुई थी लेकिन पति ने दहेज पूरा नहीं होने का हवाला देते हुए दूसरी शादी रिंकी उर्फ आराध्या तिवारी निवासी बोदना थाना निचलौल के साथ कर ली जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि पति नागेंद्र तिवारी व दूसरी पत्नी के पिता दीनानाथ तिवारी ने धोखाधड़ी से एडियो पंचायत नौतनवां व ग्राम पंचायत अधिकारी अमरेन्द्र पटेल व अशोक पासवान के साथ मिलकर परिवार रजिस्टर से नाम हटवा दिया। मिथिलेश देवी ने पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर जांच कर कार्यवाही की मांग की है। थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है जांच-पड़ताल किया जा रहा है।

## बगलामुखी देवी का प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया



**सहारनपुर।** रेलवे रोड स्थित सिद्धपीठ श्री काली भैरव श्री शिव शक्ति पंचायती मंदिर में आज माता बगलामुखी देवी का प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम विधि विधान के साथ हवन पूजन आरती के बाद 56 प्रकार का भोग लगाकर कन्या पूजन किया गया। भक्तो के द्वारा माता के खुब जयकारे लगाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उसके बाद भंडारे मे लोगो ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। मुख्य पुजारी पंडित गौरव शर्मा(ज्योतिष आचार्य) व आचार्य पंडित नीरज शर्मा ने इस पूरे कार्यक्रम को संचालित किया इस अवसर पर मुख्य यजमान श्री धर्मेन्द्र चौधरी(लेखपाल),मनोज राजपूत,मानव तोमर,राजकुमार चौहान,हरिश छाबड़ा,दीपक बंसल,यशपाल सिंह,आदी लोग मुख्य रूप से व काफी संख्या मे भक्तगण मौजूद रहे।

## ग्रामीण ने विद्युत कनेक्शन न मिलने पर डीएम कार्यालय पर किया आत्मदाह का प्रयास



**सहारनपुर।** विद्युत कनेक्शन न मिलने से सहारनपुर जनपद के गांव शेखपुरा कदीम के एक ग्रामीण ने परेशान होकर आज जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर आत्मदाह करना का प्रयास किया। पुलिस के द्वारा ग्रामीण से केरोसिन की बोतल छीन ली। ग्रामीण का आरोप है कि शेखपुरा कदीम बिजली घर पर तैनात जेई ने 20 हजार रुपये सुविधा शुल्क लेने के बाद भी उसे घरेलू विद्युत कनेक्शन नहीं दिया। पीड़ित की बात सुनकर अपर उप जिलाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से ग्रामीण को कनेक्शन देने के साथ जेई के खिलाफ जांच के निर्देश दिए।जिलाधिकारी को दिये पत्र में राधेश्याम पुत्र तपराज निवासी उन्नति विहार, शेखपुरा कदीम पेपर मिल रोड, सहारनपुर ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसने नये विद्युत कनेक्शन के लिए समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर ली थी लेकिन सम्बन्धित जेई शेखपुरा फीडर ने बीस हजार रूपये सुविधा शुल्क लिए बगैर कनेक्शन न देने की बात कही। उसका आरोप है कि जेई को 20 हजार रूपये भी दे दिये उसके बावजूद भी जेई उसका विद्युत कनेक्शन नहीं दे रहा है, जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में अपर जिलाधिकारी सुरेंद्र यादव ने ग्रामीण का शिकायती पत्र लिया। इसके साथ ही विद्युत निगम के अधिकारियों से वार्ता कर तत्तकाल बिजली कनेक्शन देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सम्बंधत जेई के खिलाफ जांच कर कार्रवाई के लिए कहा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### तहसील परिसर में होमगार्डो ने थाने के चौकीदार को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा रिपोर्ट दर्ज

**पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद दोनों गार्डो को शांति भंग में किया बंद।**

**बरेली/नवाबगंज** तहसील परिसर में दो होमगार्डो ने थाने के चौकीदार को दौड़ा दौड़ा कर पीटा वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने चौकीदार वीरेंद्र कुमार की तहरीर पर होमगार्ड रामपाल गंगवार वीर बहादुर गंगवार के विरोध धारा 323 504 दलित उत्पीड़न एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित के अनुसार सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के बाद वोट ना देना दर्शाया गया है परंतु सूत्रों के अनुसार इस मामले में सच्चाई कुछ अलग दर्शा रही है सूत्रों की मांने तो थाने के चौकीदार ने प्रभारी तहसीलदार नवाबगंज की गाड़ी के आगे अपनी बाइक खड़ी कर दी थी दोनों होमगार्ड द्वारा मना किया गया जिस पर चौकीदार ने हनक दिखाते हुए मन कर दिया जिस पर बाद विवाद बढ़ता गया जो मारपीट में तब्दील हो गया। इसकी किसी व्यक्ति द्वारा वीडियो बनाए जाने के बाद उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया इधर पुलिस ने पीडित चौकीदार की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर दोनों होमगार्ड को शांति भंग में बंद कर दिया है इस घटना की जांच क्षेत्राधिकार नवाबगंज हर्ष मोदी करेंगे विवेचना में आगे की कार्यवाही सुनिश्चित होगी

### भीषण गर्मी से इंसान व पशु पक्षी बेहाल



**लखीमपुर खीरी।** भीषण गर्मी में इंसान ही नहीं पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। पशु-पक्षी जहां छांव ढूंढ़ रहे हैं, वहीं जंगली जानवर पानी का सहारा ले रहे हैं। इन दिनों दुधवा के तालाबों में हाथियों को जल विहार करते देखा जा रहा है। इसके वीडियो और फोटो भी सामने आए हैं। भीषण गर्मी के चलते दुधवा टाइगर रिजर्व प्रशासन तालाबों, कच्चे व पक्के वाटरहोल्स में लगातार पानी भरवा रहा है। इन दिनों सारे वाटरहोल्स और तालाब पानी से लबालब भरे नजर आ रहे हैं। जंगल में पेड़ों की छांव में ठंडे पानी से अपने शरीर का तापमान कम करने के लिए हाथियों के एक झुंड ने तालाब में खूब स्नान किया। काफी देर तक चिंघाड़ते हुए हाथी तालाब में जल विहार करते नजर आए। इस बीच ये हाथी एक दूसरे पर सूंड़ से पानी के फौव्वारे छोड़ रहे थे। पेट्रोलिंग कर रही वन कर्मियों की टीमो ने इस नजारे को देख और अपने कैमरों में कैद किया। दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर ललित कुमार वर्मा ने बताया कि दुधवा के जलाशयों में इस समय बाघ समेत विभिन्न दुर्लभ वन्यजीवों की अच्छी साइटिंग हो रही है। इन दिनों दुधवा और किशनपुर सेंक्चुरी में भ्रमण पर आ रहे सैलानियों को जलाशयों के आसपास बाघ, बाराहसिंगा हिरन समेत अन्य दुर्लभ वन्यजीवों के खूब दीदार हो रहे हैं। साथ ही जलाशयों में कलरव करते स्थानीय पक्षियों की चहचाहट से सैलानी मंत्रमुग्ध हो रहे हैं।

### सड़क पर मिला युवक का शव, गले पर रस्सी से कसे जाने का निशान, हत्या की आशंका

**लखीमपुर खीरी** के थाना ईसानगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत लौकाही मल्लापुर के मजरा खजुहा निवासी 45 वर्षीय राम विजय का शव बुधवार को गांव के पास सड़क पर मिला। गले पर रस्सी से कसे जाने की निशान पाए गए। शरीर पर चोट के निशान भी मिले। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है।पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के भाई उत्तम ने बताया कि राम विजय की शादी नहीं हुई थी। भाई का गांव में ही रहने वाली रिश्तेदार महिला के घर आना जाना था। आरोप है कि रिश्तेदार महिला ने अपने बेटों के साथ मिलकर राम विजय की रस्सी से गला कसकर हत्या कर दी और शव सड़क पर डाल दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अतुल कुमार बाजपेई पुत्र श्री रमेश चंद्र बाजपेई निवासी मोहल्ला गंगोत्री नगर लखीमपुर जिला खीरी का है मेरा नाम आधार कार्ड व अंक पत्र पर अतुल कुमार बाजपेई अंकित है। लेकिन त्रुटिबश मेरे ड्राइविंग लाइसेंस पर अतुल कुमार लिख गया है जिसका संशोधन कर अतुल कुमार बाजपेई अंकित किया जाए।

# आखिर कब तक चलेगी जांच, और कब होगी दोषियों पर कार्यवाही

**● - न स्टीमेट और ना प्रस्ताव ना ही स्वीकृत बजट और बदल दी गई 11000 विद्युत लाइन**

**शटडाउन किसने लिया लॉग बुक पर बने हस्ताक्षर अनुसार**

**किस सक्षम अधिकारी के आदेश से एयरटेल टावर को दी गई प्राइवेट लाइन में जोड़ी गई उक् लाइन**




स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** थाना क्षेत्र ईसानगर के अंतर्गत मुराउवा गांव के राकेश कुमार संविदा विद्युत कर्मी ने बेल्तुआ विद्युत उपकेंद्र के एसडीओ और जे ई समेत लाइनमैन अशोक साहू पर व्यापारी सुनील कुमार मौर्य से ?200000 बतौर रिश्वत राशि लेकर सुनील कुमार मौर्य की दुकानों के ऊपर से निकली 11000 विद्युत लाइन को बगैर किसी सर्वे व प्रस्ताव तथा एस्टीमेट बनाए और बगैर बजट स्वीकृत कराए नियम कानून को ताक पर रखकर बदल दिए जाने के गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत जिला अधिकारी खीरी सहित मुख्यमंत्री के पोर्टल पर करके मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। इतना ही नहीं शिकायतकर्ता ने जे ई व एसडीओ के संरक्षण में उपरोक्त लाइन को एयरटेल टावर के लिए दी गई प्राइवेट लाइन से जोड़ दिये जाने की भी बात कही है।।बताया जाता है कि उक्त लाइन से लगभग 60 से 70 गांव को विद्युत की आपूर्ति की जाती थी ।बताते चलें की घटना दिनांक 18 फरवरी 2024 की है जब पूर्व योजित योजना बद्ध तरीके से जे ई सुधीर कुमार गुप्ता ,एसडीओ और अशोक कुमार साहू लाइन मैंन एक राय होकर सुनील कुमार मौर्य के दुकानों पर से निकली 11000 विद्युत लाइन का आनंन-फानन में स्थान परिवर्तित कर डाला गया ।वह भी बिना सर्वे और बगैर प्रस्ताव तथा एस्टीमेट के बिना पास कराए ही पूरी 11000 लाइन का स्थान परिवर्तन कर दिया गया। और उक्त लाइन को एयरटेल टावर को दी गई प्राइवेट लाइन में जुड़वाकर नियमों के चीथड़े उड़ा कर रख दिए। इस फर्जी वाडा का खुलासा होने व मामला मीडिया में सुर्खियां बनने पर अपनी व अपने चहेतों की गर्दन फंसते देख घटना के जिम्मेदार जे ई सुधीर कुमार गुप्ता का स्थानांतरण करते हुए आन पेपर दोषी अशोक कुमार साहू लाइनमैन को संजीवनी दे दी गई ।और संविदा कर्मी राकेश को बालिका बकरा बना दिए जाने का मामला चर्चा का विषय बना है। उक्त मामले की धरातलीय पड़ताल करने पहुंची स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र की टीम को मामला विद्युत विभाग द्वारा गढी गई कहानी से ठीक उल्टा दिखाई पड़ा। व्यापारी सुनील कुमार से जानकारी लेने पर उसने ?200000 देकर लाइन हटवाए जाने की बात तो बताई ही साथ ही साथ जे ई सुधीर कुमार गुप्ता को ?100000 नगद देने का गंभीर आरोप भी लगाया।जो यह सिद्ध करने को काफी है कि उक्त लाइन जे ई व एसडीओ के संरक्षण व संज्ञान में बदली गई और इसके एवज में ली गई सुविधा शुल्क का एक भाग ऊपर तक जाने के चलते आनंन-फानन में संविदा कर्मी को बलि का बकरा बनाते हुए अन्य सभी जिम्मेदारों को बचाने का प्रयास जारी है। मामले को शांत करने के लिए जे ई सुधीर कुमार गुप्ता को शारदा नगर स्थानांतरित कर दिया गया। लेकिन यह खेल कई प्रश्नों को जन्म दे गया । क्या उपरोक्त 11000 लाइन एक आदमी बदल सकता है जवाब आता है नहीं, हर कोई यही कहेगा नहीं बदल सकता है। उक्त लाइन कई लोगों द्वारा बदली गई होगी ।तो फिर अकेले राकेश कुमार के विरुद्ध ही कार्रवाई क्यों? शटडाउन किसने लिया यह लाग बुक पर बने हस्ताक्षर से पता चलता है ।और उनके इस घटना में शामिल होने की पुष्टि करने को काफी हैलाग बुक पर बना हस्ताक्षर। तो फिर अशोक साहू पर मेहरबानी क्यों? सबसे अहम सवाल तो यह है आखिरकार बार-बार अपने स्टेटमेंट क्यों बदल रहे जे ई विद्युत सुधीर कुमार गुप्ता साहब घटना के समय समाचार पत्र को दिए गए वर्जन में जे ई साहब ने प्रस्ताव व एस्टीमेट पास होने की बात कही थी। और यही बात इक्सईनऔर एसडीओ ने भी कही थी। और अब बगैर प्रस्ताव ब बगैर एस्टीमेट लाइन बदले जाने की बात क्यों कहीं जा रही है? आखिर घटना के समय मीडिया द्वारा पूछे जाने पर कल एसडीओ द्वारा भी फर्जी झूठा एवं भ्रामक स्टेटमेंट क्यों दिया गया? की प्रस्ताव एस्टीमेट पास है इनका सबका यह क्रत्य सिद्ध करता है की दाल में कुछ काला ही नहीं बल्कि संपूर्ण दाल ही काली है। संवाददाता द्वारा मामले से जुड़ी जानकारी सूचना अधिकार अधिनियम से चाही है ।और सूचना मिलने के बाद होगा दूध का दूध और पानी का पानी। तथा उक्त मामले की लिखित शिकायत मुख्य अभियंता विद्युत वितरण निगम व अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड सहित एम डी मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लखनऊ से कर दोषियों पर कार्यवाही किए जाने की मांग करते हुए संवाददाता ने मामले की उच्च स्तरीय जांच टीम गठित करके जांच करवाए जाने तथा जांच में दोषी पाए जाने वाले विद्युत कर्मी एवं अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग किए जाने की बात कही है। इस संबंध पर जब अधीक्षण अभियंता विद्युत राम शब्द से जानकारी चाही गई तो कई बार फोन करने के बाद घंटी बजती रही उनका फोन नहीं उठा जिस कारण उनके पक्ष की जानकारी नहीं मिल सकी।

# मतदान के बाद जीत-हार पर लगने लगे दांव, चौक-चौराहों पर चुनाव की चर्चा जारी

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी।** कौन जीतेगा, किसकी होगी हार, कस्बे से लेकर गांव तक अब चुनाव पर ही चर्चा लोकसभा चुनाव लखीमपुर खीरी का खत्म हो गया हैं, लेकिन चुनाव को लेकर चर्चा और चकल्लस का दौर जारी है। लोकसभा मतदान के बाद अब जीत-हार के कयास लगने शुरू हो गए हैं और इसके साथ ही प्रत्याशियों पर दांव भी लगने लगे हैं। चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार व राजनीतिक दल अपने समर्थकों से क्षेत्रवार मतदान व वोटों के आंकड़ों को जुटाने में लग गए हैं, तो कहीं धोखे व पाला बदलने की भी खबरें सामने आ रही है। कोई कहता है कि 4 जून तक सब सामने आ जाएगा

होटल, पान दुकान, सार्वजनिक चौक-चौराहों, चाय की टपरियों में अब पार्टियों के कार्यकर्ता के साथ-साथ चुनाव में दिलचस्पी रखने वाले लोग भी अपने-अपने आंकड़े बताकर जीत का दावा-प्रतिदावा



कर रहे हैं।जीत-हार के दावों के बीच अब कोई शर्त लगाने की भी चुनौती दे रहा है। एक ओर सपा के समर्थक जीत के आंकड़े गिना रहे हैं तो दूसरी ओर बीजेपी के समर्थक केंद्र सरकार की योजनाओं के बल पर जीत के लिए आश्वस्त हैं।?

**सबकी जुबां पर चुनाव की चर्चा**

हालांकि सभी की जुबां पर चुनाव की चर्चा है।कौन जीतेगा, कौन हारेगा और कौन रहेगा दूसरे नम्बर पर, किसका दबदबा रहेगा तथा जीत-हार में कितना अंतर होगा। देश में किसकी सरकार बनेगी तथा किस पार्टी को कितनी सीटें मिलेंगी, इस पर भी लोग मोल-भाव कर रहे हैं। शांतिपूर्ण संपन्न हुए चुनाव के बाद अब सभी के जुबान में हार-जीत की समीक्षा का दौर तेजी से शुरू हो गया है. वहीं राजनीतिक पंडित भी अपना गुणा-भाग कर चुनावों के परिणाम निकालने लगे हैं और जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा, इस पर भी हर घंटे लोगों के दावे बदलने लगे हैं। दूसरी ओर मतदाताओं की चुप्पी ने भी प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों को सोचने पर मजबूर कर दिया है।

# दबंगों की दबंगई, चोरी से आम के फलदार पेड़ काटने का आरोप, विरोध करने पर गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी, शिकायत

स्वतंत्र प्रभात

**मैगलगंज-खीरी।** मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र के खखरा गांव स्थित खेत में खड़े आम के फलदार पेड़ को चोरी से काट दिया गया। जानकारी होने के बाद पेड़ स्वामी के मौके पर पहुंचने पर लकड़कट्टो ने उसे घेरते गाली गलौज कर जान माल की धमकी देते हुए फरार हो गए। पेड़ स्वामी ने गांव के ही दो लोगों के विरुद्ध मुख्यमंत्री पोर्टल पर इस मामले की शिकायत की है।

खखरा गांव निवासी सुभाष पुत्र बुलाकी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए कहा है कि उसके खेत में आम के दो फलदार पेड़ खड़े थे। आरोप है कि गांव के ही मनोज उर्फ मिर्चू व शिवप्रसाद द्वारा मंगलवार रात एक पेड़ चोरी से काट लिया गया। जानकारी होने के बाद जब वह रात



में ही मौके पर पहुंचा तो उक्त लोगों ने उसे घेरते हुए गाली गलौज कर जानमाल की धमकी दी। प्रार्थी के शोर मचाने पर उक्त दोनों लोग भाग गए। पीड़ित ने बताया कि उक्त दोनों लोग दबंग किस्म के व्यक्ति हैं जो लकड़ी कटान का काम करते हैं। पीड़ित ने स्थानीय पुलिस को उक्त दोनों लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है, स्थानीय पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है।

इस बावत इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने बताया कि पेड़ कटान से संबंधित मामले में वन विभाग को कार्रवाई करनी चाहिए, यदि इस मामले में गाली गलौज व जानमाल की धमकी दी गई है तो तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### दो वाहन चोर पकडे

**मथुरा।** थाना हाईवे पुलिस ने दो वाहन चोरों को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। रविन्द्र सिंह पुत्र यशपाल सिंह निवासी बोरपा थाना मगोर्रा हाल निवासी आनन्द वन फेस वन थाना हाईवे, रविन्द्र पुत्र रतन सिंह निवासी आखोली थाना डींग जिला भरतपुर राजस्थान को सिटी होस्पीटल कट राधावैली के पास से एक चोरी की हीरो पैशन प्रो मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त रविन्द्र सिंह, रविन्द्र से बरादमगी के आधार पर थाना हाईवे पर सीआरपीसी, आईपीसी का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# एक सप्ताह से बंद पड़ी विद्युत सप्लाई ग्रामीण परेशान नहीं हो रहीकार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात





**बरेली/विकासखंड** भदपुरा की ग्राम पंचायत नवादा इमामाबाद के मजरा गांव डडिया मिश्र मैं एक सप्ताह से विद्युतीय आपूर्ति नहीं हो रही है इस भीषण गर्मी में ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है ज्ञात रहे इस गांव के लिए नवाबगंज बिजली घर से विद्युत आपूर्ति की जाती है जो आंधी तूफान आने के कारण 11000 लाइन के तार टूट कर जमीन में गिर गए जिन्हें एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी विभाग ने ठीक करने की जनमत नहीं जुटा है।

जिसका खामियाजा ग्रामीण इस भीषण गर्मी में खेल रहे हैं ग्रामीणों का आरोप है उन्होंने कई बार इस शिकायत को बिजली विभाग के अधिकारियों से की परंतु उन्होंने कोई भी गौर नहीं किया विभाग की उदासीनता के चलते ग्रामीणों को बिजली का लाभ नहीं मिल पा रहा है जब के अभी 2 दिन पूर्व जिला अधिकारी ने गर्मी को देखते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों से बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए थे परंतु यहां पर जिला अधिकारी का आदेश भी लागू नहीं हुआ क्योंकि यह स्थान देहात में पड़ता है इसलिए स्तर पर विभाग के अधिकारी गौर नहीं करते हैं।

# मथना मजार शरीफ गाजी बाबा, व मस्तान मियां साहब की मजार पर अब जाना नहीं आसान

**● - मेन गेट पर जड़ा ताला लोगों को दुश्वारियों का करना पड रहा सामना**

स्वतंत्र प्रभात




**लखीमपुर खीरी।** मथना शरीफ स्थित अलीगंज रोड लखीमपुर खीरी की मजार शरीफ गाजी बाबा व मस्तान मियां साहब की मजार पर दूर दराज से लोग आते हैं।मजार तक जाने के लिए पक्की सड़क का निर्माण 30-35 वर्ष पुराना है जिसका प्रयोग आम अवाम मुख्य सड़क मार्ग के रूप में कर रही है मजार शरीफ के आस पास गांव विशनूपुर,मथना, देवकली, सैदापुर के आदि लोगों अपने वाहन से आकर मजार पर पानी पीना रूकना वाहन खड़े करते थे करीब एक माह पूर्व गाजी बाबा की कमेटी के लोगों ने मजार शरीफ आने-जाने का सार्वजनिक सड़क मार्ग पर लोहे का भारी भरकम गेट लगा कर गेट में ताला डाल रखा है।उसके बगल में एक गेट बगिया के बीच में लगा है जिसमें बगिया में जाकर गहराई में गाड़ी खड़ी कर तब मजार पर आदमी जा सकता है जिस कारण बूढ़े व बच्चों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है कमेटी के जिम्मेदार इस ओर ध्यान तक नहीं दे रहे ताला पड़ने से उक्त गांव वाले काफी आक्रोशित है हर धर्म के लोगों का आना जाना है।

# सत्ताधारियों के आर्शीवाद के चलते सटोरियों के हौसले बुलंद, हाइटेक तरीके से हो रहा सट्टे का कारोबार

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़,।** सत्ताधारी सफेदपोशों के इशारे पर कहें या स्थानीय पुलिस का भरपूर आर्शीवाद कहें। जिसके चलते जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के विभिन्न मौहल्लों में अनेक जगहों पर लोगों को कोड में बात करते हुए सुने तो आपको हैरान होने की जरूरत नहीं, क्योंकि इस शहर में सट्टे का कारोबार हाईटेक हो चुका है। एक तरह से देखा जाए तो यहां पर ओपन-क्लोज का खेल बंद है पर यही काम अब हाईटेक तरीके से मोबाइल फोन से हो रहा है। इसे संचालित करने बाकायदा नियत स्थान पर खाईवाल के एजेंट घूम रहे हैं जो लिखा-पढ़ी से नहीं फोन, इंटरनेट से सारा काम कर रहे हैं। यहां के सटोरियों के तार देश के बड़े महानगरों से जुड़े हुए हैं जहां करोड़ों का सट्टा रोज लगाया जा रहे है।

सटोरियों तथा खाईवालों के चक्कर में हजारों घर बर्बाद हो चुके हैं। फिर भी लोग सट्टे की लत छोड़ नहीं पा रहे हैं। संभ्रांत लोग सट्टे का लगातार विरोध करते आ रहे हैं। फिर भी इसमें हमेशा के लिए पाबंदी नहीं लगाई जा सकी है। सक्ती नगर सहित अंचल भर के हजारों लोग इस धंधे के शिकार हो रहे है। लोग तो अपने जरूरतों को भूलकर अपनी गाढ़ी कमाई सट्टे में लगाकर बर्बाद हो रहे हैं। लेकिन प्रशासन मौन बैठा है। क्योंकि उनके हिसाब से सट्टे का कारोबार पूरी तरह बंद है। शहर में ऐसे हाई प्रोफाइल सटोरिए सक्रिय हैं जिनके तार देश के कई बड़े शहरों से जुड़े हैं। कई सटोरिए लेन-देन का हिसाब करोड़ों में करते हैं।




**खानापूर्ति कर रही पुलिस**

थाना सासनीगेट क्षेत्र के पला साहिबाबाद,महेन्द्र नगर, रॉयल टॉकिज, पीपल के पेड़ के पास धामो हाथरस अड्डा,सराय पीताम्बर,जयगंज,वाल्मीकि बस्ती, वराई मौहल्ला,खिरनीगेट,थाना मडराक में पड़ियावली नवीन,नगला मंदिर में प्रधान का बेटा,गांधी पार्क क्षेत्र में गौरव , रमेश आदि सटोरियों सट्टा विरोधी पुलिसिया कार्रवाई से बेखौफ सट्टेबाज अब भी जमकर सट्टा खेला रहे हैं क्योंकि पुलिस छोटे खाईवालों पर कभी कभार कार्यवाही करती है। जिसके चलते हाई प्रोफाइल सटोरियों को संरक्षण मिल जाता है और उनके हौसले बुलंद हैं। जब कभी भी बड़ी कार्रवाई की जाती है तब ये हाई प्रोफाइल सटोरियों को सूचना मिल जाती है और व भूमिगत हो जाते हैं।

**गांव से संचालित होता है नेटवर्क**

सट्टे का नेटवर्क संभालने वाले बड़े खाइवाल अब शहर में नहीं बल्कि गांव में बैठकर काम संचालित कर रहे हैं। कभी सूचना मिलने पर एक-दो कार्रवाई कर दी जाती है लेकिन कुछ ही दिनों बाद सट्टा का अवैध कारोबार फिर शुरू हो जाता है। सट्टे का कारोबार पहले कागजों के माध्यम से फैला हुआ था। जिसे पकड़े जाने के डर से इसे चलाने वाले मोबाइल से ही इस कारोबार को संचालित कर रहे हैं। नगर के कई ठिकानों में सट्टा लगाए जा रहे हैं। रुपयों का लेन-देन करोड़ों में हो रहा है और आरोपियों की स्थानीय पुलिस से सेटिंग भी रहती है। क्रिकेट के परवान चढ़ते जुनून के साथ क्रिकेट का सट्टा चरम पर है।

**इनका कहना है..**

इस सबंध में एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक का कहना है कि समय-समय पर पुलिस सटोरियों के खिलाफ अभियान चलाकर छापे मार कार्यवाही करती रहती है। पुलिस की सक्रियता के चलते शहर में सट्टा करोबार बंद चल रहा है। अगर फिर भी सट्टे की खाईवाड़ी की शिकायतें मिल रही हैं तो स्थानीय पुलिस को सट्टा कारोबार बंद कराने के निर्देश दिये गये हैं।

# बायोरेमेडीएशन से साफ नाले के पानी में बढ़ेगी ऑक्सीजन की मात्रा

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़,।** नगर निगम ने इस बार साफ हो रहे नालों में बायोरेमेडीएशन पद्धति से गंदे पानी में ऑक्सीजन की मात्रा को बढ़ाने की कवायद शुरू कर दी है। बायोरेमेडीएशन पद्धति से जहां गंदे पानी में बैक्टीरिया की मदद से पानी में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ेगी जिसका उपयोग आसपास के लोग खेती-बाड़ी के साथ-साथ नाले में पनपने वाले छोटे जीव जंतु के लिए भी उपयोगी साबित हो सकेगा। बुधवार सुबह अपने रूटीन निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त अमित आसेरी ने रामघाट रोड पर जल निकासी को प्रभावी बनाने के दृष्टिगत ओजोनसिटी कट से सिधौली को जाने वाले सिंचाई विभाग के ड्रेन जाफ़री ड्रेन(सिधौली नाला) की नगर निगम पोकलेन मशीन से कराई जा रही सफाई का निरीक्षण किया। मौके पर पोकलेन मशीन द्वारा भारी मात्रा में सफाई करते हुए सिल्ट निकाली गई थी जो रोड किनारे लगी हुई मिली। लगभग 3 किलोमीटर इस नाले की नगर निगम ने अपनी पोकलेन मशीन से बेहतरीन सफाई कराई जिसे देखकर नगर आयुक्त ने कहा इसी तरह सभी बड़े नालों की सफाई होनी चाहिए। नगर आयुक्त ने निकाली जा रही सिल्ट को रोज़ाना निस्तारित कराए जाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के समय सिधौली नाले पर साफ हुए क्षेत्र में नगर निगम जलकल विभाग द्वारा बायोरेमेडीएशन पद्धति से बैक्टीरिया विसर्जित करने का भी नगर आयुक्त ने निरीक्षण किया। निरीक्षण में नगर आयुक्त ने सिधौली की तरह साफ होने वाले सभी बड़े नालों में महाप्रबंधक जल को बायोरेमेडीएशन पद्धति से बैक्टीरिया विसर्जित करने के निर्देश दिए



निरीक्षण में नगर आयुक्त के साथ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट साहिल कुमार अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह महाप्रबंधक जल अनवर ख्वाजा मुख्य अभियंता सुरेश चंद्र मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह अधिशासी अभियंता अजय राम प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी रामानंद त्यागी कर्नल सुनील दत्त डॉ राजेश वर्मा एहसान रब देश दीपक आदि साथ थे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## लोकतंत्र के महापर्व पर अपने घर गांव भदोही में आकर के अपने बूथों पर मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए



**जिलाधिकारी भदोही** जिला/ निर्वाचन अधिकारी भदोही श्री विशाल सिंह जी एवं मुख्य विकास अधिकारी भदोही/ स्वीप नोडल ऑफिसर भदोही श्री यशवंत कुमार सिंह जी के कुशल मार्गदर्शन में डिस्ट्रिक्ट स्वीप आईकॉन अशोक कुमार गुप्ता राष्ट्रपति अवार्डी शिक्षक द्वारा आज प्राथमिक विद्यालय सुधवै डीघ का अनुरोध एवं भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत भदोही जनपद के मतदाताओं अनुराग दुबे नई दिल्ली कार्तिक नोएडा संजय कुमार मौर्य बैंगलोर रविंद्र कुमार मुंबई कपिल मौर्य मुंबई विनोद कुमार मुंबई रोहित कुमार हैदराबाद रमेश कुमार मुंबई आदि जो आजीविका के लिए गैर जनपद एवं प्रांतों में रह रहे हैं से टेलिफोनिक वार्ता कर 25 मई 2024को लोकतंत्र के महापर्व पर अपने घर गांव भदोही में आकर के अपने बूथों पर मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए निवेदन करते हुए कहा पिछले चुनाव में भदोही का मतदान प्रतिशत बहुत कम रहा है जो अच्छी बात नहीं है इसलिए इस बार जिलाधिकारी भदोही श्री विशाल सिंह जी एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री यशवंत कुमार सिंह जी ने नारा दिया है अब की बार 80 प्रतिशत पार,यह तभी संभव होगा जब आप सब मतदाता वोट देने परदेश से भदोही ज़रूर आए।

## जिलाधिकारी ने इलाज हेतु पीड़ित के पिता को दिया आर्थिक सहायता

**मीरजापुर।** बुधवार हीरा लाल बिन्द



निवासी जियुती के पुत्र को विगत कई दिनो से ब्रेन ट्यूमर की बीमारी से ग्रसित होने पर लखनऊ पी0जी0आई0 में भर्ती कराया गया हैं, श्री हीरालाल की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन से मद्द हेतु अनुरोध किया गया जिलाधिकारी ने बीमार व्यक्ति के समुचित इलाज हेतु रेड क्रास सोसायटी से तीस हजार रूपये का चेक आर्थिक सहायता के रूप में हीरा लाल बिन्द को प्रदान किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ गुलाब व रेड क्रास सोसायटी के पदाधिकारी आशुतोष दूबे के अलावा अन्य लोग उपस्थित रहें।

## विकास के नाम पर अछुता ड्रमडगज भुखमरी के कगार पर ड्रमडगज बाजार पलायन पर मजबूर है ग्रामीण



**हलिया।** पिछले कई वर्षो से ड्रमडगज की स्थिति बिगडती जा रही है दशको पुरानी बाजार विलुप्त होने के कगार पर है जो कि एक पर्यटक स्थान माना जाता था यहां बहुत पहले पत्थरों का खदान कई राज्यों मे भेजा करते थे जो की राजनीति का शिकार होकर खदान बंद हो गया उसके बाद नियमों को ताक पर रखकर बनाया गया हाईवे जो आज दिन बाजार को जर्जर करने के लिए काफी है आए दिन हाईवे पर घटना दुर्घटना होता रहता है जो की ड्रमडगज हॉस्पिटल को हंसने के लिए काफी है यहां पर आए हुए मरीजों को सिर्फ ट्रांसफर सुविधाओं के अलावा कोई भी सुविधा नहीं मिलता है साथ में ड्रमडगज चौराहे पर स्थित संस्कृत महाविद्यालय जो कि सिर्फ व्यवसाय का साधन बना हुआ है जहां बच्चे पहले पढ़ने आते थे आज वही सिर्फ व्यवसाय पढ़ाई के नाम पर लोगों को ठगी का कार्य किया जा रहा है प्रशासन ग्रामीण क्षेत्र के लिए एकदम चिर निद्रा में सोई हुई है चुनाव आते ही सभी को अपने विकास कार्यो की याद आती है और एक बार पुनः जनता को ठगने के लिए गांव गांव घुमते है।

## ट्रैक्टर के चपेट में आने से युवक की मौत

**अदलहाट, मीरजापुर।** थाना क्षेत्र के रानीबाग के पास बुधवार को ट्रैक्टर के चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। अदलहाट थाना क्षेत्र के मदनपुरा ग्राम निवासी 29वर्षीय सूरज पटेल पुत्र छोटे लाल रानी बाग के पास सड़क पार कर रहा था,इसी दौरान रानीबाग से जमालपुर की ओर जा रही जानडियर ट्रैक्टर के चपेट में आ गया।जिससे गंभीर चोट आने पर अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

# मतदान कार्मिको को दिये जा रहे द्वितीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया अवलोकन कर दिया निर्देश

● पूर्ण मनोयोग व गम्भीरता से समस्त मतकार्मिक करें प्रशिक्षण-जिला निर्वाचन अधिकारी

मास्टर टेऊनर द्वारा मतकार्मिकों को दिये जा रहे प्रशिक्षण का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया अवलोकन

निर्वाचन प्रशिक्षण में शिथिलता व लापरवाही बरतने पर होगी कठोर कार्यवाही-मतकार्मिक प्रभारी

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को कुशलता के साथ सम्पन्न कराने हेतु मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण का हुआ परीक्षण



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 15 मई, 2024:-** जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह व कार्मिक प्रभारी/मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह, प्रशिक्षण प्रभारी/जिला विकास अधिकारी ज्ञानप्रकाश द्वारा प्रशिक्षण स्थल सेण्ट थॉमस स्कूल ज्ञानपुर में मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन चार सदस्यीय मतकार्मिकों की टीम बनाकर दिये जाने वाले प्रशिक्षण के मॉक रिहल्सल का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी व मतकार्मिक प्रभारी/मुख्य विकास अधिकारी ने निर्वाचन सम्बन्धित अधिकारियों एवं टीमों के समक्ष मतदान कार्मिकों- पीठासीन अधिकारी, प्रथम, द्वितीय, तृतीय मतदान अधिकारियों को उनके कार्य उत्तरदायित्व एवं जबाबदेही से सम्बन्धित विभिन्न चरणों के कर्तव्यों का बोध कराया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों को अक्षरसः पालन सुनिश्चित कराते हुए मतदान कार्मिकों की अपने बूथ पर निर्विघ्न, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण ढ्ग से मतदान सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी होती है। समय से मॉक पोल, मतदान प्रारम्भ कराना, चैलेंज वोट, टेंडर वोट, टेस्ट वोट, आसक्त, दिव्यांगजन, के द्वारा साथी की मॉग की स्थिति आने पर माननीय आयोग के निर्देशानुसार प्रक्रिया का पालन करने सम्बन्धित आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण प्रभारी/जिला विकास अधिकारी ज्ञानप्रकाश ने मतदान कार्मिकों से सम्बन्धित निर्वाचन कर्तव्य मतदाता की पहचान-एपिक या फोटोयुक्त 11 विकल्पों में किसी एक विकल्प, पोलिंग पार्टियों के रवानगी, ईवीएम एवं मतदान सामग्री, बैलेट यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट, वीवीपैट, एकीकृत मूल मतदाता सूची, ग्रीन पेपरसील, मतदाता रजिस्टर, मतदाता पर्ची, चेकलिस्ट, मतदान अभिकर्ता की नियुक्ती, इन्ट्री पास, सहित विभिन्न मतदान कार्मिकों की जानकारी एवं सुविधा हेतु विभिन्न चरणों का प्रदर्शन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचन टीम ने मास्टर टेऊनरों द्वारा प्रशिक्षण को संतोषजनक बताते हुए कुछ कमियों एवं प्रारूपों में सुधार करते हुए कुशलता के साथ प्रशिक्षण देने पर बल दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने कहा कि मतदान जैसे संवेदनशील कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता/अनुपस्थिति बर्दाश्त नही की जाएगी तथा मतदान कार्मिकों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व 1951 की धारा 134 के अन्तर्गत एफ0आई0आर0 दर्ज कराते हुए कठोरतम, दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में अनुपस्थित पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी में प्रथम पाली में 08 व द्वितीय पाली में 08 दोनों पालियों में कुल 16 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहे। प्रशिक्षण के समय पीडी डीआरडीए आदित्य कुमार, उप निदेशक डॉ0 अश्वनी सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक विकायल भारती, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र नारायण सिंह एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सातवीं पुण्यतिथि पर याद किये गये शहीद शुलभ उपाध्याय, लोगों ने किया नमन

● हास्टल चौराहा पर स्मारक, जिला खेल स्टेडियम का नामकरण अधर में।

2017 में छत्तीसगढ़ में नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए थे शुलभ उपाध्याय।



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही।** औराई क्षेत्र के बैरा खास गांव निवासी अशोक उपाध्याय के पुत्र शहीद शुलभ उपाध्याय की बुधवार को बैरा खास में स्थित स्मृति पार्क में सातवीं पुण्यतिथि पर लोगों ने याद किया और उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण करके नमन किया। इस दौरान शहीद शुलभ उपाध्याय के वीरता और पराक्रम की भी लोगों ने खूब सराहना की और कहा कि भारत मां वीर सपूत शहीद शुलभ उपाध्याय को कभी भी भुलाया नही जा सकता है, ऐसे वीर सपूतों का पूरा देश हमेशा ऋणी है। शहीद शुलभ उपाध्याय की पुण्यतिथि पर बुधवार को उनके पिता अशोक उपाध्याय और भाई नीलेश उपाध्याय समेत गांव, क्षेत्र और जनपद के तमाम लोगों ने उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण करके नमन किया।

मालूम हो कि शुलभ उपाध्याय छत्तीसगढ़ में एक नक्सली मुठभेड़ की दौरान 2017 में वीरगति को प्राप्त हो गये थे। उस समय उनकी उम्र 25 वर्ष थी। शहीद शुलभ उपाध्याय के नाम पर हॉस्टल चौराहा पर स्मारक भी बनवाया गया था लेकिन कुछ माह में ही टूट गया और फिर लोक निर्माण विभाग ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि माननीय न्यायालय के निर्देशानुसार बीच सड़क पर स्मारक नही बनाया जा सकता है। शहीद के गांव बैरा खास में दो वर्ष पूर्व प्रतिभा का लोकार्पण करने आये मंत्री ने भी घोषणा की थी शहीद शुलभ उपाध्याय के नाम पर जिला खेल स्टेडियम का नाम होगा लेकिन न तो आज तक हॉस्टल चौराहा पर स्मारक बन पाया और न ही शहीद के नाम पर खेल स्टेडियम का नामकरण हो सका। एक बात और है कि ज्ञानपुर के जीआईसी मैदान में शहीद शुलभ उपाध्याय की प्रतिमा लगाई गई है लेकिन प्रशासन के तरफ से प्रतिमा को आज तक ऊपर से कोई छाया नही किया गया है। जबकि इसका जब लोकार्पण तत्कालीन जिलाधिकारी गौरांग राठी ने किया था तो उसी समय लोक निर्माण विभाग के अधिकारी से शहीद शुलभ उपाध्याय के प्रतिमा के लिए छाया की व्यवस्था करने का निर्देश भी दिया लेकिन आज तक प्रतिमा के उपर छाया की व्यवस्था न हो सकी। बुधवार को शहीद शुलभ उपाध्याय की पुण्यतिथि पर अशोक उपाध्याय, नीलेश उपाध्याय, श्यामधर उपाध्याय, संतोष तिवारी, श्री प्रकाश उपाध्याय, श्रीनिवास उपाध्याय, छगनलाल उपाध्याय, शिवजी उपाध्याय, मदनलाल उपाध्याय, रामेश्वर राय, पंकज उपाध्याय, मनोज कुमार, नीरज, कुशल उपाध्याय, राजन दूबे, बब्बू दूबे, शुरेश उपाध्याय समेत बैरा खास तथा जनपद के तमाम लोग मौजूद रहे।

# जनपद में पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान के दूसरे दिन 516 मतकार्मिकों ने दर्ज करायी अपनी सहभागिता

● विधान सभावार बने वोटर फैसलिटेशन सेन्टर में औराई-100, ज्ञानपुर-109, भदोही-161, हण्डिया-78, प्रतापपुर-68 सहित कुल 516 मतकार्मिकों ने किया मतदान

17 मई तक मतकार्मिक वोटर फैसलिटेशन सेंटर में करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

जनपद के ऐसे अधिकारी/कर्मचारी जो अन्य जनपदों में कार्यरत हैं,वोटर फैसिलिटेशन सेंटर में 14 से17 मई तक आकर अपने मताधिकार का कर सकेंगें प्रयोग



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 15 मई 2024:-** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत चुनाव ड्यूटी में लगे मतदान कार्मिक/पुलिस कार्मिक/ आवश्यक सेवा में कार्यरत कार्मिकों का मतदान जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह के उपस्थिति व देख-रेख में सेंट थॉमस स्कूल ज्ञानपुर मे बने विधान सभावार जनपद भदोही में तीन व प्रयागराज के हण्डिया व प्रतापपुर में वोटर फैसिलिटेशन सेंटर में बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान हुआ।

मतदान कार्मिकों के मतदान के लिए अलग-अलग विधानसभावार जनपद भदोही में 03, ज्ञानपुर, औराई, जनपद प्रयागराज में 02 सहित कुल 05 वोटर फैसिलिटेशन सेंटर बनाए गए हैं जिसमें चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों/अभिकर्ताओं की उपस्थिति में चुनाव ड्यूटी में लगे कुल 516 मतदान कार्मिकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर जनपदवासियों से 25 मई को मतदान करने की अपील भी किया। इसके अतिरिक्त जनपद के ऐसे अधिकारी/कर्मचारी जो अन्य जनपदों में कार्यरत हैं उनको भी विधान सभावार बने वोटर फैसिलिटेशन सेंटर में सम्मलित किया गया। जिसमें अन्य जनपदों में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी आकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

पोस्टल बैलेट प्रभारी/अपर जिलाधिकारी शिव नारायण सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विधान सभावार बने वोटर फैसलिटेशन सेन्टर में औराई-100, ज्ञानपुर-109, भदोही-161, हण्डिया-78, प्रतापपुर-68 सहित कुल 516 मतकार्मिकों ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए लोकतंत्र की इस महापर्व में वोट देकर अपना कर्तव्य निभाया है। उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलेट से प्रतिदिन मतदान की प्रक्रिया के पश्चात् शील्ड पोस्टल बैलेट स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा जा रहा है। मतकार्मिकों ने अपने अंगुली पर लगे नीली स्याही के निशान को दिखाते हुए बताया कि ये मेरे मताधिकार की निशानी है। मतकार्मिकों ने भारत निर्वाचन आयोग के फार्म-12डी के माध्यम से डाक मतपत्र के सुविधा प्रदान करने पर सराहना करते हुए बताया कि वाकई में आयोग ने अपने ध्येय वाक्य ''कोई मतदाता न छूटे'' का भरपूर ध्यान रखा है। मतदान स्थल पर महिलाओं ने भी सशक्तिकरण के साथ अपनी भागीदारी दर्ज करायी। लोगों में उत्साह व उमंग, गर्वान्वित भाव से अपने वोटिंग की फोटो व सेल्फी लेकर लोंगो को भी मतदान करने के लिए जागरूक किया।

# ग्राम प्रधान पति के द्वारा खराब पड़े हैंडपंप को सही कराया गया

● ग्राम प्रधान के द्वारा इस भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पानी से निजात दिलाने एवं राहत दिलाने वाला कार्य किया गया

प्रधान पति बबलू यादव का कहना है कि हैंडपंप की समस्या अगर होती है तो तत्काल हमें फोन कर अवगत कराएं ताकि समय रहते उसे ठीक कर लिया जाए



स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर विंध्याचल।** जी हां एक तरफ पूरे उत्तर भारत में कड़ाके की गर्म पड़ रही है लगातार बढ़ती परा और इस भीषण गर्मी में जहां एक तरफ पानी की बूंद बूंद से लोग तरस रहे हैं। वहीं ग्राम छुटकी मौहरिया के लोगों को ग्राम प्रधान पति बबलू यादव के नेतृत्व में पानी की घोर किल्लत को देखते हुए जगह-जगह खराब पड़े हैंडपंप में बोरवेल डाला गया और पानी की समस्या ना हो जिसको लेकर ग्राम प्रधान बबलू यादव बेहद ही गंभीरता से इस समस्या से निजात दिलाने के लिए लगे हुए है। उनका कहना है कि इस भीषण गर्मी में लोगों को पानी की समस्या नही होने दिया जाएगा। जिसको लेकर हैंड पंप में बोरबेल डाला गया है। वहीं कुछ खराब पड़े हैंडपंप को मरम्मत कराई गई है। जो पानी की समस्या को दूर कर लिया गया है।

वहीं इस गर्मी में जहां लोग पानी की बूंद बूंद को तरस रहे हैं वहीं ग्राम प्रधान पति बबलू यादव अपने ग्राम पंचायत के लोगों के लिए दिन रात मेहनत कर पूरे गांव में जगह जगह हैंड पंप मे बोरवेल करवाया गया। हैंड पंप में बोरवेल डालकर लोगो को पानी की किल्लत से आजादी दिलाई गई है। जिसे पूरे गांव के लोग उनकी कार्यशैली का प्रशंसा भी करते रहे हैं। वहीं पिछले काफी दिनों से कुछ खराब पड़े हैंडपंप को भी मरम्मत कराकर पुनः एक बार फिर से पानी बहाल कर लिया गया है। वहीं ग्राम प्रधान पति बबलू यादव का कहना है की 24 घंटे अपने गांव के लोगों की समस्या को दूर करने के लिए हम तैयार हैं। किसी भी समस्या को हमें तत्काल अवगत कराएं ताकि समय रहते उस समस्या का दूर किया जा सके और वहीं जहां इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है पूरे ग्राम पंचायत में कहीं भी अगर कोई हैंड पंप की खराबी है तो तत्काल हमें फोन कर सूचना देने का कार्य करें ताकि समय रहते हैंडपंप को सुचारू रूप से चालू किया जा सके। पानी की किल्लत को दूर करने का कार्य किया जाए। वहीं ग्राम पंचायत के लोगों के लिए हम तैयार हैं क्योंकि पूरे गांव के लोगों ने हमें अपना बहुमूल्य बोट देकर जिताया है। हमें चुना है, ये मेरी पहली प्राथमिकता है की मैं अपने ग्राम पंचायत के लोगों की समस्या को दूर करने में सक्षम रहूं। किसी भी समय कोई भी समस्या है तो हमें अवगत जरूर कराएं।

# किसान अन्नदाता सम्मेलन का आयोजन जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा के नेतृत्व में किया गया

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर।** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा मीरजापुर द्वारा मड़िहान विधानसभा के अदलहाट मंडल के गुरू कार्ष्णि महाविद्यालय कासेहर दौलताबाद में किसान अन्नदाता सम्मेलन का आयोजन जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा दिनेश सिंह जी के नेतृत्व में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह जी ने उपस्थित किसान अन्नदाता को सम्बोधित करते हुए केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के पहले और 2014 के बाद किसानों के समस्या के समाधान और किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए किए गए कार्यो को बताया। पश्चात् उपस्थित किसानों से दिनांक 01 जून को जनपद में होने वाले लोकसभा चुनाव में एन0डी0ए0 प्रत्याशी श्रीमती अनुप्रिया पटेल को भारी से भारी मतों से जिताने हेतु आह्वान किया। अन्नदाता किसान सम्मेलन को भाजपा जिलाध्यक्ष मीरजापुर बृजभूषण सिंह, विधायक मड़िहान, रमाशंकर सिंह पटेल, एम0एल0सी0 श्याम नारायण सिंह ने भी सम्बोधित किया। अन्त में आये हुए सभी अतिथियों का गुरू कार्ष्णि महाविद्यालय के प्रबंधक संदीप सिंह ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री किसान मोर्चा नागेश्वर तिवारी ने किया।


सम्मेलन में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डॉ0 प्रशांत पाण्डेय, जिला महामंत्री कि0मो0 अमर बहादुर सिंह, जय प्रकाश मिश्रा, आलोक सिंह, सिद्धार्थ सिंह, अभिषेक द्विवेदी, भगवान दास प्रजापति, बलदेव, अभिषेक चौबे, धीरज सिंह, बनारसी लाल गुप्ता, जय प्रकाश सिंह के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे । उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दूबे ने दिया।

# मंदिर में चोरी करते समय चोर को ग्रामीणों ने पड़कर किया पुलिस के हवाले

● क्षेत्र में चोरी का सिलसिला तेज होता जा रहा है एक भी चोरो के ऊपर नहीं हो रहा है कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात

**हलिया।** ड्रमडगज थाना क्षेत्र में आए दिन चोरी होता रहता है चोरी की ताहरीर पडने के बाद भी एक भी चोरी का खुलासा नहीं होता मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को दोपहर ग्रामीणों ने ड्रमडगज छोटाका मोड के पास बने हनुमान जी के मंदिर में चोर चोरी करके ड्रमडगज कस्बे के पुर्व माध्यमिक विद्यालय के बगल मंदिर में चोरी कर रहा था उसी समय ग्रामीणों ने चोर को चोरी के सामान के साथ पकड़ा पकड़ कर किया पुलिस के हवाले ग्रामीणों ने बताया कि एक मंदिर में चोरी करके दूसरी मंदिर में चोर चोरी कर रहा था और पूरी तरह से चोर नशे में धूत्त था ग्रामीणों का मानना है कि क्षेत्र में नशा का सिलसिला इतना तेज हो गया है कि लोग नशे के चक्कर में चोरी छेनती जैसा वारदात को अंजाम दे रहे हैं अब यहां तक की मंदिरों में घंटा पूजा का और भी सामग्री भी चुराने लगे हैं भगवान भी चोरों से नहीं है सुरक्षित साथ ही साथ ग्रामीणों ने यह भी बताया कि क्षेत्र में कई एक जगह पहले से चोरियां हो चुकी है जहां पर एक भी चोरी का खुलासा नहीं हुआ अगर चोर पकड़े भी जाते हैं तो उनके ऊपर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होता जिससे छुड़ते ही फिर अपने कारनामों



में लग जाते हैं जिससे क्षेत्र में ज्यादातर चोरी होता है और हर जगह मार्केट में कबाड़ियों का दुकान खुला हुआ है चोरी करते ही तुरंत कबाड़ियों के हाथ संपर्क करके सामान बेच देते हैं नहीं पकड़ा जाता है एक भी सामान जबकि कई एक क्षेत्र के कबाड़ियों का नाम पुलिस स्टेशन में दिया गया है लेकिन एक भी कबाडीयो के उपर कार्वाही नहीं हुआ जिससे चोरों का मनोबल बढ़ता जा रहा है।

# मौत और बिवाद को दावत दे रहा अवैध स्टैड ड्रमडगज

● दलालों के चंगुल में फंसा बस स्टैंड



स्वतंत्र प्रभात

**हलिया।** ड्रमडगज कस्बे के बिचो बीच बने बस स्टैंड पर आए दिन होता रहता है विवाद दलालों के दम पर चलता है बस स्टैंड क्षेत्रीय प्रशासन बने हैं मूकदर्शक रोज बस स्टैंड पर होता है विवाद आए दिन मार्केट में लगता रहता है जाम ड्रमडगज कस्बे के गडबडा रोड व रिवा रोड पर सवारी से दुकानदारों से होता रहता है नोक झोक सवारी बूढ़े और नौजवान महिलाएं होते रहते हैं परेशान दलाल पूरा दिन दलाली के चक्कर में सवारियों को बैठाकर करवाते रहते हैं बस का इंतजार कभी-कभी दलाल आपस में भिडते रहते हैं जिससे सवारियों को होता है परेशानी सवारी का सामान छीना झपटी में होता है नुकसान स्थानीय ग्रामीणों का मानना है कि बस स्टैंड मार्केट से हटाकर कहीं दूसरी जगह किया जाए जहां पर किसी भी प्रकार का विवाद ना हो ताकि मार्केट के लोग अपना सुरक्षित व्यवसाय कर सकें जबकि 3 वर्ष से मार्केट पूरी तरह से खत्म हो चुका है बाकी जो बचा है उसे दलाल खत्म करने का पूरा प्रयास कर रहे हैं स्थानिक ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए बताया कि आए दिन बस स्टैंड को लेकर बवाल होता रहता है क्षेत्रीय प्रशासन के कान में जु तक नहीं रेगता जिससे ग्रामीण परेशान हो चुके हैं ग्रामीणों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराना चाहते हैं कि कहीं सुरक्षित जगह पर सरकारी बस स्टैंड बनाया जाए जिससे मार्केट का बाद विवाद खत्म हो सके और दलालों के चंगुल से बस स्टैंड हटवाया जाए।

# 7वीं मण्डलीय तैराकी प्रतियोगिता संपन्न

स्वतंत्र प्रभात

**चुनार।** तैराकी प्रशिक्षण केंद्र बालू घाट चुनार द्वारा आयोजित तैराकी प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि चुनार उपजिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा व तहसीलदार योगेश शरण शाह रहे इस दौरान तैराक जूनियर वर्ग बालक निखिल कुमार 50 मीटर फ्री स्टाइल में फर्स्ट 100 मीटर फ्री स्टाइल सेकंड 50 मीटर बटर फ्लाई में फर्स्ट जूनियर वर्ग बालिका ।अर्चना निषाद 50 मीटर बटर फ्लाई में फर्स्ट 50 मीटर फ्री स्टाइल में फर्स्ट सब जूनियर बालक वर्ग में प्रीतम निषाद 100 मीटर फ्री स्टाइल में फर्स्ट 50 मीटर बैक स्ट्रोक सेकंड 50 मीटर बेस्ट स्ट्रोक फर्स्ट सब जूनियर बालिका वर्ग में साइना बानो 50 मीटर फ्री स्टाइल फर्स्ट 50 मीटर बैक स्ट्रोक फर्स्ट 50 बेस्ट स्टॉक फर्स्ट रही। इस दौरान सभी खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी ने स्मृति चिन्ह व शील्ड देकर सम्मानित किया ।इस दौरान डा0 सत्यवान श्रीवास्तव ,डा0 विपुल रस्तोगी ,सभासद विकास कश्यप ,अशोक साहनी ,अजय कुमार अग्रवाल ,आतिश कुमार, जगदीश प्रसाद कैलेंडर साहनी,सुनील कुमार अनिल यादव, विराट



निषाद, सागरसनी, शिबू साहनी हरिओम निषाद, पूजा रानी निषाद आदि मौजूद रहे।कार्यक्रम के आयोजक महेंद्र प्रसाद प्रशिक्षक तैराकी प्रशिक्षण केंद्र चुनार द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# संक्षिप्त ख़बरें

## हैंडपंप खराब होने से पीने का पानी का संकट |दूर से पानी लेने को मजबूर है ग्रामीण



**शंकरगढ़, प्रयागराज।** ग्राम पंचायत कल्याणपुर के देवखारिया गांव में सिर्फ एक ही हैंडपंप है वो भी पिछले दो हफ्ते से खराब है। जिसमे गांव वालो को पीने का पानी तक नहीं मिल रहा है। जबकि इसकी जानकारी ग्राम प्रधान को दिए गए लेकिन उन्होंने अपना ज्ञान देते हुए कहा कि ब्लॉक शंकरगढ़ में पेमेंट नही हो रहा है जिसके कारण क्या किया जाए कहा से बनवा दे। हालांकि देवखरिया गांव में पानी भी नहीं मिल रहा है पीने को इस मामले को खंड विकास अधिकारी शंकरगढ़ को संज्ञान में लेते हुए प्रभावी कार्यवाही की माग की हैं

## अधिवक्ता भाई का अपहरण करवाकर जमीन को अपने नाम खिलवाने का आरोप



**प्रयागराज।** सराय ममरेज थाना क्षेत्र में दो सगे भाइयों पर अधिवक्ता भाई का अपहरण करवाकर जमीन को अपने नाम खिलवाने का मामला सामने आया है। साथी अधिवक्ता कृष्ण नंद सिंह ने बताया कि सरायममरेज के बीबीपुर निवासी रुद्र प्रताप बिंद उनके पास क्लर्क का काम करता है। मंगलवार को उसके भाई रामजस और रामकृष्ण के साथ जमीन बंदवारे को लेकर विवाद हुआ था। उसके दोनों भाई उसके ऊपर दबाव बना रहे थे कि वह अपनी सारी जमीन पत्नी के नाम कर दो नहीं तो तुम्हारी हत्या करवा दूंगा। देर बाद घर पर कार से 10 से 12 लोग आए और रुद्र प्रताप को जबरन अपने साथ कार में बैठाकर लेकर चले गए। कार सवार लोग असलहे से लैश थे। वहीं शाम करीब साढ़े सात बजे 112 नंबर पर फोन कर मामले की शिकायत की उसके बाद सरायममरेज एसएचओ को घटना की सूचना दिए लेकिन आश्वासन के बाद भी पुलिस अभी रुद्र प्रताप का पता नहीं लगा पाई। अधिवक्ता ने अपहरण कर्ताओं और भाई रामजस व रामकृष्ण के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है

## चलती कार में हार्ट अटैक आने से फार्मासिस्ट की मौत



**प्रयागराज।** हंडिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात फार्मासिस्ट की चलती कार में हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। वह घर से अस्पताल के लिए अपनी कार से निकले थे। वह कार को खुद ही चला रहे थे। घर से कुछ ही दूरी पर संभवतः उन्हें अटैक आ गया। घबराहट में उन्होंने कार को सड़क के किनारे लगा दिया। इसी दौरान उनकी सांसें थम गई। राहगीरों की सूचना पर जब तक पुलिस पहुंची उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी परिजनों को दी गई है। फार्मासिस्ट प्रमोद यादव (50) उपरदहां स्थित हंडिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात थे। वह झूंसी थाना क्षेत्र के मुंशी का पूरा गांव में किराए के मकान में रहते थे। वह अपनी कार से ही रोज अस्पताल जाते थे। बुधवार को भी वह घर से अस्पताल के लिए निकले थे। घर से कुछ दूर झूंसी-सोनौटी मार्ग पर साढ़े नौ बजे पहुंचे थे कि उनको अटैक आ गया। घबराहट में उन्होंने कार को सड़क के किनारे खड़ा कर दिया। वह ड्राइविंग सीट पर लुढ़के थे और कार में अकेले ही थे। काफी देर तक उनको ड्राइविंग सीट पर बेहाल देख लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। करीब 12 बजे पुलिस पहुंची तो उनकी मौत हो चुकी थी। जेब से मिले परिचय पत्र के आधार पर उनके फार्मासिस्ट होने की जानकारी हुई। घटना की जानकारी पुलिस ने परिजनों को फोन पर दे दी।

## चोरी के एक लाख 38 हजार बरामद, दो पकडे

**मथुरा।** थाना वृन्दावन पुलिस ने चोरी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इन के पास से चोरी के 1,38,200 रुपये, आधार कार्ड एवं एक अवैध तमंचा, कारतूस बरामद हुए हैं। अभियुक्त शिवकुमार पुत्र खजान सिंह निवासी अलमासपुर थाना नई मंडी मुजफ्फरनगर, रवीश कुमार पुत्र राजपाल सिंह निवासी प्रेमपुरी थाना कोतवाली जनपद मुजफ्फरनगर को जुगल घाट की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते से चोरी के 1,38,200 रुपये व आधार कार्ड एवं एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारसूत सहित गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक आनन्द कुमार शाही थाना वृन्दावन ने बताया कि अभियुक्त शिवकुमार, रवीश कुमार से बरामदगी के आधार पर मुकदमा में धारा 411 भादवि व आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गयी है।

# निष्प्रयोज्य जर्जर भवनों में पढ़ रहे ननिहाल बच्चे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का दावा 80 प्रतिशत से ज्यादा भवनों का हो चुका है ध्वस्तीकरण

● - शिक्षा क्षेत्र रुपईडीह के प्राथमिक विद्यालय बभनी सराय जर्जर भवन को ही लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बना दिया गया है बूथ संख्या 434



स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो गोण्डा।** क्या कारण है कि सरकारी भवन बनने के 15 से 20 साल में ही हो जाते हैं निष्प्रयोज्य आखिर कैसे हो जाते हैं लाखों की लागत लगने के बाद जर्जर भवन इसकी जांच इसकी जांच होगी तब आएगा सच सामने जब कोई साधारण व्यक्ति अपना घर मकान बनावत है तो न्यूनतम कम से कम 40 से 50 वर्ष तक उसकी मकान में कहीं किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होती है तो आखिर क्या कारण हो जाता है कि सरकारी भवन बनने के 15 से 20 वर्ष में ही दिक्कतें होने लगते हैं। वहीं इसका जीता जागता उदाहरण शिक्षा क्षेत्र रुपईडीह ब्लॉक के तुर्कपुरवा भटपी ग्राम पंचायत में स्थित विद्यालय का एक कक्ष दूसरा उदाहरण इसी शिक्षा क्षेत्र के हरचंदपुर ग्राम पंचायत स्थित जूनियर हाई स्कूल का है 10 साल भी नहीं हुए बने की पूरी तरह से जर्जर हो चुका है वही ग्राम प्रधान महेंद्र कुमार तिवारी से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि जूनियर हाई स्कूल में बच्चे नहीं जाते हैं बगल में ही प्राथमिक विद्यालय है उसी में सारे विद्यालय के बच्चे उसी में पढ़ने जाते हैं। यह विद्यालय दो-तीन वर्षो से जर्जर पड़ा हुआ है यहां पर कोई अध्यापक भी नहीं है। जबकि इसकी शिकायत भी ग्रामीणों द्वारा कई बार की गई फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई अगर इसकी टीम गठित विभागीय जांच कराई जाए तो ऐसे विद्यालयों को बनवाने किस प्रशासन क्या करेगा यह जांच के बाद ही पता चल सकता है।

जनपद के अंतर्गत 151 निष्प्रयोज्य व जर्जर भवन

तीन माह बीत जाने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई। ननिहालों व अध्यापकों के सिर पर मंडराते हैं मौत के साये ।परिषदीय विद्यालयों के जर्जर भवन में शिक्षण कार्य होने से ननिहालों के सिर पर मौत का साया मंडरा रहा है लेकिन जिम्मेदार मौन व्रत धारण कर कोई अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं ।जनपद के दस ब्लाक संसाधन केंद्र के 151 निष्प्रयोज्य व जर्जर परिषदीय विद्यालयों के भवनों से जुड़ा हुआ है । जनपद के अंतर्गत 151 निष्प्रयोज्य व जर्जर भवनों में परिषदीय विद्यालयों में शिक्षण कार्य किया जा रहा है । जर्जर भवनों में जहां पर ननिहालों को शिक्षा दी जा रही है । छात्र छात्राए व अध्यापकों के सिर पर मौतें के साये मंडरा रहे हैं।विगत वर्ष में प्राथमिक विद्यालय कौड़ियां के बरामदे के छत का प्लास्टर अचानक टूटकर गिरने से एक छात्र गम्भीर रूप से घायल हो गया था जिसपर विभाग की आंखें खुली लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई ऐसे ही क्षेत्र के कई परिषदीय विद्यालयों में प्लास्टर टूटकर गिर रहें हैं जो बडी दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। जिला अधिकारी महोदया के द्वारा माह दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में बेसिक शिक्षा विभाग के जिला अनुश्रवण समिति की बैठक सभागार में आहुत की गई थी ।जिला अधिकारी महोदया के द्वारा स्पष्ट निर्देशित किया गया था कि पुराने जर्जर भवन को तकनीकी समिति के द्वारा परीक्षण करा कर पंद्रह दिवस के भीतर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाए। लेकिन तीन माह बीत जाने व 1अप्रैल से नए शिक्षा सत्र शुरू होने के बाद भी निष्प्रयोज्य भवनों का ध्वस्तीकरण व नीलामी नहीं हो सका। नए शिक्षा सत्र शुरू होने पर नामांकित छात्र छात्राएं जर्जर भवनों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जिनके सिर पर मौत का साया बनकर मडरा रहा है।इस सम्बन्ध में बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले के 80त्न से अधिक जर्जर भवनों का दोस्तीकरण कर दिया गया है शेष भावनाओं को लोकसभा चुनाव के बाद ध्वस्तीकरण कर दिया जाएगा वही बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि लोकसभा चुनाव में अगर विद्यालयों को ध्वस्त कर दिया जाएगा तो चुनाव में दिक्कत होगी।

**जनपद के विभिन्न शिक्षा क्षेत्र के जर्जर भवनों की संख्या**

करनैलगंज 7, मनकापुर 13,नवाबगंज 25,वजीर गंज 19, तरबगंज 15, परसपुर 11, मुजेहना 11पडरी कृपाल 9,झंझरी 28, रूपईडीह 13।

# निजी स्कूल ट्रांसपोर्ट से भूसे की तरह भरकर बच्चों की जिंदगी से कर रहे खिलवाड़

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** कोतवाली अतरौली क्षेत्र के कुछ निजी स्कूलों में ट्रांसपोर्ट बच्चों की जिंदगी से कुछ इस तरह खिलवाड़ कर रहे हैं जो नियम के विरुद्ध है। ग्राम सूरतगढ़ स्थित अनारा देवी पब्लिक स्कूल के ट्रांसपोर्ट से भूसे की तरह भरकर बच्चों को विद्यालय ले जा रहे हैं।



**अविभावक भी स्कूलों की इस मनमानी के आगे बेबस**

शहरी और आस पास के गावों में चल रहे निजी स्कूल स्कूली वाहनों को नियमों को ताक पर चलाकर खुलेआम बच्चों की जिंदगी से खिलवाड कर रहे है। स्कूल बसों का प्रयोग ना कर खुले आम ऐसे स्कूल थ्री व्हीलर, वैन सहित अन्य चौपहिया वाहनों में स्कूली बच्चों को भेड बकरियों की तरह ठूंस ठूंस कर स्कूल लाने ले जाने का काम कर रहे है। स्कूल संचालकों की इस मनमानी के चलते जहां सरकारी तंत्र मूकदर्शन बना हुआ है वहीं बच्चों के अविभावक भी स्कूलों की इस मनमानी के आगे बेबस है। ऐसे में स्कूली बच्चों अपनी जान को जोखिम में डालकर ऐसे वाहनों में सफर करने को मजबूर है। अलीगढ़ में शहर ही नहीं बल्कि आस पास के गांवों में दर्जनों निजी स्कूल खुले हुए है। इन स्कूलों में दूर दराज से आने वाले बच्चों के लिए बसे, थ्री व्हीलर व वैन सहित अन्य फोर व्हीलर चलाए हुए है। स्कूल संचालक बच्चों को स्कूल तक लाने व वापस घर तक ले जाने के लिए अविभावकों से मनमाना चार्ज वसूल करते है लेकिन सुविधाओं के नाम पर इन बच्चों को वाहनों में क्षमता से अधिक भरकर व वाहनों के पीछे लटकाकर इन्हें स्कूल लाने व ले जाने का काम कर रहे है। जिला पुलिस जिले भर के स्कूलों में जाकर यातायात के नियमों के बारे में भले ही जागरुक कर रही हो लेकिन ऐसे स्कूलो पर पुलिस के इस अभियान का कोई प्रभाव नहीं पड रहा बल्कि ऐसे स्कूली वाहन नियमों को ताक पर रखकर खुलेआम सडको पर दौड रहे है।

**कंडम वाहन व अप्रशिक्षित ड्राईवरो के हाथ में स्कूली बच्चों की जिंदगी:-**

शहर सहित गावों में चल रहे निजी स्कूलों की अधिक्तर बसें ऐसी है जो पूरी तरह कंडम है, ऐसे वाहनों में बच्चों के साथ कभी भी कोई बडा हादसा हो सकता है। इसके अलावा ऐसे वाहनों की फिटनेस तक नहीं है। बडे बडे शहरो में चलने वाने स्कूलों से खरीदकर लाए गए ऐसे वाहन कंडम घोषित किए हुए है लेकिन इसके बावजूद भी नीजि स्कूल संचालक ऐसे वाहनों मे बच्चों को बैठाकर उनकी जीवन से खिलवाड करने में लगे हुए है। ऐसे अधिक्तर वाहन चालको के पास लाइसेंस व प्रशिक्षण का भी अभाव है। स्कूल प्रशासन के सामने बच्चों के अविभावक भी मजबूर है। मासूमों की जान से खिलवाड़...परिवहन विभाग की सख्ती बेअसर, स्कूल बस और ऑटो मेंफिर दिखी ओवरलोडिंग जिला परिवहन विभाग की सख्ती का कोई असर स्कूल बसों, स्कूल वैन और ऑटो पर नहीं दिख रहा है।

जिले में परिवहन विभाग की सख्ती का कोई असर स्कूल बसों, स्कूल वैन और ऑटो पर नहीं दिख रहा है।

कई स्कूल बसों में ड्राइवर बिना यूनिफॉर्म के थे। क्षमता से अधिक स्कूली बच्चे बसों में सवार थे, पर बस, ऑटो व वैन चालक बेखौफ सड़कों पर फर्राटा भरते रहे।

आरटीओ की चेतावनी के बाद भी ओवरलोडिंग व सुरक्षा के इंतजाम में कोई बदलाव नहीं आया। पहले की तरह ही नौनिहालों की जान से खिलवाड़ जारी रहा। वहीं, अनफिट वाहनों को नोटिस भेजेने के बाद भी ये सड़कों पर बिंदास चल रहे हैं।

हालात ऐसे तब जब बस व ड्राइवर पर मान्यता की जिम्मेदारी

जिला प्रशासन के अनुसार बस की हालत और ड्राइवर पर अब स्कूल की मान्यता की भी जिम्मेदारी रहेगी। ड्राइवर ने अगर सड़क

सुरक्षा मानकों की तीन बार अनदेखी की तो संबंधित स्कूल की मान्यता रद्द कर दी जाएगी। स्कूल बस में ओवरलोडिंग मिलने पर

प्रबंधन पर सख्त कार्रवाई होगी। पहली बार जिला सुरक्षा समिति के निर्देशों का उल्लंघन करने पर स्कूल प्रबंधन को चेतावनी दी

जाएगी और इसका रिकॉर्ड रखा जाएगा। दूसरी बार उसी स्कूल की बस में गड़बड़ी मिली, तो बस जब्त कर ली जाएगी। तीसरी बार गलती करने पर स्कूल की मान्यता रद्द कर दी जाएगी।

**इनका कहना है..**

आरटीओ प्रशासन हरिशंकर सिंह ने कहा, 'स्कूल बसों की जांच की गई। जिन बसों में कमियां पाई गई उन्हें नोटिस दिया गया है। अगली बार से बसें जब्त की जाएंगी । स्कूलों में जाकर भी प्रशासन की ओर से अनफिट, बिना रोड टैक्स और सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया है।'

## कारागार से रिहा होने के उपरांत कैदी को निजी व्यवसाय शुरू करने को मिलेगा लोनःबृजेन्द्र सिंह

स्वतंत्र प्रभात



**अलीगढ़,।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा प्रायोजित "कौशल विकास पहल" योजना के अंतर्गत आजाद फाउण्डेशन के तत्वावधान में प्रशिक्षित जिला कारागार अलीगढ़ में निरुद्ध महिला और पुरुष बंदियों को सकुशल प्रशिक्षण पूर्ण करने पर उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उक्त समारोह में वरिष्ठ जेल अधीक्षक के साथ आजाद फाउण्डेशन की सचिव ,शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी सूफिया जावेद (लुमोस लाइटिंग) शिबा शमीम (डायरेक्टर, आर. आर. कलेक्शन), विवेक कुमार चौधरी (रायल रिटेलर्स) नाबार्ड के सम्मानित अधिकारी नितिन कुमार , सुरेश कुमार , मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वरिष्ठ जेल अधीक्षक द्वारा अपने सम्बोधन में प्रशिक्षित सभी महिला एवं पुरुष बंदियों की हौसला अफजाई करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी गई तथा स्वावलंबी और आत्मनिर्भर जीवनयापन करने की प्रेरणा देते हुए भविष्य में सदैव अपराध से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर नाबार्ड से उपस्थित सम्मानित अधिकारियों द्वारा सभी प्रशिक्षित बंदियों को जिला कारागार अलीगढ़ द्वारा प्रदत्त प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के आधार पर कारागार से रिहा होने के उपरांत अपना निजी व्यवसाय शुरू करने हेतु आवश्यकतानुसार लोन उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रशिक्षित बंदियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गये और प्रशिक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बंदियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण संचालित कराने वाले सम्मानित प्रशिक्षकों क्रमशः मोहम्मद बिलाल, शमा व शबाना को वरिष्ठ जेल अधीक्षक द्वारा प्रतीक चिन्ह (मोमेंटो) देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ जेल अधीक्षक बृजेन्द्र सिंह यादव के द्वारा उपस्थित सभी सम्मानित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते आजाद फाउण्डेशन द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की गई।

# पूर्व सैनिक सुरक्षा गार्ड ड्यूटी के लिए उपलब्ध कराएं दस्तावेज

अलीगढ़,। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने जिले के सभी पूर्व सैनिकों को सूचित किया है कि एनएचएम के अन्तर्गत जिलों, सीएचसी, पीपीसी एव 'बीएमसी में पूर्व सैनिकों पर आधारित सुरक्षा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए 125 पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रित (महिला कर्मी) को सुरक्षा गार्ड ड्यूटी के लिए नियुक्त किया जाना है। उन्होंने अनुरोध किया है कि इच्छुक पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित (महिला) अपने प्रार्थना पत्र के साथ अपनी डिस्चार्ज बुक, पैन कार्ड एवं जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय अलीगढ़ द्वारा जारी पहचान पत्र और बैंक पासबुक की छायाप्रति




यथाशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किए अच्छे अंक प्राप्त

स्वतंत्र प्रभात









**नवाबगंज गोंडा!** गोंडा जिला के इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं में बच्चे हुए अच्छे अंकों से पास जिसमें श्रेयांश पांडे ने सबसे अधिक अंक प्राप्त किए और क्षेत्र का नाम क्या रोशन। और भी कई बच्चे जैसे की यशस्वी सिंह, कुलदीप मिश्रा, प्रांजल श्रीवास्तव, आराध्या मिश्रा, आगमन भट्ट, अत्रे मिश्रा, निश्चय दुबे, निखिल वर्मा।आदि ने अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय और अपने परिवार वालों का नाम रोशन किया। वहीं पर इंटर के भी बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया जिसमें चेतन अग्रवाल ने सबसे अधिक अंक प्राप्त किया । और कई बच्चे जैसे वत्रिका पांडे ,आर्य यादव आदि ने भी अच्छे अंक प्राप्त किया और अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती नेहा सिंह व विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ मधुप मिश्रा ने विद्यालय में बच्चों को प्रोत्साहित किया।

## भाजपा ने मतगणना के दिन की रूप रेखा की तैयार, कंट्रोलरूम से रहेगी नजर

● - लोकसभा चुनाव को बड़े अंतर से जीतेगी भाजपाः घनश्याम लोधी

मतगणना की तैयारियों में जुटी भाजपा, कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी'



भाजपा कार्यालय में तैयारियों को अंतिमरूप देते महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी।

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** भाजपा ने मतगणना के दिन यानी चार जून की तैयारी शुरू कर दी है। मतगणना के दिन कंट्रोल रूम से हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी और जिले के बड़े नेता और प्रभारी कंट्रोल रूम में मौजूद रहेंगे। जिला भाजपा कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी के नेतृत्व में आयोजित की गई बैठक में मतगणना के दिन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में पदाधिकारियों द्वारा मतगणना के दौरान तैनात किए जाने वाले अभिकर्ताओं के नाम तय कर दिए गए हैं। इसके साथ ही भाजपा ने मतगणना के दिन चार जून को क्षेत्रीय स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करने का निर्णय लिया है, जिसमें दिनभर पार्टी के वरिष्ठ नेता बैठेंगे। इस लोकसभा चुनाव में 400 सीटों का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा के लिए मथुरा सीट विशेष महत्व रखती हैं। भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता जीत के प्रति आश्वस्त हैं। चौथे चरण के मतदान के बाद यह स्पष्ट है कि जनता का रुझान पूरी तरह भाजपा के साथ है। मथुरा लोकसभा सीट भी बड़े अंतर से भाजपा जीतेगी। महानगर अध्यक्ष ने बताया पार्टी के स्तर से मतगणना के दौरान नियुक्त किए जाने वाले मुख्य अभिकर्ता और टेबलवार तैनात होने वाले अभिकर्ताओं की सूची फाइनल कर दी गई है। बैठक में चुनाव सह संयोजक मुकेश खन्डेलवाल, महानगर महामंत्री सुनील चतुर्वेदी, सुल्तान तरकर, सुरेंद्र निषाद, चंद्रपाल कुंतल, ज्ञानेंद्र राणा, अनुराग चतुर्वेदी, धर्मेश सोनकर, कुँजबिहारी चतुर्वेदी, अनिल खंडेलवाल, यशराज चतुर्वेदी, राजू चौधरी, राम रतन चौधरी, यशपाल सिंह, विक्रम मुद्गल, नंदकिशोर कुंतल, बाँके बिहारी शर्मा, प्राणवल्लभ दुबे, प्रदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

# संविदा कर्मी की मौत के बाद परिजन दिखे बेबस

● - बिजली की लाइन की चपेट में आकर लाइनमैन की मौत

हाईवे से ग्रामीणों को हटाने के लिए पुलिस ने फटकारी लाठियां



नाराज ग्रामीणों को समझाते पुलिस अधिकारी।

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** बिजली विभाग सहित दूसरे विभागों में काम कर रहे संविदा कर्मियों पर इतना दबाव होता है कि वह कभी भी अपने हक और अधिकारों की बात उठा नहीं पाते हैं। जब किसी हादसे में संविदा कर्मी की मौत हो जाती है तब मृतक के परिजन असहाय नजर आते हैं। उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं होती कि उसे कहां से किस तरह की मदद मिल सकती है और सेवा शर्तें क्या हैं। थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत छटीकरा में खंभे पर काम कर रहे 28 वर्षीय लाइनमैन मनोज पुत्र रज्जो निवासी बाटी की लाइन पर काम करते समय करंट लगने से मौत हो गई। परिजनों ने बिजलीघर एसएचओ पर बिना सूचना के बिजली छोड़ने का आरोप लगाया। गुस्साए परिजनों ने मुआवजा व एक व्यक्ति की नौकरी की मांग को लेकर बिजलीघर का घेराव कर दिया। ग्रामीणों को आता देख एसडीओ व जेई बिजलीघर छोड़कर फरार हो गए। जब मौके पर कोई बिजली विभाग का कोई अधिकारी नहीं आया तो परिजनों ने ग्रामीणों के साथ हाईवे जाम की कोशिश की। हाईवे से ग्रामीणों को हटाने के लिए पुलिस ने लाठियां फटकारी। घटना की जानकारी होती है मौके पर एसपी सिटी अरविंद सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट वैभव गुप्ता, थाना हाईवे, थाना वृंदावन पुलिस मौके पर पहुंच गई। मुआवजे के आश्वासन पर ग्रामीण व परिजन शांत हुए। मृतक के भाई गुड्डू के साथ ग्रामीणों की मांग थी कि मृतक आश्रित कोटा में परिवार के सदस्य को नौकरी दी जाये। अपर नगर मजिस्ट्रेट राजकुमार भास्कर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने कहा कि मृतक के छोटे बच्चे हैं, लालन पालन के लिए परिवार के किसी सदस्य को नौकरी दें।

# खाद्य पदार्थों में हर जगह मिल रही गडबडी फिर भी सब सही!

● - खाद्य सुरक्षा विभाग का पनीर प्लांट पर छापा, प्लांट बंद कराया



खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम पनीर प्लांट पर कार्यवाही करते हुए।

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** जांच बिना आंच के पूरी हो रही हैं। खाद्य विभाग की कार्यवाही में हर जगह गडबडी मिल रही है फिर भी जिम्मेदारों का दावा यही है कि सब सही है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मिलावट खोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत सहायक आयुक्त डॉक्टर गौरी शंकर के निर्देशन में पानी गांव स्थित पनीर प्लांट ब्रज वृंदावन मिल्क प्रोड्यूसर प्रतिष्ठान पर छापा मार कार्रवाई की गई। पनीर प्लांट का सघन निरीक्षण कर संदेह होने पर पनीर बनाने में प्रयुक्त होने वाले मिलावटी दूध, पनीर तथा परिसर में रखे हुए संदेहास्द खाद्य पदार्थ पामोलिन रिफाइंड का एक एक नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया तथा प्लांट में पाई गई। अनियमितता को देखते हुए प्लांट को बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही काफी मात्रा में दूषित मावा एवं खराब हो चुके घी को नष्ट कराया गया। किशोरपुरा वृंदावन स्थित जगन्नाथ पंसारी के खाद्य प्रतिष्ठान से निरीक्षण के उपरांत गोवर्धन ब्रांड के घी का एक नमूना संग्रहित किया गया। पत्थर पुरा तांगा स्टैंड स्थित नागेश तिवारी के मिल्क प्रोडक्ट प्रतिष्ठान का निरीक्षण कर मानक अनुसार लाइसेंस लेने के निर्देश दिए गए। कार्रवाई के दौरान टीम में एसपी तिवारी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी तथा गजराज सिंह एस एस निरंजन खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

**वर्जन**

सभी डेयरी तथा पनीर प्लांट संचालकों को निर्देशित किया जाता है कि मिल्क प्रोडक्ट बनाते समय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें तथा कोई भी अप मिश्रक पदार्थ जैसे रिफाइंड आदि न रखें अन्यथा उनके लाइसेंस निलंबित किए जाएंगे। -डॉ. गौरी शंकर सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मथुरा

# क्रिकेट खेल रहे युवक पर गिरी आकाशीय बिजली, मौत

● - बलदेव के गांव गढसौली में हुई घटना




**मथुरा।** क्रिकेट खेल रहे युवक पर अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे युवक की मौत हो गई। आकाशीय बिजली गिरने की यह घटना बल्देव क्षेत्र के गांव गढसौली में हुई। तेज अंधड़ बारिश के साथ कड़की आकाशीय बिजली ने एक ही पल में क्रिकेट खेलते युवक को अपना शिकार बना लिया जिसमें उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। शाम गांव गढ़सौली में कुछ युवक मैदान में क्रिकेट खेल रहे थे जिनमें 20 वर्षीय राकेश कुमार पुत्र हाकिम सिंह भी शामिल था अचानक आकाश में बादल छा गये सभी युवक खेल मैदान से हटकर एक टीन शेड में बैठ गये जबकि राकेश कुछ दूर एक पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। कुछ देर बाद अचानक बादल में तड़तड़ाहट हुई। आकाश से बिजली राकेश पर गिरी। टीन शेड में बैठे उसके दोस्त उसकी ओर दौड़े तब तक राकेश बुरी तरह झुलस गया। जानकारी मिलते ही ग्रामीण एवं परिजन युवक को लेकर अस्पताल पहुंचे जहाँ डाक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। महावन तहसीलदार सुशील कुमार गुप्ता ने बताया आकाशीय बिजली से हुई घटना की जानकारी मिली है नायब तहसीलदार एवं लेखपाल को मौके पर भेजा गया उनकी रिपोर्ट के आधार पर सरकार द्वारा आपदा से संबंधित मुआवजा देने की कार्यवाही की जायेगी।

# बसपा की शिखर से शून्य पर वापसी



बहुजन समाज पार्टी ने अपना सफर शून्य से शुरू किया था और यह शून्य कई चुनावों में उनके आसपास ही घूमता रहा। हालांकि शून्य से शिखर पर लाने की शुरुआत बसपा के सुप्रीमों कांशीराम ने कर दी थी जब उन्होंने समाजवादी पार्टी से गठबंधन किया था लेकिन बसपा का सही आकार मायावती ने ही तय किया। मायावती ने बहुजन समाज पार्टी को दलितों के अतिरिक्त मुस्लिम और कुछ समय ब्रह्मण वर्ग के लिए भी पसंदीदा बना दिया था। बसपा सुप्रीमो मायावती ने उत्तर प्रदेश में चार बार सरकार बनाई। हालांकि तीन बार उन्होंने सरकार बनाने के लिए बाहरी समर्थन लिया लेकिन एक बार वह पूर्ण बहुमत के साथ सरकार में आईं। मायावती को लोग अच्छे प्रशासन चलाने के लिए याद करते हैं। लेकिन आज बहुजन समाज पार्टी का ग्राफ लगातार नीचे गिर रहा है। लेकिन यदि आज की राजनीति में देखें तो मायावती इसके लिए कोई प्रयत्न भी करती नजर नहीं आ रहीं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वह भारी दबाव में हैं। हालांकि मायावती को राजनीति का बहुत बड़ा अनुभव है लेकिन वह फिर भी पता नहीं क्यों शांत नजर आ रही हैं। अभी हाल ही में मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक के रुप में प्रस्तुत कर अपना उत्तराधिकारी बनाया था। आकाश आनंद ने 2-3 जनसभाएं ही की थीं लेकिन उनके तेवर ऐसे थे कि उन्होंने सभी को प्रभावित किया। एक परिपक्व राजनेता की तरह उन्होंने मंच से भारतीय जनता पार्टी को ललकारा। कई ऐसे शब्द भी उनके भाषण में थे जो शायद उनको कहने चाहिए थे या नहीं यह तो जनता ही तय कर लेगी लेकिन उनके भाषण में उन आपत्तिजनक शब्दों को लेकर उनपर एफआईआर दर्ज हो गई।


एफआईआर दर्ज होने के बाद भी आकाश आनंद पर कोई फर्क नहीं पड़ा उनके तेवर वही थे और लगातार भारतीय जनता पार्टी पर वह वार पर वार कर रहे थे। इसी बीच मायावती ने अपना निर्णय बदला और आकाश आनंद को बहुजन समाज पार्टी के सभी पदों से मुक्त कर दिया। यहां तक कि अपने उत्तराधिकारी से भी उन्होंने हटा दिया। इस पर बसपा सुप्रीमो मायावती का तर्क था कि आपका आनंद अभी अपरिपक्व हैं इसलिए उसको बहुजन समाज पार्टी के सभी पदों से हटाया जा रहा है। ऐसा करना आम जनता को पसंद नहीं आया। यह शायद बसपा सुप्रीमो मायावती की कोई राजनीतिक मजबूरी रही होगी। खैर यह उनका अपना व्यक्तिगत निर्णय था वह किसको उत्तराधिकारी बनातीं हैं किसको नहीं यह उन्हें ही तय करना है। लेकिन एक परिपक्व नेता के भाषण में जो धार होती है वह आकाश आनंद के तेवरों में दिखाई दी। लेकिन आज की राजनीति शायद हटो और बचो की ही है। जो पुराने राजनैतिक खिलाड़ी हैं वह आज इसी तरह की राजनीति कर रहे हैं। यदि आप सत्ता के साथ हैं तो सब कुछ ठीक है लेकिन यदि सत्ता के विरोध में हैं तो आपको नाप तौल कर ही बोलना होगा। एक समय था कि कांशीराम की बहुजन समाज पार्टी, उनके चुनाव चिन्ह हांथी और नीले झंडे को कोई नहीं पहचानता था। यह बहुजन समाज पार्टी का शुरुआती दौर था। कांशीराम पंजाब के होशियारपुर से आते थे लेकिन उन्होंने राजनीति के लिए उत्तर प्रदेश को मुफीद समझा क्योंकि वह जिस वर्ग की राजनीति करने के लिए सामने आए थे। उसके लिए उत्तर प्रदेश से बढ़िया कोई राज्य नहीं था। उत्तर प्रदेश में उस समय भी धर्म और जाति की राजनीति हावी थी और कांशीराम दलितों के राजनीति करने के लिए आगे आए थे। यह उनको भी मालूम था कि केवल एक वर्ग विशेष को लेकर उनका सपना कभी पूरा नहीं हो सकता। क्यों कि वह कई लोकसभा चुनाव लड़े परंतु सभी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। लेकिन तभी उनकी मुलाकात उत्तर प्रदेश की राजनीति में अग्रणी भूमिका रखने वाले मुलायम सिंह यादव से हुई। मुलायम सिंह यादव ने उनसे राजनैतिक समझौता किया और इटावा लोकसभा सीट से अपने प्रत्याशी रामसिंह शाक्य को डमी कराकर कांशीराम को पहली बार इटावा से जीत दिलाकर संसद तक पहुंचाया। यह बात निश्चित थी कि यदि बहुजन समाज पार्टी की बागडोर कांशीराम के हाथों में रहती तो मुलायम सिंह यादव और कांशीराम की जोड़ी को उत्तर प्रदेश की सत्ता से कोई नहीं हटा सकता था। लेकिन जब कांशीराम उम्रदराज हुए तो उन्होंने अपना उत्तराधिकारी मायावती को बना दिया और बहुजन समाज पार्टी की बागडोर मायावती के हाथों में आ गई। मायावती के हाथों में बहुजन समाज पार्टी की बागडोर आते ही उन्होंने सबसे पहले मुस्लिम मतों पर धावा बोला। क्यों कि मुस्लिम मतदाता उस समय कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को ही पसंद करता था। लेकिन मायावती के आने के बाद मुस्लिम मतदाता के पास तीन विकल्प हो गये थे। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी। लेकिन इसमें वह यह देखता था कि किस पार्टी का प्रत्याशी जीत सकता है अपना मत उसी को दे। फिर एक समय ऐसा आया कि उत्तर प्रदेश की राजनीति समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के इर्द-गिर्द ही घूमती रही। लगभग 30 वर्ष तक ये दो पार्टियां ही उत्तर प्रदेश की सत्ता पर काबिज रहीं। लेकिन जैसे ही अयोध्या में राम मंदिर को लेकर भारतीय जनता पार्टी सड़कों पर उतरी तो वोट जाति के साथ साथ धर्म पर भी पड़ने लगा। मायावती ने अपने राजनैतिक जीवन में तमाम चढ़ाव उतार देखे लेकिन आज बहुजन समाज पार्टी की जो स्थिति है वह किसी से छिपी नहीं है। उत्तर प्रदेश विधानसभा में उनका मात्र एक विधायक ही है। यदि पिछला लोकसभा चुनाव बहुजन समाज पार्टी, सपा से गठबंधन करके नहीं लड़ती तो यही स्थिति उनकी लोकसभा में भी होती।

पिछली लोकसभा में बहुजन समाज पार्टी के दस सांसद हैं। इस चुनाव में जब देश की सभी पार्टियों ने मिलकर एक होकर चुनाव लड़ने के लिए इंडिया गठबंधन बनाया तो मायावती ने अपने आप को वहां से अलग कर लिया। और ऐलान कर दिया कि बहुजन समाज पार्टी किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं होगी और अकेले ही पूरे देश में चुनाव लड़ेंगी। मायावती का यह फैसला काफी आश्चर्यजनक था। क्यों कि बहुजन समाज पार्टी लगातार हांसिए पर जा रही थी और ऐसे में कोई भी सहारा तलाशता है। इसी बीच मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को बसपा का राष्ट्रीय संयोजक बनाकर अपना उत्तराधिकारी बना दिया। आकाश आनंद के तेवरों में अच्छे भविष्य के संकेत नजर आ रहे थे। लेकिन वह भी दबाव की राजनीति के शिकार हो गए। जैसे ही उनपर एफआईआर दर्ज हुई मायावती ने उन्हें सभी पदों से हटा लिया। शायद मायावती नहीं चाहतीं थीं कि आकाश आनंद अपने शुरुआती राजनैतिक कैरियर में ही शिकार बन जाएं। खैर आकाश आनंद के लिए अभी बहुत समय है। उनकी उम्र अभी बहुत कम है लेकिन यह निश्चित है कि बहुजन समाज पार्टी की लोकप्रियता फिर से शिखर से शून्य की तरफ जा रही है। मायावती के पास इस समय दलित वोट के अलावा कुछ नहीं है। यदि ऐसा ही चलता रहा तो शायद दलित वोट भी अन्य किसी पार्टी को शिफ्ट हो सकता है। आजाद समाज पार्टी के मुखिया चन्द्रशेखर आजाद लगातार प्रयास कर रहे हैं कि वह उत्तर प्रदेश के दलितों को अपने पाले में कर लें। लेकिन अभी तक चन्द्रशेखर को कोई बड़ी सफलता नहीं मिली है। लेकिन यदि बहुजन समाज पार्टी की राजनीति ऐसे ही चलती रही तो पार्टी हांसिए पर जा सकती है।

# संपादकीय

## करोड़पति जन सेवक और अधनंगी जनता

बात राजनीयति के इर्दगिर्द ही रहती है। रहना भी चाहिए,क्योकि मुद्दा है जहाँ,राजनीति है वहां। आज का मुद्दा है कि दो जून रोटी के लिए सरकार पर निर्भर 85 करोड़ कि आबादी वाले विश्व के सबसे बड़े लोकतनगर में जनसेवक किसे होना चाहिए और किसे नहीं ? क्या आजादी के 77 साल बाद भी ये लोकतंत्र केवल और क्केल धनपतियों के लिए ह। आम आदमी की इसमें हिस्सेदारी की मुमानियत है ? लोकसभा चुनाव के चार चरणों के बाद प्रत्याशियों की मालिई हालत के बारे में पढ़-सुनकर मन हुआ कि आज इसी मुद्दे पर बात की जाए। हम हैरान हैं,जग हैरान है कि पिछले एक दशक से देश के भाग्यविधाता बने काशी यानि बनारस के भाजपा प्रत्याशी के पास कुल जमा ले-देकर 3 करोड़ की सम्पत्ति है। जिला निर्वाचन अधिकारी के यहां नामांकन पात्र के साथ नास्ति किये गए हलफनामे के मुताबिक भाजपा प्रत्याशी श्री नरेंद्र मोदी जी के पास 2022-23 में कुल आमदनी 23 लाख 56 हजार 080 रुपये थी। मोदी की कुल संपत्ति 3 करोड़ 02 लाख 06 हजार 889 है। जाहिर है कि मोदी जी ने दस साल में खुद कुछ नहीं खाया भले ही तमाम लोगों को खाने दिया और देश से बाहर जाने दिया मोदी जी के प्रमुख प्रतिद्वंदी और रायबरेली से लोकसभा का चुनाव लड़ रहे राहुलगांधी के पास 20 करोड़ रूपये कि सम्पत्ति है। अकेले वित्त वर्ष 2022-23 के दौरानकुल आमदनी 1 करोड़2 लाख और 78 हजाररुपये थी। राहुल गांधी के पास 9 करोड़ से अधिक की चल संपत्तिऔर 11 करोड़ से अधिक की अचल संपत्ति है। निश्चित तौर पर मोदी जी कि विरासत राहुल की विरासत से न केवल सियासत के मामले में बल्कि पैसे के मामले में भी कमजोर है,फिर भी देश-दुनिया में मोदी जी का जोर है। मजे की बात ये है कि एक आदमी पिछले दस साल में हवाई जहाज से नीचे नहीं उतरा और दुसरे ने पूरा मुल्क पैदल नापने के अलावा कोई काम नहीं किया फिर भी दोनों करोड़पति है। भारत के लोकतंत्र में ही ये मुमकिन है। मेरे पास हालाँकि देश के तमाम नाम-चिन्ह नेताओं यानि जनसेवकों की सम्पत्ति का ब्यौरा है। लेकिन मै सबका जिक्र नहीं कर सकता। आपकी दिलचस्पी है तो आप केंचुआ की वेबसाइट पर जाकर सभी कि कुंडली हंगाल सकते हैं। मै तो केवल उन प्रत्याशियों का हवाला दे रहा हूँ जो



अकूत सम्पत्ति के मालिक हैं फिर भी चुनाव लड़कर जनता की सेवा करना चाहते हैं। इन करोड़पति जनसेवकों के प्रति हम गरीबों का मन कृतग्यता से लबालब है। सोचता हूँ कि यदि ये अरबपति,करोड़पति और लखपति जनसेवक न होते तो इस देश के लोकतंत्र का जनता का क्या होता ? जनसेवा का व्रत लेकर रजतपट की बदनाम दुनिया से सियासत में कदम रखने वाली कंगना रनौत को उसी तरह वालीवुड की क्वीन कहा जाता है जैसे किसी जमाने में फूलनदेवी को 'बैंडिट क्वीन कहा जाता था। दोनों कि अपनी सुंदरता है और अपनी-अपनी फैन फॉलोइंग है। फूलन को जाने दीजिये क्योंकि वे अब किसी स्वर्ग में विराजती हैं लेकिन हिमाचल के मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना जी कम से कम 90 करोड़ रूपये की मालकिन है। इतना धन लोकतंत्र में लोकसेवा किये बिना भी कमाया जा सकता है, वो भी केवल अपनी कला के बूते पर। कंगना राजनीति में आकर घाटे का सौदा कर रहीं है या नहीं ये भगवान जाने लेकिन देश को जानना चाहिए कि कंगना के पास क्या है और क्या नहीं है ?

12वीं पास बॉलीवुड अभिनेत्री और बीजेपी कैंडिडेट कंगना रनौत के पास कैश 2 लाख रुपये है और तमाम बैंक खातों, शेयरों-डिबेंचर्स और ज्वैलरी समेत अन्य को जोड़कर आलीशान घर, गाड़ियां और जूलरी के अलावा एक्ट्रेस के पास बैंक में भी करोड़ों रुपए जमा हैं कंगना के कुल 8 बैंक अकाउंट हैं। लेकिन आजतक किसी ईडी या सीबीआई ने कंगना के बैंक खाते नहीं खंगाले क्योंकि उन्होंने राजनीयति से नहीं अपने परिश्रम से कमाया है। कंगना ने हलफनामा देकर जिला निर्वाचन अधिकारी को बताया है कि उनके पास 91.50 करोड़ रुपए की संपत्ति है। आलीशान घर, गाड़ियां और जूलरी के अलावा एक्ट्रेस के पास बैंक में भी करोड़ों रुपए जमा हैं मुंबई में कंगना के अलग-अलग बैंक खाते में ढाई करोड़ से ज्यादा रुपए मौजूद हैं। कंगना रनौत के पास मुंबई में 7 और मंडी में एक, यानी कुल आठ बैंक अकाउंट हैं, जिनमें कुल मिलाकर 2 करोड़ 55 लाख 86 हजार 468 रुपए जमा हैं आईडीबीआई बैंक में एक्ट्रेस के दो खाते हैं जिनमें से एक में एक करोड़ सात लाख और दूसरे में 22 लाख जमा है। कंगना का बैंक ऑफ बड़ौदा में भी एक खाता है जिसमें 15,189,49 रुपए जमा हैं। हमारे लोकतंत्र में जनसेवा के लिए चुनाव लड़ने वाले तमाम ऐसे प्रत्याशी हैं जिनके पास मोदी ,राहुल या कंगना से भी सौ गुना ज्यादा समपत्ति है। हमारा लोकतंत्र किसी धनकुबेर को चुनाव लड़ने से नहीं रोकता। किसी की सम्पत्ती की जांच नहीं करता ,फिर भी देश को लूटने या बनाने के आरोपी अमीरों की उदारता है कि वे सीधे चुनाव नहीं लड़ते। वे इलेक्टोरल बांड के जरिये पैसा देकर लोगों को ,पार्टियों को चुनाव लड़वाते हैं। ये वे लोग हैं जो [ बकौल मोदी जी ] राहुल गांधी के यहां टेम्पो में भर -भरकर रुप्या पहुंचते हैं। अभी तक उपलब्ध जानकारी के मुताबिक़ अकूत सम्पत्ति के मालिकों के बीच सबसे गरीब उम्मीदवार कट्टा आनंद बाबू हैं, जो कि आंध्र प्रदेश के बापटला संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। 32 साल के आनंद बाबू पोस्ट ग्रेजुएट है। इनके खिलाफ कोई भी आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। इनकी कुल चल संपत्ति 7 रुपये है, जबकि अचल संपत्ति के नाम पर कुछ भी नहीं है। इसके अलावा इनके ऊपर 2.5 लाख रुपये का कर्ज भी है। मुझे पता है कि ये देश कभी भी आनंद बाबू को अपना जन प्रतिनिधि नहीं चुनेगा। इस देश में आंध्र प्रदेश की गुंटूर सीट से टीडीपी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ही चुने जायेंगे। चंद्रशेखर पेम्मासानी के पास कुल संपत्ति 5,705 करोड़ रुपये से अधिक की है। भारत के इस अजब-गजब लोकतनत्र में प्रत्याशी जितने अजब-गजब हैअन मतदाता भी उतने ही अजब-गजब है। वे आनंद जैसों को नहीं पेम्मासानी जैसों को ही चुनते हैं। मतदाता कभी किसी से ये सवाल नहीं पूछता कि उसके पास आखिर अकूत दौलत आई तो आई कहाँ से ? वैसे भी लोकतांत्र के ताजा दौर में सवाल करने की इजाजत किसी को है नहीं।

# और अब नामांकन भी गया उत्सव


चाहे वह प्रधानमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह हो, चुनाव प्रचार में रैली या रोड शो करना हो,जी एस टी जैसी नीति लागू करनी हो यहां तक कि कोविड जैसी विश्व की अब तक की सबसे बड़ी आपदा ही क्यों न हो, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन जैसे सभी अवसरों में 'उत्सव' तलाशने में विशेष महारत रखते हैं। हालांकि समय समय पर ज़रुरत के अनुसार वे यह भी बताने से भी नहीं चूकते कि उनकी परवरिश बेहद ग़रीबी में हुई। वह सार्वजनिक तौर पर भी कई बार अपनी ग़रीबी का ज़िक्र करते हुये अपने बचपन की कई दास्तानें सुना चुके हैं। वे स्वयं अपने व अपनी मां के पीड़ादायक दिनों का जिक्र करते हुये बता चुके हैं -'कि बेचारी मेरी मां बर्तन साफ़ किया करती थीं। मैंने अपनी मां को दूसरों के घरों में बर्तन मांजते देखा है। साथ ही वह हमारा पालन पोषण भी बखूबी करती थीं। उन्होंने यह भी बताया था कि -' हम बिनौले छीलते थे, सुबह बेचने जाते थे, जिससे हमें जीने के लिए कुछ मज़दूरी मिलती थीं'। मोदी ने कहा कि मजबूरियों से घिरी मां के बोझ को कम करने के लिए मैंने खुद चाय बेची थी। प्रायः वे अपनी परवरिश के लिए दिये गये अपनी मां के बलिदान को याद करते रहते हैं। उनकी इस बाल कथा को सुनकर निश्चित रूप से सुनने वालों का मन यह सोचकर द्रवित हो उठता है कि इतनी ग़रीबी में पलने वाला व्यक्ति किस तरह भारतीय संविधान व लोकतंत्र की महिमा से देश के सर्वोच्च पद तक पहुँच सका। और जब वही मोदी यह कहते हैं कि मैं प्रधानमंत्री नहीं बल्कि प्रधानसेवक हूँ। वे स्वयं को फ़क़ीर भी बताते हैं। यहाँ तक कि जब उनसे यह पूछा जाने लगता है कि उनमें यह 'फ़क़ीरी' आई कहाँ से ? और वे ख़ुद ही यह भी कहते हैं कि - 'विरोधी मेरा क्या कर लेंगे? हम तो फ़क़ीर आदमी हैं, झोला लेकर चल पड़ेंगे।

यह फ़क़ीरी है, जिसने मुझे गरीबों के लिए लड़ने की ताक़त दी है। संघ से जुड़े अपने शुरूआती दिनों पर रौशनी डालते हुये वे यह भी बता चुके हैं कि काफ़ी दिनों तक वे अहमदाबाद के मणिनगर में डॉ. हेडगेवार भवन में रुके थे ,वहां वे सफ़ाई करते थे। वहां उनका यही काम था, सुबह 5 बजे उठना, झाड़ू-पोछा लगाना. सबके लिए चाय बनाना और 5.20 बजे सबको उठाकर चाय देना। मोदी यह भी कह चुके हैं कि - %कोई भरोसा नहीं करेगा, लेकिन मैं 35 साल तक भिक्षा मांग कर खाया हूं। बेशक ये बात किसी के गले नहीं उतरेगी। हालांकि, मैं कहीं बता कर नहीं जाता था। वहां जाने पर जो भी मिल जाता, मैं खा लेता। अगर नहीं मिलता तो नहीं खाता। मेरा जीवन ऐसे ही गुज़रा है। कभी पार्टी के काम से देर से आया तो खिचड़ी बना कर खा लेता था%। और प्रधानमंत्री बनने के बाद जब वे कभी कभी संतों की वेशभूषा में कहीं कहीं शाष्टांग दंडवत करते दिखाई देते हैं तो भी यही गुमान भी होने लगता है कि वास्तव में देश को ग़रीबी में परवरिश पाने वाला कोई संत फ़क़ीर रुपी प्रधानमंत्री मिला है। ज़ाहिर है ऐसे घोर ग़रीबी में पलने वाले ऐसे व्यक्ति से तो यही उम्मीद की जा सकती है कि उसका सारा जीवन सादगी से भरा हुआ होगा उसके रहन सहन व क्रिया कलापों में भी सादगी की झलक नज़र आएगी। और उसका सारा जीवन ग़रीबों के कल्याण में व उनका जीवन स्तर ऊपर लेजाने में गुज़रेगा।

परन्तु इन्हीं नरेंद्र मोदी का एक ऐसा रूप भी है जो उनकी बालकथा से बिल्कुल विपरीत है। उनका खान पान परिधान आदि तो शाही हैं ही साथ ही उनके राजनैतिक व सरकारी क्रिया कलाप व आयोजन भी इतने ख़र्चीले हैं जितने कि पूर्व के किसी भी प्रधानमंत्री के नहीं रहे। मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही अपनी यात्रा के लिए लगभग 8,458 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक दो बोईंग 777-300श्वक्रविमान ख़रीदे। यह विमान अमेरिकी राष्ट्रपति के एयरफ़ोर्स वन की तरह के हैं। बल्कि कई मामलों में उससे भी आधुनिक हैं। एक 'ग़रीब प्रधानमंत्री' के इस क़दम की बहुत आलोचना हुई थी क्यूंकि इसमें देश की ग़रीब जनता का पैसा लगा था। इसी के साथ मोदी ने सेंट्रल विस्टा नामक परियोजना के तहत नया संसद भवन बनवा डाला। इस परियोजना की लागत अनुमानतः 13,450 करोड़ थी। यह भी जनता के टैक्स के पैसों से बनाया गया ऐसा प्रोजेक्ट था जिसकी देश को कोई आपातकालीन ज़रुरत नहीं थी। पुराना संसद भवन भी अभी पूरी तरह मज़बूत अवस्था में है। मगर यह सब एक 'फ़क़ीर प्रधानमंत्री' के फ़ैसले थे। मोदी जी को जहां मंहगे व बेशक़ीमती परिधान पहनने व दिन में कई बार लिबास बदलने का शौक़ है वहीँ इनकी घड़ियाँ व पेन आदि भी लाखों रूपये क़ीमत के और विदेशी होते हैं। याद कीजिये राष्ट्रपति ओबामा के भारत दौरे पर मुलाक़ात के समय नरेंद्र मोदी ने जो कोट सूट पहना था उसके फ़ैब्रिक




में ही नरेंद्र दामोदरदास मोदी बुना हुआ था। जब इस आलीशान शहंशाही परिधान की खूब आलोचना हुई तो इसे नीलाम कर दिया गया। उसी के बाद विपक्षी मोदी सरकार को सूट बूट वाली सरकार कहते हैं। मेकअप कराना फ़ोटो शूट कराना,पोज़ देना ,कैमरे में अपने सिवा अन्यों को फ़्रेम से बाहर रखना जैसी 'फ़क़ीरी भरी ' बातों से तो सभी वाक़िफ़ हैं इतना ही नहीं बल्कि सरकारी ख़र्च पर बड़े बड़े आयोजन करना चुनावी सभाओं व रैलियों को करोड़ों ख़र्च कर उत्सव का रूप देना ,अपनी छवि चमकाने के लिया एजेंसियां अनुबंधित करने व विज्ञापन आदि पर जनता का पैसा ख़र्च करना भी इनके शग़ल में शामिल है। गुजरात में चुनाव प्रचार के दौरान सी प्लेन मोदी ने सी प्लेन उद्घाटित किया और वोट बटोरने की कोशिश की परन्तु बाद में वह सेवा ही बंद हो गयी। जी एस टी जैसा कथित तौर पर व्यावसायिक विरोधी कहा जाने वाला क़ानून जिस रात लागू हुआ उस रात तो ऐसा जश्न मनाया गया गोया देश को नई आज़ादी मिली हो। चुनावों में होने वाले इनके रोड शो बेहद ख़र्चीले होते हैं। इनके रोड शो में ट्रकों में भरकर फूल मंगाए जाते हैं। एक स्थान पर सैकड़ों कार्यकर्त्ता उनकी पंखुड़ियां अलग करते हैं। फिर पूरे रस्ते में पार्टी कार्यकर्त्ता निर्धारित दूरी व स्थान पर थैलों में उन पंखुड़ियों को लेकर सड़कों व छतों पर खड़े होते हैं। और 'शहंशाह रुपी फ़क़ीर' के वहां से गुज़रने पर उनपर पुष्प वर्षा करते हैं। जबकि देश को टी वी पर देखने में यही लगता है कि जनता फूल बरसा कर उनका स्वागत




कर रही है। पिछले दिनों वाराणसी में उनके नामांकन के दौरान भी इसी तरह का दृश्य देखने को मिला। पहले उन्होंने 13 मई को वाराणसी में 6 किमी लंबा बेहद ख़र्चीला रोड शो किया। उसके बाद क्रूज़ पर बैठ वाराणसी के घाटों का भ्रमण किया। उसी क्रूज़ पर एक 'गोदी मीडिया ' के सदस्य टी वी चैनल को एक सुगम साक्षात्कार दिया। उसमें अपनी भावुकता जमकर दर्शायी। उसके बाद 14 मई को नामांकन में तो काशी में भाजपा के दिग्गजों का जमावड़ा लग गया। इनमें गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा,केंद्रीय मंत्रिमंडल के कई मंत्री,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व अनेक मंत्रियों के अलावा कई राज्य के मुख्यमंत्री भी वहां मौजूद रहे। गोया करोड़ों रूपये ख़र्च कर 'फ़क़ीर' की इस नामांकन प्रक्रिया को भी एक उत्सव का रूप दे दिया गया।

# लोकसभा चुनाव के दौरान रंग भेद की राजनीति

लोकसभा चुनाव के दौरान राजनेताओं के बयान सुनकर ऐसा लगने लगता है कि ये अपनी हदों को पार कर करने लगे हैं। अभी हाल ही में कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा के बयान की मीमड्डांसा की जा रही है। इसके तारतम्य यही है कि इस नेता ने भारत में भेद पैदा करने के प्रयास किए हैं, जो कभी सफल नहीं होने चाहिए। भारत में जिस प्रकार से सामाजिक विघटन की राजनीति की जा रही है, उससे समाज की शक्ति का लगातार पतन ही हुआ है। कभी तुष्टिकरण तो कभी वोट बैंक की राजनीति के बहाने सामाजिक एकता की राह में अवरोध पैदा करने के प्रयास किये गए, जिसके कारण समाज के कई हिस्से अलग अलग दुकान खोलकर बैठ गए और इसकी आज की राजनीति ने इसे मुंह मांगा इनाम भी दिया। जिसके कारण भारतीय समाज के बीच जो विविधता की एकता को दर्शाने वाली परंपरा रही, उसकी जड़ों में मट्ठा डालने का अनवरत प्रयास किया गया। यह सभी जानते हैं कि जिस देश का समाज कम से कम राष्ट्रीय मामलों पर एक स्वर व्यक्त करता है, वहां किसी भी प्रकार की सामाजिक बिखराव के प्रयास धूमिल ही होते है। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों को यह सामाजिक एकता अच्छी नहीं लगती, इसलिए वह अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो वाली नीति अपनाते हुए ही अपनी राजनीति करते हैं। ऐसे लोगों को भारत की सांस्कृतिक एकता खटकती है। ऐसे लोग कुत्सित राजनीति के माध्यम से भारत की जनता के मानस में ऐसे बीज बोने का ही काम करते हैं, जो प्रथम दृष्टया विभाजनकारी ही कहे जा सकते हैं। ऐसे बयानों पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। क्योंकि यह विचार देश का भला नहीं कर सकता। अगर ऐसा विचार लेकर कोई राजनीतिक दल राजनीति करता है तो उसकी प्रासंगिकता पर भी सवाल हो सकते हैं। राजनीतिक दलों ने अपना स्वार्थ साधने के लिए पूर्व और पश्चिम को अलग पहचान के रूप में प्रचारित करने में जोर लगाया, तो वहीं उत्तर और दक्षिण के लोगों के मन में नफ़रत की दरार को और ज्यादा चौड़ा किया। जबकि हमारे देश के नायकों ने एक भारत के रूप में स्वतंत्रता प्राप्त की। आज की राजनीति को देखते हुए यही कहा जा सकता है कि उनके सपनों को पूरा करने का ईमानदारी से प्रयास नहीं किया जा रहा। इसी कारण कहीं जातिवाद को हवा दी रही है तो कहीं तुष्टिकरण का प्रयास किया जा रहा है। आवश्यकता इस बात की है कि हमारे राजनीतिक दल समाज को एक करने की दिशा में कदम उठाएं। इससे समाज का तो भला होगा ही, देश भी मजबूत होगा।

वर्तमान में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने अस्तित्व बरकरार रखने के जिस प्रकार का परिश्रम किया जा रहा है, वह निसंदेह आवश्यक भी था, लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पिछले दो चुनावों की तरह इस बार भी पार्टी के इस अभियान को पलीता लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में शामिल विदेशी अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने जो बयान दिया है, उसे अनजाने में दिया बयान समझकर खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि सैम पित्रोदा कांग्रेस नेताओं के बहुत ख़ास रहे हैं। यहां तक कि राहुल गांधी के विदेशी दौरे भी यही प्रबंधित करते हैं। सैम पित्रोदा ने जो बयान दिया है, उससे भारत की कांग्रेस ने भले ही किनारा कर लिया हो, लेकिन विदेशों में सैम पित्रोदा भारत को किस रूप में प्रस्तुत करते होंगे, इस बात का सहज़ अनुमान लगाया जा सकता है। सैम पित्रोदा के बयान का आशय यह भी निकाला जा सकता है कि वे भारत को एक देश के रूप में नहीं देख सकते। उनकी नजरों में शायद भारत की चारों दिशाओं में अलग अलग देश दिखाई देते हैं। कुछ ऐसे ही बयानों के कारण कांग्रेस अपने अस्तित्व से जूझ रही है। कुछ इसी प्रकार के बयान कांग्रेस के अन्य नेता भी देते रहे हैं। एक बार मैंने अपने एक लेख में लिखा था, जिसका उल्लेख अन्य लेखक भी कर चुके हैं कि कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करते करते अनजाने में देश का विरोध करने लगती है। हालांकि कांग्रेस नेताओं का आशय देश विरोध का नहीं होगा, लेकिन सवाल यह है कि कांग्रेस के नेता ऐसे बयान देते ही क्यों हैं, जिसका एक अर्थ ऐसा भी निकलता है, जिससे देश का विरोध होने का संकेत मिलता है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा कांग्रेस के लिए कोई छोटा नाम नहीं है। वे कांग्रेस के मुख्य कर्ता धर्ताओं में गिने जाते हैं। हालांकि चुनाव में उनके बयान का विपरीत प्रभाव न हो, इसलिए सैम पित्रोदा का इस्तीफ़ा देना एक राजनीतिक कदम भी हो सकता है। अगर सैम पित्रोदा का इस्तीफ़ा लेना ही था तो उनके पहले दिए बयानों पर भी तो लिया जा सकता था। लेकिन कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया।

इससे कांग्रेस की सोच का पता चलता है और बैठे ठाले ही कांग्रेस ने भाजपा को एक और मुद्दा दे दिया। सैम पित्रोदा के बयान ने कांग्रेस की एक बार फिर से फ़जीहत करा दी। राहुल गांधी के इर्द गिर्द राजनीति करने वाले कांग्रेस के बड़े नेताओं के पलायन करने के बाद भी अगर शीर्ष नेतृत्व इस बात से अनभिज्ञ है कि कांग्रेस की ऐसी दुर्दशा क्यों हो रही है? तो स्वाभाविक ही है कांग्रेस को अपनी पिछली दो शर्मनाक पराजय का बोध भी नहीं हो सकता। अभी तक के राजनीतिक इतिहास में अपने सबसे बड़े दुर्दिनों का सामना कर रही कांग्रेस पार्टी समूहों में विभाजित होकर अवनति के मार्ग पर बेलगाम बढ़ती जा रही है। यह समस्याएं उसकी खुद की देन हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि वर्तमान में कांग्रेस की राजनीति में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इसके पीछे बहुत सारे कारण हो सकते हैं, लेकिन सबसे बड़ा कारण यह भी माना जा रहा है कि आज की कांग्रेस में स्पष्ट दिशा और स्पष्ट नीति का अभाव सा पैदा हो गया है। उसके जिम्मेदार नेताओं को यह भी नहीं पता कि कौन से मुद्दे पर राजनीति की जानी चाहिए और किस पर नहीं। इसी कारण कांग्रेस का जो स्वरूप दिखाई दे रहा है, वह अविश्वसनीयता के घेरे में समाता जा रहा है। यह स्थिति जहां एक ओर कांग्रेस के वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति अनास्था की धारणा को जन्म देने वाला कहा जा सकता है, वहीं यह भी प्रदर्शित कर रहा है कि राहुल गांधी युवाओं को आकर्षित करने में असफल साबित हुए हैं। इसमें उनकी अनियंत्रित बयानबाजी भी कारण है। हम जानते हैं कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक बार नहीं, बल्कि कई बार झूठे बयान दिए हैं, जिसमें वे माफी भी मांग चुके हैं। यह बात सही है कि झूठ के सहारे आम जनता को भ्रमित किया जा सकता है, लेकिन जब सत्य सामने आता है, तब उसकी कलई खुल जाती है। सबसे बड़ी विसंगति तो तब बनती है, जब अपने नेता के बयान को कांग्रेस के अन्य नेता समर्थन करने वाले अंदाज में निरर्थक रूप से पुष्ट करने का असफल प्रयास करते हैं। ऐसे प्रयासों से भले ही यह भ्रम पाल ले कि उसने केन्द्र सरकार को घेर लिया, लेकिन वास्तविकता यही है कि इसके भंवर में वह स्वयं ही फंसी नजर आती है। कांग्रेस अपनी कमियों को छिपाने के लिए भले ही भाजपा पर आरोप लगाने की राजनीति करे, लेकिन सत्य यह है कि इसके लिए कांग्रेस की कुछ नीतियां और वर्तमान में नेतृत्व की खामियां भी बहुत हद तक जिम्मेदार हैं। बयानों की राजनीति के बीच कांग्रेस एक बार फिर बैकफुट पर है। सैम पित्रोदा के बयान पर कांग्रेसी नेता सफाई भी देने की स्थिति में नहीं है। ऐसे बयान भारत को शक्तिशाली बनाने से रोकते हैं। इसलिए यह आज की आवश्यकता है कि भारत को शक्ति संपन्न बनाने की राजनीति की जाए।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उप्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित
संपादक-राजीव कुमार शुक्ल, मो. 7499472288
स्वतंत्र प्रभात
e-Mail- news@swatantraprabhat.com, RNI No. UPHIN/2019/79073
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त ख़बरें

## 01 जून को न्यायालय में सार्वजनिक अवकाश घोषित

**कुशीनगर।** जनपद न्यायाधीश अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मां0 उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देश के अनुपालन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत जनपद कुशीनगर में मतदान दिनांक 01 जून 2024 दिन शनिवार को होने के कारण जजशिप कुशीनगर में 01 जून 2024 (शनिवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

## 68 शीशी नेपाली शराब बरामद

**बरगदवा/महराजगंज।** बरगदवा पुलिस ने चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के मंगलापुर टोला मोहनापुर निवासी सितई पुत्र छब्बू के कब्जे से 68 शीशी अवैध नेपाली शराब बरामद किया है। पुलिस ने बरामद शराब सहित अभियुक्त को कब्जे में लेकर थाने आई तत्पश्चात आबकारी अधिनियम की धारा 60/63 के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय चालान कर दिया।उक्त संबंध की जानकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मीडिया सेल द्वारा दी गई है।

## स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर मतदान के लिए किया जागरूक




**बांदा।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आज अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व / उप जिला निर्वाचन अधिकारी, राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव एवं अन्य अधिकारियों एवं विद्यालय के शिक्षकों तथा विद्यालय के छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन महाराणा प्रताप चौराहे से किया गया। जिसमें जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ आदर्श बजरंग इंटर कालेज, जीआईसी, आदर्श शिक्षा निकेतन तथा एचएएल इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं ने रैली में शामिल होते हुए। आगामी 20 मई को लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु ,लोगों को जागरूक किया। मतदाता जागरूकता रैली महाराणा प्रताप चौक से जीआईसी, पंडित जैन पीजी कॉलेज होते हुए डीएम कालोनी से जीआईसी पर समाप्त हुई। मतदाता जागरूकता रैली में जिला विद्यालय निरीक्षक सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने स्लोगन एवं मतदाता जागरूकता से मतदाताओं को जागरूक करने हेतु अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करने का संदेश प्रसारित किया।

## सरकारी वन विभाग के जंगल मे लगी भीषण आग

**जसपुरा/बाँदा।** ब्लाक जसपुरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत नरजिता मजरा बहुण्डरी के जंगल मे बहुत भयंकर आग लग गई जिसकी सूचना ग्राम प्रधान शिवदर्शन प्रजापति नरजिता ने फायर ब्रिग्रेड विभाग को सूचना दी परन्तु दो घण्टे बाद पहुची दमकल मशीन जब तक लगभग डेढ़ किलोमीटर वन विभाग का जंगल मे खड़े हरे पेड़ व जंगली जिव जन्तु पक्षी जल कर नष्ट हो गये हजारो हरे भरे पेड़ जलकर स्वाहा हो गये।

## तथागत ज्ञानस्थली स्कूल में समर कैंप का हुआ आयोजन

**बांदा।** तथागत ज्ञानस्थली सीनियर सेकेंडरी स्कूल अतर्रा में दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप में स्कूल के छात्र /छात्राओं तथा अन्य विद्यालयों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और खूब लुफ्त उठाया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती राजाबाई कुशवाहा जी ने फीता काटकर किया। इस दौरान बच्चों ने वेलकम टू समर कैंप के नारे लगाते हुए खूब आनंद उठाया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने खेलदृकूद गतिविधियों के साथदृसाथ ही तंबू पिचिंग, बंदूक की शूटिंग, कमांडो नेट, टैटू कला,दीवार पर चढ़ना, पूल पार्टी, चप्पू नाव,पानी का रोलर, ट्रंपसीन, जिप लाइन, नदी पार,जादू का शो, वी शिप ब्रिज, वर्मा ब्रिज, धनुर्धर, बॉडी जोर्ब, कमांडो क्रॉसिंग, वर्षा नृत्य, फोम पार्टी, बॉयलर गेम, मिट्टी के बर्तन बनाना आदि विभिन्न एक्टिविटीज में भाग लिया। प्रधानाचार्या श्रीमती प्रीती जी. ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के बीच हुई हैं इससे उनका मन तरोताजा रहता है और विद्यार्थियों के मानसिक विकास में ऊर्जा का संचरण होता है। अंत में विद्यालय के चेयरमैन श्री शिव शरण कुशवाहा जी ने सभी बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा के अच्छे माहौल के लिए इस प्रकार की गतिविधियों को समय-समय पर कराते रहने के लिए कहा और बच्चों को उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।इस कार्यक्रम में स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।

# प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जॉच एवं स्क्रूटनी हुई सम्पन्न

**●10 नामांकन पत्र स्वीकृत, 08 नामांकन पत्र अस्वीकृत, कुल 18 ने किया था नामांकन**

**प्रेक्षक दीपांकर चौधरी व रिटर्निंग ऑफिसर उमेश मिश्रा की उपस्थिति में भारत निर्वाचन आयोग के गाईडलाइन के अनुसार संपन्न हुआ नामांकन प्रपत्रों की जांच/स्क्रूटनी**



स्वतंत्र प्रभात

**कुशीनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण व सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 65 कुशीनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु सामान्य प्रेक्षक दीपांकर चौधरी की अध्यक्षता में एवं रिटर्निंग ऑफिसर उमेश मिश्रा की उपस्थिति में नामांकन पत्रों की जांच एवं स्क्रूटनी की गयी। 7 मई से 14 मई तक चलने वाले नामांकन के अंतर्गत कुल 18 में से नामांकन प्रपत्रों के जॉच एवं संवीक्षा के उपरांत नामांकन पत्र पूर्ण रूप से सही मानक के अनुसार पाये जाने पर कुल 10 प्रत्याशियों का पर्चा स्वीकृत हुआ है। जिनमें भारतीय जनता पार्टी से विजय, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से स्वामी प्रसाद मौर्य, समाजवादी पार्टी से अजय प्रताप, बहुजन समाज पार्टी से शुभ नारायण चौहान सहित निर्दल प्रत्याशी रामचंद्र सिंह, सुनील कुमार शुक्ला, हरिकेश, वेद प्रकाश, उत्कृष्ट मौर्य, अमीय उपाध्याय का पर्चा स्वीकृत हुआ है। समस्त नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी भारत निर्वाचन आयोग के गाईडलाइन व नियमानुसार की गयी। जॉच एवं स्क्रूटनी में 18 में 08 उम्मीदवारों का पर्चा अपूर्ण, त्रुटियुक्त, अनिवार्य प्रपत्रों सहित हस्ताक्षर का अभाव आदि कमियों के कारण अस्वीकृत हो गया है। पर्चा अस्वीकृत होने वालों में अमीरुद्दीन अपनादल यूनाइटेड तथा निर्दलीय प्रत्याशी अतुल निषाद ,श्याम बिहारी, उमेश, शिव कुमार, मोसाहेब, प्रियश तथा राजू है। रिटर्निंग आफिसर उमेश मिश्रा द्वारा बताया गया कि नामांकन फार्म देते समय सभी प्रपत्रों के साथ चेकलिस्ट दिया गया था। सभी प्रत्याशियों को सभी प्रपत्रों के बारे में अवगत भी कराया गया। स्क्रूटनी कार्य में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्याशी 17 मई तक अपना नामांकन वापस ले सकते है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव मिश्रा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर व्यास नारायण उमराव सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, निर्दलीय प्रत्याशी गण आदि उपस्थित रहे।

# फेसबुक पर लिखा जातिसूचक शब्द, केस दर्ज

**●कुशवाहा समाज के लोगो ने फेसबुक पर भाजपा आईटी सेल के तरफ से किए गए टिप्पणी के मामले में जताया है आक्रोश**




स्वतंत्र प्रभात

**पडरौना कुशीनगर।** फेसबुक पर जातिसूचक शब्द लिखते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग करने का मामला सामने आया है। कोतवाली पडरौना की पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में भाजपा पडरौना देहात मंडल के पूर्व अध्यक्ष हरिओम कुशवाहा ने बताया कि गत दिनो उनको पता चला है कि किसी बीजेपी कुशीनगर आईटी सेल के नाम से फेसबुक आई.डी. बनाकर उनकी जाति पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पोस्ट से उनकी जाति का अपमान है, जिससे कुशवाहा समाज के अंदर रोष व्याप्त है। कुशवाहा ने कोतवाली पुलिस पुलिस से गुहार लगाई है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कारवाई की जाए। इस मामले में पुलिस ने साइबर सैल को माध्यम से कार्रवाई में जुटी हुई है। थाना कोतवाली पडरौना सुशील कुमार शुक्ला ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच कुशीनगर साइबर सेल को सौंपी गई है। इस सिलसिले में बुधवार को पूर्व भाजपा देहात मंडल के अध्यक्ष हरिओम कुशवाहा की अगुवाई में पहुंचे सभासद अरुण चंद्रभान कुशवाहा, रमेश कुशवाहा, छोटेलाल कुशवाहा, राहुल कुशवाहा, राजन कुशवाहा, सुनील कुशवाहा, पिंटू कुशवाहा, सभासद प्रतिनिधि सोनू राज कुशवाहा, धनंजय कुशवाहा, रामप्रताप कुशवाहा, प्रधान प्रतिनिधि अभयानंद कुशवाहा, अरविंद कुशवाहा, वीरेंद्र कुशवाहा, अध्यानंद कुशवाहा, नरसिंह राहुल कुशवाहा ने पुलिस से शिकायत करने के साथ चेताया है कि अगर उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदन पश्चात डीएम ने किया उक्त स्थलों को अधिग्रहित

स्वतंत्र प्रभात

**कुशीनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन कराने हेतु जनपद में 65-कुशीनगर ससंदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए अगामी माह 01 जून को मतदेय स्थलों पर मतदान कराया जाना है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस जनपद के प्राथमिक विद्यालय/उच्च प्राथमिक विद्यालय, हाईस्कूल, इण्टर कालेज, पंचायत भवन, आगनबाड़ी केन्द्र आदि में मतदान स्थल, मतदान केन्द्र बनाने हेतू अनुमोदन प्रदान किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के अधीन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित समस्त मतदान केन्द्र, मतदान स्थलों के भवनों, परिषद आदि को 29 मई से 02 जून 2024 तक के लिए अधिग्रहीत किया जाता है। मिश्र ने उपरोक्त अनुमोदित मतदान केन्द्रो एवं मतदान स्थलों के भवनों के प्रधानाध्यापक, प्रधानाचार्य, प्राचार्य, प्रबन्धक एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह इस जनपद के समस्त प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय, हाईस्कूल, इण्टर कालेज , पंचायत भवन, आगबाड़ी केन्द्र आदि- मतदान स्थल , मतदान केन्द्र बनाने तथा निर्वाचन से सम्बन्धित अधिकारियों समस्त पीठासीन अधिकारियों,मतदान अधिकारियों एवं सुरक्षा कर्मियों आदि के ठहरने हेतु भवन, कक्ष, विद्युत, शौचालय, पेयजल व्यवस्था को समय से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# पुलिस अधीक्षक ने परसामलिक व बरगदवा थाने का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के मद्देनजर बुधवार को पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने परसामलिक व बरगदवा थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अपराधों के रोकथाम व शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण के अलावा सभी तरह की पेंडेंसी खत्म करने के निर्देशित दिए। क्षेत्र के धार्मिक स्थलों, संवेदनशील क्षेत्र, बैंक, एटीएम के साथ-साथ क्षेत्र के गुंडा, बदमाश तथा हिस्ट्रीशीटरों की प्रॉपर चैकिंग कर शांति व कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने निरीक्षण के दौरान परसामलिक व बरगदवा थाना परिसर, जीडी कार्यालय, आवासीय बैरक, सीसीटीएनएस, आइजीआरएस कार्यालय, बंदीगृह, भोजनालय आदि का बारीकी से मुआयना किया। इसके साथ ही अपराध रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर व अन्य अभिलेखों की जांच कर सम्बंधित को आवाश्यक दिशानिर्देश दिए।

# परिवार रजिस्टर से नाम हटवाने का आरोप, पुलिस से शिकायत

स्वतंत्र प्रभात




**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम सभा महरी निवासिनी मिथिलेश देवी ने अपने पति पर कूटरचित तरीके से परिवार रजिस्टर से नाम हटवाने का आरोप लगाई है। महिला ने मामले में परसामलिक पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। मिथिलेश देवी ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाई है कि उनकी शादी महरी निवासी नागेंद्र तिवारी के साथ हुई थी लेकिन पति ने दहेज पूरा नहीं होने का हवाला देते हुए दूसरी शादी रिंकी उर्फ आराध्या तिवारी निवासी बोदना थाना निचलौल के साथ कर ली जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि पति नागेंद्र तिवारी व दूसरी पत्नी के पिता दीनानाथ तिवारी ने धोखाधड़ी से एडियो पंचायत नौतनवां व ग्राम पंचायत अधिकारियों के साथ मिलकर परिवार रजिस्टर से नाम हटवा दिया। मिथिलेश देवी ने पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है जांच-पड़ताल किया जा रहा है।

# मतदान कार्मिकों मशीन का संचालन करने की बेहतर रूप से जानकारी प्राप्त कर लें: डीएम

**● प्रशिक्षण कार्य का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण**



स्वतंत्र प्रभात

**बांदा।** जिला निर्वाचन अधिकारी, श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल ने पंडित जेएनपीजी कालेज में लोकसभा निर्वाचन को संपन्न कराए जाने हेतु लगाए गए मतदान कार्मिकों को दिए जा रहे हैं ,प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण किया। प्रशिक्षण में उन्होंने कहा कि सभी मतदान कार्मिकों के कार्य महत्वपूर्ण हैं। सभी मतदान कार्मिकों के साथ मतदान कार्मिक द्वितीय अपने कार्य को ध्यान देते हुए संपादित करें, प्रशिक्षण में मतदान कार्मिकों मशीन का संचालन करने की बेहतर रूप से जानकारी प्राप्त कर ले,किसी प्रकार की प्रशिक्षण में उन्हें शंका नहीं रहनी चाहिएस उन्होंने कहा कि मतदान के समय मतदाताओं को बाएं हाथ की तर्जनी में अमिट स्याही अवश्य ठीक प्रकार से लगाई जाएस मतदान शुरू होने से पहले माक पोल समय से प्रारंभ किया जाए स सभी कार्मिक मतदान दिवस पर समय से अपने कार्यो को पूर्ण निष्पक्षता के साथ पूर्ण करें। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरो द्वारा प्रशिक्षण मे मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराए जाने हेतु कार्यो के संबंध में ईवीएम मशीन के संचालन सहित विभिन्न प्रपत्रों को तैयार करने की जानकारी प्रदान दी स प्रशिक्षण में मतदान कार्मिकों को एनपीएस के माध्यम से दो-दो घंटे में मतदान प्रतिशत की सूचना दी जाने के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई स मतदान प्रक्रिया के दौरान पीठासीन अधिकारी की डायरी को भरने, आवश्यक प्रपतों को तैयार करने के कार्य को सावधानी पूर्वक करने के संबंध में बताया गया सनिरीक्षण के समय जिला एवं संख्या अधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित मास्टर ट्रेनर्स एवं मतदान कार्मिक उपस्थित रहे।

# कांग्रेस व भाजपा ने किया जांच एजेंसियों का दुरूपयोग: मायावती

**● बसपा सुप्रीमो ने पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को किया संबोधित**

**बसपा सरकार बनने पर बुदेलखण्ड राज्य के निर्माण की घोषणा**



स्वतंत्र प्रभात

**बांदा।** बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी के समर्थन में प्रचार करने के लिए बसपा सुप्रीमो मायावती अतर्रा कस्बे में पहुंचकर जमकर हुंकार भरी और विपक्षी दल पार्टियों के ऊपर जमकर निशाना साधा।

बतादें मायावती नें एक बार फिर बसपा की सरकार बनने पर बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाने का ऐलान किया। मायावती ने चुनावी जनसभा से ऐलान किया कि अगर हम लोग सत्ता पर आते हैं तो बुंदेलखंड को अलग राज्य बनायेंगे और यहां विकास की नई इबारत लिखेंगे। बसपा सुप्रीमो ने विपक्षी पार्टियों पर हमला बोलते हुए कहा कि सभी पार्टियों ने ई बांड के माध्यम से चंदा लेकर चुनाव लड़ा है. हमारी ऐसी पार्टी है जिसने किसी भी पूंजीपति और धन्ना सेठों से एक भी रुपया चंदा नहीं लिया. मेरे जन्मदिन दिवस पर आए थोड़ा-थोड़ा चंदा को एकत्रित कर पार्टी चलाई और चुनाव लड़ने का काम किया है। उन्होंने बुंदेलखंड में ब्राह्मण वोटरों की संख्या को देखते हुए ब्राह्मण वोटों को साधते हुए नजर आई। मायावती ने कहा कि हमारी सरकार में ब्राम्हणों का कही भी उत्पीड़न नही हुआ है। और बुंदेलखंड में ब्राह्मण वोटो की संख्या अधिक है, इसलिए उन्होंने ब्राह्मण समाज के लोगो को टिकट दिया है। बांदा/चित्रकूट/हमीरपुर/महोबा और झांसी लोकसभा सीट से बसपा ने ब्राह्मण समाज के प्रत्याशी चुनाव में उतारे है। अखिलेश यादव ने अपनी सरकार में गरीब वंचित आदिवासियों के हक पर डाका डालने का काम समाजवादी पार्टी ने किया है। अखिलेश यादव के राज्य में गुंडों का आतंक रहा है तो अब की सरकार भी जातिवाद और संप्रदायवाद की राजनीति कर रही है। इसके साथ ही मायावती ने कहा कि देश आजादी के बाद चाहे कांग्रेस रही हो या फिर 10 सालों से भाजपा दोनों ने ही जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया है। और उनका प्रयोग विपक्ष को फंसाने में किया है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा है कि इन लोगों ने अति पिछड़े आदिवासी और गरीबों के आरक्षण को खत्म किया है।

मायावती नें कहा की सपा और भाजपा दोनों ब्राहम्ण विरोधी हैं। जनता को मुफ्त का राशन मोदी जेब से नहीं, बल्कि जनता के टैक्स से ही दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों में आरक्षण का कोटा अभी तक नहीं भरा गया है।इसी तरह अखिलेश यादव भी दलित, अति पिछड़ों और आदिवासियों के खिलाफ हैं। मोदी सिर्फ पूंजीपतियों को ही मालामाल कर रहे हैं, गरीबों की उनको कोई फिक्र नहीं है। जनता को मुफ्त राशन देकर आरएसएस वाले नमक खाने का हवाला देते हुए लोगों पर भाजपा को ही वोट देने का दबाव बना रहे हैं। कांग्रेस की तरह भाजपा ने जांच एंजेसियों का राजनीतिकरण कर दिया है। मायावती नें भाजपा और इंडिया गठबंधन के घोषणा पत्र को हवा-हवाई बताते हुए कहा कि हमारी बहुजन समाज पार्टी इसी वजह से घोषणा पत्र नहीं बनाती, पार्टी जो कहती है वह करती है। एक अकेले बसपा को छोड़ सभी दलों ने करोड़ों रुपये का चंदा पूंजीपतियों से वसूला है। युवाओं को नौकरी मिलेगी, मुस्लिमों का उत्पीड़न रुकेगा। ऐसा सुप्रीम कोर्ट की रिपोर्ट से स्पष्ट है। यदि बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनी, तो युवाओं को नौकरी मिलेगी और मुस्लिमों का उत्पीड़न तो रुकेगा ही साथ-साथ जिस तरह पार्टी ने प्रदेश का विकास किया था। उसी तर्ज पर देश को विकास की धारा से जोड़ा जाएगा।

# केन जल आरती के कार्यक्रम में शार्ट फिल्म की गई लान्च

स्वतंत्र प्रभात



**बांदा।** जिला मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने जानकारी देते हुए अवगत कराया कि प्रत्येक मंगलवार को होने वाली केन जल आरती कार्यक्रम के अंतर्गत इस बार भी बहुत भव्य रूप से विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के तत्वाधान में केन जल आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने जानकारी दी कि इस मौके पर गौ रक्षा समिति के तत्वाधान में एक शार्ट फिल्म लान्च की गई जिसमे गरीब किसान और उसकी स्थिति को लेकर समाज में किसानों की हालत को दर्शाया गया है। इस शार्ट फिल्म के लेखक समिति के जिलाध्यक्ष महेश प्रजापति हैं तथा इसकी मुख्य भूमिका में विनय कुमार प्रजापति हैं जोकि एक गरीब किसान का किरदार निभा रहे हैं बाकी अन्य समिति के कार्यकर्ताओं तथा अन्य सहयोगियों ने इस शॉर्ट फिल्म में कार्य किया है। समिति के जिलाध्यक्ष महेश प्रजापति ने बताया कि यह फिल्म भाजपा को समर्पित है क्युकी इसमें भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को कैसे मिल रहा है, कहानी के माध्यम से दर्शाया गया है तथा सभी को भाजपा को वोट करके एक बार फिर से भाजपा सरकार बनाने की अपील की गई है। आगे जिलाध्यक्ष ने जानकारी दी है कि जनता इस शॉर्ट फिल्म को यूट्यूब चौनल पर जाकर देख सकती है। इस दौरान केन जल आरती कार्यक्रम में श्रीमती सूत्कीर्ति गुप्ता जिला सह प्रभारी आलोक कुमार निगम जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया राजेंद्र कुमार मिश्रा सभासद विनय प्रजापति ब्लॉक अध्यक्ष सत्यम मिश्रा नगर उपाध्यक्ष रामकरण पाल जय करण प्रजापति शैलेंद्र प्रजापति रिंकू आशीष कुमार अनुरागी संदीप कुमार सेन सहित तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पेंशनर्स ने लिया परिवार सहित मतदान का संकल्प

स्वतंत्र प्रभात




**बांदा।** बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार कक्ष में उत्तर प्रदेश सिविल पेंशनर्स परिषद बांदा की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता परिषद की बांदा इकाई के अध्यक्ष राजाबाबू बाजपेई ने की। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की मतदान तिथि 20 मई को अनिवार्य रूप से मतदान करने का संकल्प लिया गया।सिविल पेंशनर्स परिषद बांदा के अध्यक्ष राजाबाबू बाजपेई ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आह्वान करते हुए उनसे अपील की, कि आगामी 20 मई को सभी सदस्य अपने अपने परिवार के सभी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें और स्वयं भी उस दिन सुबह सुबह मतदान करने के लिए अपने पोलिंग बूथ में जाएं। इससे न सिर्फ लोकतंत्र मजबूत होगा बल्कि देश के जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज भी वो निभाएंगे।

परिषद के महामंत्री शांतनु चतुर्वेदी ने कहा कि आपकी पसंद कोई भी प्रत्याशी या पार्टी हो सकते हैं, पर जरूरी है कि हम मतदान अवश्य करें। क्योंकि इस देश का संविधान हमें इस बात के लिए प्रेरित करता है और ये अधिकार भी देता है कि देश की सरकार चुनने में हम अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन जिम्मेदारी के साथ करें।

परिषद के पदाधिकारी आनंद बाजपेई और श्यामले प्रसाद गुप्ता ने बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं पर भी चर्चा की। सदस्यों की पेंशन संबंधी समस्याओं के लिए आचार संहिता की समाप्ति के बाद उचित कार्यवाही किए जाने का उन्होंने भरोसा भी दिया। इस बैठक में बी के शुक्ला, नरेंद्र कुमार गुप्ता, कृष्ण गोपाल धुरिया, लाला धुरिया, प्रदीप निगम, डॉ अनुराग द्विवेदी, सुरेन्द्र कुमार खरे, रामाधार अवस्थी, संतोष पांडेय, अरविंद भूषण मिश्रा, अशोक त्रिपाठी, राम मिलन यादव, लाल सिंह इत्यादि पेंशनर्स उपस्थित रहे।

# गाजा पर इजराइली हमले में पूर्व भारतीय सैनिक की मौत

**● - UN कर्मचारी था; विदेश मंत्रालय बोला- शव भारत लाने की कोशिश जारी**

स्वतंत्र प्रभात

इजराइल हमास जंग के बीच गाजा में सोमवार ( 13 मई ) को संयुक्त राष्ट्र (UN) एजेंसी के लिए काम कर रहे एक पूर्व भारतीय सैनिक की मौत हो गई। पूर्व सैनिक का नाम कर्नल वैभव अनिल काले था, जो नागपुर का रहने वाला था।

UN एजेंसी को जॉइन करने से पहले वह जम्मू-कश्मीर राइफल्स में तैनात था। वैभव की मौत पर बुधवार को भारत के विदेश मंत्रालय ने दुख जताया है। मंत्रालय ने एक बयान जारी कर काले के परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

उन्होंने बताया कि सरकार वैभव के शव को भारत लाने के लिए लगातार ह के संपर्क में है। UN ने भी इस मामले में पर दुख जताया है। वैभव की मौत उस वक्त हुई, जब वे राफा में मानवीय मदद पहुंचा रहे थे। इसी दौरान इजराइली टैंक ने उन पर हमला कर दिया।

**कौन थे कर्नल वैभव अनिल काले**

कर्नल वैभव अनिल काले ने भारतीय सेना से 2022 में रिटायरमेंट (VRS) लिया था। वे तीन हफ्ते पहले ही ह के सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग से जुड़े थे। 46 साल के वैभव अप्रैल 1998 में भारतीय सेना में शामिल हुए थे। उन्होंने 2009 से 2010 तक संयुक्त राष्ट्र में मुख्य सुरक्षा अधिकारी के तौर पर अपनी सेवाएं दी थीं।

वैभव ने दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी से बिहेवियरल साइंस और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून में ग्रेजुएशन किया था। उन्होंने आगे की पढ़ाई IMM लखनऊ और DAVV इंदौर समेत अन्य संस्थानों से भी की थी।

वैभव के परिवार के दूसरे सदस्य भी भारतीय मिलिट्री में रह चुके हैं। उनके भाई ग्रुप कैप्टन विशाल काले वायुसेना में भर्ती थे, जबकि वैभव के कजिन आमे काले भी सेना में कर्नल रह चुके हैं। वैभव के एक और रिश्तेदार प्रशांत कारदे भी एयरफोर्स से रिटायर हुए हैं।

**पठानकोट एयरबेस हमले से कनेक्शन**

न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, सैनिक रहते हुए वैभव कई एंटी-टेरर ऑपरेशन्स का हिस्सा रहे। इस दौरान कई बार सियाचिन बेस कैंप में भी उनकी तैनाती रही। वैभव काले ने पठानकोट एयरबेस पर 2016 के हुए आतंकवादी हमले को रोकने में से जुड़े ऑपरेशन में शामिल थे।

उनके करीबी दोस्त लेफ्टिनेंट कर्नल हांगे ने बताया कि वैभव पठानकोट हमले के समय भारतीय सेना की 11 जम्मू-कश्मीर राइफल्स बटालियन की कमान संभाल रहे थे। उन्होंने अपनी यूनिट के साथव मिलकर ऑपरेशन में



अहम भूमिका निभाई थी।

2 जनवरी, 2016 को जैश के आतंकियों ने पठानकोट में एयरबेस पर हमला कर दिया था। इसमें 7 जवान शहीद हो गए थे। 36 घंटे एनकाउंटर और तीन दिन तक कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया गया था।

**इजराइल-हमास जंग में UN के 200 राहतकर्मियों की मौत**

करीब 1 महीने पहले भी गाजा पर इजराइल के हमले में ह के 7 राहतकर्मी मारे गए थे। इजराइली सेना ने वर्ल्ड सेंट्रल किचिन चैरिटी के काफिले पर एयरस्ट्राइक कर दी थी। मारे गए कर्मचारी ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, पोलैंड और अमेरिका के नागरिक थे। UN के मुताबिक, जंग में अब तक करीब 200 राहतकर्मियों की मौत हो चुकी है।

**जंग में 35 हजार फिलिस्तीनियों की मौत, राफा पर हमले कर रहा इजराइल**

इजराइल-हमास जंग के बीच पिछले 7 महीने से जंग जारी है। इसमें अब तक 35 हजार फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है, इनमें करीब 15 हजार बच्चे शामिल हैं। वहीं गाजा के करीब 80% लोग बेघर हो गए। यह जंग अब मिस्र बॉर्डर के करीब गाजा के राफा शहर पहुंच गई है।

दरअसल, जंग की शुरुआत में इजराइल की कार्रवाई से बचते हुए लोगों ने उत्तरी गाजा छोड़कर राफा में शरण ली थी। अलजजीरा के मुताबिक इस इलाके में 10 लाख से ज्यादा लोग रहते हैं। अब जंग के आखिरी पड़ाव के तहत इजराइल राफा में हमले कर रही है।

इजराइल का तर्क है कि उन्होंने अब तक हमास की 24 बटालियन को खत्म कर दिया है। लेकिन अब भी 4 बटालियन राफा में छिपी हुई हैं। इनके खात्मे के लिए राफा में ऑपरेशन चलाना जरूरी है।

आवश्यकता है
JOB VACANCY
हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र में काम करने हेतु, इच्छुक एवं अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
खबरों का सच्चा साथी, स्वतंत्र प्रभात
स्वतंत्र प्रभात के ऑनलाइन चैनल को काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
स्वतंत्र प्रभात खबरों का सच्चा साथी
जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।
अपना बायोडाटा भेजें
9511151254
आवाज उठाएं जुर्म के खिलाफ
www.swatantraprabhat.com

## संक्षिप्त ख़बरें

**शादी का झांसा देकर छात्रा का अपहरण मामले में एक गिरफ्तार, जेल**

**त्रिवेणीगंज(सुपौल)** नगर परिषद क्षेत्र के मंगल बाजार स्थित वार्ड नंबर 5 में एक छात्रा को शादी का झांसा देकर बीते 10 मई की देर शाम अपहरण कर लिए जाने के मामले में मंगलवार की शाम पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि कई अभियुक्त अभी फरार भी फरार चल रहे है। दर्ज केस में नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 5 निवासी अपहता की मां सीता देवी ने कहा कि 10 मई की संध्या करीब सात बजे से मेरी पुत्री 22 वर्षीय ऋतुराज उर्फ खुशी घर से गायब है। काफी खोजबीन करने के बाद पता चला है कि नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 4 निवासी मोहम्मद सलाउद्दीन का 26 वर्षीय पुत्र निजामुद्दीन उर्फ गुलाब मेरी पुत्री ऋतुराज उर्फ खुशी को एक षड्यंत्र के तहत झूठे प्यार के जाल में फंसाकर शादी का झांसा देकर मंगल बाजार स्थित चंपावती मंदिर से अपहरण कर ले गया। कहा कि हमें शक है कि आरोपी निजामुद्दीन उर्फ गुलाब के पिता मोहम्मद सलाउद्दीन, माँ शाजहाँ, भाई वसीम अकरम, भाई मोहम्मद अजहरुद्दीन, भाई मोहम्मद जियाउद्दीन और बहन फहमीदा नासरीन सभी नगर परिषद वार्ड 4 निवासी अपने अन्य रिश्तेदारों से मिलकर मेरी पुत्री ऋतुराज उर्फ खुशी को अगवाकर उसका ग़लत इरादों से उसके साथ जोड़ - जबरदस्ती शादी कराना चाहता है। लोगों से मेरी गायब पुत्री के खोजबीन के दौरान यह भी पता चला कि सभी नामजदों आपस मे अपने अन्य रिश्तेदारों से मिलकर इस तरह के कुकृत को अंजाम देने वाले है। थानाध्यक्ष ने रामसेवक रावत ने बताया कि केस दर्ज कर निजामुद्दीन उर्फ गुलाब के पिता मोहम्मद सलाउद्दीन को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

**सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं के नतीजे में सौ प्रतिषद उतीर्ण। सिलापथार के सैंट फ्रांसिस दी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी**

**90 प्रतिषद अंक से अधिक आठ उतीर्ण, 80 प्रतिषद अंक से अधिक 23 उतीर्ण ओर 66 प्रतिषद अंक से अधिक उतीर्ण 2।**



**असम धेमाजी-15 मई।** सीबीएसई द्वारा घोषित 2024 के दसवीं के नतीजे में सिलापथार के सैंट फ्रांसिस दी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने इसबार बेहतर रिजल्ट करणे में सक्षम हुवा है। स्कूल से मिले खबर अनुसार सिलापथार के जुबिराज सोनोवाल ने 94.2 प्रतिषद अंक, गरिमा बोरूवा ने 94.2 प्रतिषद अंक, भास्कर पाईट ने 93.6प्रतिषद अंक,चंदन राज प्रधान ने 92.8प्रतिषद अंक,लिज़ा बोरा ताईद ने 92.4प्रतिषद अंक, करीना ताये ने 92 प्रतिषद अंक, रिया कलवार ने 91.4 प्रतिषद अंक, ओर कृष्णा नाथ ने 94 प्रतिषद अंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की है। कृष्णा नाथ सिलापथार पालपोट्टी के निवासी सुनील नाथ ओर पूजा नाथ के जेस्ट कन्या है। वही पूरे स्कूल का इस बार दसवीं का नतीजे देखा जाय तो 90 प्रतिषद अंक से अधिक आठ विद्यार्थि उतीर्ण हुवा है, 80 प्रतिषद अंक से अधिक 23 उतीर्ण ओर 66 प्रतिषद अंक से अधिक 2 विद्यार्थी उतीर्ण हुवा है। इसबार की सीबीएसई के नतीजे से स्कूल के साथ सिलापथार इलाके में ख़ुशी की माहल है।

# जब तक समस्याओं का समाधान नहीं, तब तक होगा मतदान नहीं

स्वतंत्र प्रभात

**पचपेड़वा (बलरामपुर)**जब तक हमारे समस्याओं का समाधान नहीं होगा तब तक हम लोग मतदान नहीं करेंगे। यह कहना है बलरामपुर जनपद के श्रावस्ती लोकसभा और गैसड़ी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मोतेहरा के अनुसूचित जनजाति के मतदाताओं का। जिस भारत के सर्वोच्च पद यानि कि राष्ट्रपति के पद पर आदिवासी समाज की महिला द्रौपदी मुर्मू जी विराजमान हैं उसी भारत में आजादी के 77 बर्षों बाद भी यहां के आदिवासियों को सड़क,स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजुली, पानी आदि सेवाओं से भी महरूम होना पड़ रहा है। आपको बता दें कि मोतेहराग्राम पंचायत में सोनगढ़ा,और अक्लघरवा गांव भी शामिल है इन तीनों गांवों को मिलाकर यहां की आबादी करीब 3200 के करीब है जिसमें सभी अनुसूचित जनजाति के लोग ही निवास करते हैं । लेकिन अभी तक इस गांव में पहुंचने के लिए सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है ।यह तीनों गांव चारों तरफ से जंगल और 5 छोटे छोटे नालों से घिरा हुआ है जिसमें भांभर नाला भी शामिल हैं ।यहां के लोगों का कहना है कि बरसात के दिनों मे मामूली रुप से तबियत खराब होने पर लोग दवा इलाज के अभाव में असमय काल के गाल में समा जाते हैं क्योंकि जंगली कच्चे रास्ते और पांच पांच नदियों में बाढ़ के कारण हम लोग कहीं जा नहीं सकते केवल राम भरोसे ही जीने पर मजबूर हो जाते हैं। यहां करीब 25 बर्षो से बिजुली के खंभे और तार तो लगे हुए हैं लेकिन बिजुली का एक बल्ब भी आज तक नहीं जल पाया है। यहां के ग्राम प्रधान कमला देवी के पति विश्राम





चौधरी ने बताया कि गांव के अन्दर बसपा सरकार के समय में कुछ सीसीरोड और नाली का कार्य हुआ था बाकी आज तक किसी सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया है। विश्राम चौधरी ने बताया कि करीब 5 महीना पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य कई नेता तथा अधिकारियों को लिखित पत्र के माध्यम से सूचित किया जा चुका है कि यदि हमारी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो हम सभी ग्रामीण मतदान का बहिष्कार करने पर मजबूर हो जायेगें परन्तु आज तक कोई देखने और पूछने तक नहीं आया । हम लोग किस तरह नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं हमारे दुख दर्द को कोई सुनने वाला नहीं है ।नेता हमारा वोट लेकर ऐसी के अन्दर बैठकर हमारे ही ऊपर हुकूमत करते है ,हमारे ही टैक्स के पैसे से तमाम सुख सुविधाओं का आनंद लेते हैं लेकिन हम लोग सड़क ,स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजुली, पानी जैसे बुनियादी जरूरतों से वंचित हैं। अब पानी सर से ऊपर हो चुका है यदि हमारे इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो हम लोग कतई मतदान नहीं करेंगे। सबसे खास बात तो यह है कि यहां के एक मजरे अक्लघरवा को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने गोद ले रखा है इसके बावजूद यहां का यह हाल है। अब देखना यह हैं कोई जिम्मेदार व्यक्ति इन आदिवासियों के दुख दर्द को देखने और सुनने के लिए आकर लोकतंत्र के इस महापर्व में इनकी भागीदार

# सिंघवी को इनाम, स्वाति को बदनाम कर राज्यसभा सांसद की जगह देने की है केजरीवाल की प्लानिंग

स्वतंत्र प्रभात

**दिल्ली ।** दिल्ली से राज्यसभा सांसद और पूर्व दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल के साथ सीएम आवास पर हुए झगडे ,मारपीट की जड में केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी को बडा इनाम देने की प्लानिंग है। दरअसल सिंघवी कथित शराब घोटाले से जुडे मनी लांड्रिंग केस में सुप्रीमकोर्ट से अंतरिम जमानत दिलवाने में ट्रायल कोर्ट से लेकर सुप्रीमकोर्ट तक में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पैरवी कर रहे है। अभिषेक मनु सिंघवी की जोरदार बहस और दलीलों के चलते बेंच ने सीएम केजरीवाल को बडी राहत देते हुए उन्हें अंतरिम जमानत दी है। ताकि वह चुनाव प्रचार में शामिल हो सके। अब उसी एहसान तले दबे केजरीवाल अभिषेक मनु सिंघवी को बडा तोहफा देने के तहत राज्यसभा सांसद बनाने की प्लानिंग है। इसी प्लानिंग के चलते केजरीवाल ने स्वाति मालीवाल से संसद के उच्च सदन से इस्तीफा देने को कहा है। ताकि सिंघवी को दिल्ली कोटे से राज्यसभा भेजा जा सके। गौरतलब है



कि दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने जनवरी में आम आदमी पार्टी की ओर से राज्यसभा सदस्यता की शपथ ली थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीएम केजरीवाल ने अब स्वाति मालीवाल से राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने को कह दिया है। इसी बात से गुस्साई स्वाति मालीवाल सीएम आवास में मुलाकात करने गई थी। आरोप है कि वहां केजरीवाल के निजी आफिसर विभव कुमार ने उनसे इस्तीफा देने की बात की होगी। साथ ही बदसलूकी भी की। मिडिया रिपोर्ट और पार्टी सूत्रों के मुताबिक अब केजरीवाल ने स्वाति मालीवाल को संदेशा भिजवा कर कहा गया है कि उनको



पंजाब से राज्यसभा में भेजा जाएगा। आप पार्टी का मानना है कि पंजाब से पार्टी के कोटे से राज्यसभा भेजे गए पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह राज्यसभा से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो सकते हैं। ऐसे में केजरीवाल की प्लानिंग के मुताबिक स्वाति मालीवाल को पंजाब से राज्यसभा में एडजस्ट किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक स्वाति मालीवाल ने माना कि मुझे पार्टी से किनारे करने का प्लान है। दरअसल अभिषेक मनु सिंघवी ही केजरीवाल के कथित शराब घोटाला मामले में आगे भी पैरवी करेगे। इसी के मद्देनजर ही केजरीवाल ने सिंघवी को इनाम में बतौर राज्यसभा की सीट आकर की है।

## थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को एक अदद तंमचा व दो कारतूस 315 बोर सहित किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**फिरोजाबाद-** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाले अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दिनांक 15.05.2024 को एक अभियुक्त मौहम्मद नसीम उर्फ गटुआ पुत्र सलीम को पुराना थाना ग्राउण्ड थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुये । बरामदगी के आधार पर थाना पर मु0अ0सं0 306/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट अभियोग पंजीकृत किया



गया ।

# सामान्य से अधिक बारिश का अनुमान; भारत की अर्थव्यवस्था पर किस तरह पड़ेगा असर?

**● - इस साल ज्यादा बारिश होने का अनुमान है. इससे उम्मीद जगी है कि ज्यादा बारिश से फसलें अच्छी होंगी और अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ेगी. यहां समझिए कैसे?**

स्वतंत्र प्रभात

भारत में जून-सितंबर महीने में मानसून की बारिश का औसत 87 सेंटीमीटर होता है. लेकिन इस साल मानसून की बारिश का औसत 106 सेंटीमीटर होने का अनुमान है. इसका मतलब है कि इस साल भारत में सामान्य से 19% ज्यादा बारिश हो सकती है. मानसून की बारिश भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। सामान्य से ज्यादा बारिश का भारत की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि लगभग आधे खेत मानसून की बारिश पर निर्भर करते हैं. अच्छी बारिश से फसल उत्पादन बढ़ेगा और खाद्य कीमतों में कमी आएगी। इससे लोग ज्यादा खरीद कर सकेंगे और आर्थिक विकास को बढ़ावा भी मिलेगा. अर्थशास्त्र के प्रोफेसर सारथी आचार्य ने एबीपी न्यूज से बातचीत में कहा, भारत में बारिश ज्यादा होती है तो एग्रीकल्चर सेक्टर में तो बिल्कुल ग्रोथ होगी. पानी का लेवल भी बढ़ेगा, क्योंकि कुछ इलाकों में पानी का लेवल काफी नीचे जा चुका है. लेकिन भारत इतना बढ़ा देश है इसलिए बारिश कहां ज्यादा होती है ये भी मायने रखता है. हालांकि एक बात ये है कि जहां भी ज्यादा बारिश होती है वहां रबी की फसल अच्छी हो जाती है।

**कब दस्तक देगा मानसून**

मौसम विभाग का अनुमान है कि 19 मई के आसपास दक्षिण-पश्चिम मानसून दस्तक देगा. दक्षिण अंडमान सागर, बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों और निकोबार द्वीप समूह में मानसून की बारिश होने की उम्मीद है। वहीं 16 मई से उत्तर-पश्चिम भारत में एक बार फिर लू चलने की संभावना है. दक्षिण भारत में 18 मई तक गरज के साथ बारिश, बिजली कड़कने और तेज हवाएं चल सकती हैं. आने वाले सात दिनों में तमिलनाडु, पुदुचेरी, केरल, माहे, कर्नाटक, कोंकण और गोवा में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश होना शुरू हो सकती है. साथ ही गरज, चमक और तेज हवाएं चलने का भी अंदाजा है।

**सामान्य से ज्यादा बारिश होने की वजह क्या है?**

भारतीय मौसम विभाग (IMD) का मानना है कि इस बार अच्छा मानसून रहने के कई संकेत हैं. पहली वजह अल नीनो का धीरे-धीरे कमजोर होना है. एल निनो का मतलब प्रशांत महासागर के मध्य और पूर्वी इलाकों में पानी का गर्म होना है. ये औसतन हर दो से सात साल में होता है और आमतौर पर 9 से 12 महीने तक रहता है. इसका असर दुनियाभर के मौसम और तूफानों पर पड़ता है. जून 2023 में शुरू हुआ एल निनो दिसंबर में सबसे ज़्यादा तीव्र था, लेकिन अब कमज़ोर हो रहा है।

वहीं ला नीना ठीक एल निनो के उल्टा होता है, यानी प्रशांत महासागर के मध्य और पूर्वी इलाकों में पानी ठंडा हो जाता है. इसका असर भी मौसम पर पड़ता है. इसके अलावा पॉजिटिव इंडियन ओशन डायपोल (IOD) हिंद महासागर में होने वाली एक घटना है जिसका असर अफ्रीका और एशिया के मानसून पर पड़ता है. वहीं अगर उत्तरी गोलार्द्ध में सामान्य से कम बर्फ जमी है तो भी मानसून अच्छा रहने का संकेत मिलता है।

रिकॉर्ड बताते हैं कि 1954 से अब तक,



पिछले 22 ला नीना सालों में से ज्यादातर में गर्मियों का मानसून या तो 'सामान्य' था या 'सामान्य से अधिक' था. सिर्फ 1974 और 2000 में ही ला नीना के बावजूद मानसून "सामान्य से कम" रहा. 1951 से 2023 तक के आंकड़ों से पता चलता है कि जिन नौ सालों में अल नीनो के बाद ला नीना आया था, उनमें से दो सालों में गर्मियों का मानसून 'सामान्य से अधिक' था, पांच सालों में 'बहुत अधिक' था और दो सालों में 'सामान्य' से थोड़ा अधिक था।

**बारिश भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए कितनी जरूरी?**

पूर्व राष्ट्रपति और वित्त मंत्री रहे प्रणब मुखर्जी ने कभी कहा था कि जून से सितंबर वाला मानसून का सीजन ही असली वित्त मंत्री होता है. इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस दौरान होने वाली बारिश अर्थव्यवस्था के लिए कितनी ज़रूरी है. मानसून देश की 70% बारिश के लिए ज़िम्मेदार है. ये अभी भी खेती को काफी हद तक सहारा देता है, ज़मीन के नीचे के पानी को बढ़ाता है और बिजली बनाने में मदद करता है. लेकिन बदलते खान-पान, खुली व्यापार नीति और अर्थव्यवस्था में भावनाओं के बढ़ते रोल ने मानसून के हमारे आर्थिक जीवन पर पड़ने वाले असर को बदल दिया है।

**एक्सपर्ट्स का क्या है कहना**

कृषि मामलों के जानकार भुवन भास्कर ने एबीपी न्यूज से बातचीत में कहा, सामान्य से ज्यादा बारिश होने का मौसम विभाग का अनुमान नेशनल लेवल पर है. मगर असल में ऐसा कुछ ही इलाकों में होता है. कहीं सामान्य से ज्यादा बारिश होगी तो कहीं कम भी हो सकती है. इसके अलावा ये भी मायने रखता है कि ये ज्यादा बारिश कितने समय में होती है।

अगर पूरे सीजन की बारिश 15 दिन के भीतर ही हो जाती है तो नुकसान भी होता है, सबकुछ बर्बाद हो जाता है. भुवन भास्कर जी ने आगे कहा कि अगर बारिश अपने समय से सामान्य या उससे थोड़ी ज्यादा होती है तो फसलों के लिए बहुत अच्छा होगा. अर्थव्यवस्था पर भी इसका सकारात्मक असर पड़ेगा, क्योंकि 50 से 60 फीसदी रूरल भारत का योगदान होता है. भले ही लोग कृषि से सीधे तौर पर नहीं जुड़े होते हैं फिर भी घर-परिवार के जरिए जुड़े होते हैं. उनकी इनकम और खर्च इस पर निर्भर करता है कि बारिश कितनी अच्छी होती है और फसल कितनी अच्छी होती है।

**समझिए अर्थव्यवस्था पर मानसून का कैसे होगा असर?**

अगर इस साल मानसून अच्छा रहता है तो तेजी से बढ़ती हुई भारतीय अर्थव्यवस्था और भी रफ्तार पकड़ सकती है। अच्छी फसल होने से गांव में खुशहाली आती है और लोगों की खरीददारी बढ़ जाती है चाहे वो गाड़ी हो या मोबाइल फोन. अच्छी बारिश से बाज़ार में चीज़ों की सप्लाई बढ़ती है जिससे महंगाई को भी काबू में रखा जा सकता है. बारिश ज़्यादा होने से खेतों में सिंचाई के लिए डीजल की ज़रूरत भी कम पड़ती है. साथ ही ज़्यादा बारिश से पानी के बड़े-बड़े तालाब और ज़मीन के नीचे का जलस्तर भी बढ़ता है, जिससे सस्ती बिजली बनाने वाले हाइड्रो पावर प्लांट्स ज़्यादा बिजली बना सकते हैं. कुल मिलाकर अच्छा मानसून भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

**क्या अच्छी बारिश से कम होगी महंगाई?**

वित्त मंत्रालय का कहना है कि इस बार सामान्य से ज़्यादा बारिश होने का अनुमान है, जिससे खाने की चीज़ों के दामों में और कमी आने की संभावना है. ये जानकारी वित्त मंत्रालय ने मार्च के लिए जारी अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा में दी है. हालांकि भारत में मार्च में खाने की चीज़ों की महंगाई थोड़ी कम हुई है। फरवरी में ये 8.7% थी, जो मार्च में घटकर 8.5% हो गई. सब्ज़ियों और दालों जैसी कुछ खास चीज़ों के दाम बढ़ने से ही खाने की चीज़ों की महंगाई बढ़ती है. वित्त मंत्रालय का कहना है कि मानसून के दौरान अच्छी बारिश होने से फसल का उत्पादन ज्यादा होगा और खाने की चीजों के दाम कम होने की उम्मीद है।

**ज्यादा बारिश होना सिर्फ किसानों के लिए ही अच्छी खबर नहीं!**

इस साल सामान्य से ज्यादा बारिश होने की उम्मीद सिर्फ किसानों के लिए ही नहीं, बल्कि बैंकिंग सेक्टर के लिए भी अच्छी खबर है. मौसम विभाग के अनुमान के बाद बैंकों को खेती से जुड़े लोन की मांग बढ़ने की उम्मीद है. पिछले कुछ सालों में खेती से जुड़े लोन में लगातार बढ़ोतरी देखी गई है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 2022-23 में खेती और इससे जुड़े कामों के लिए बैंकों ने 15.4% ज्यादा लोन दिए थे. पिछले वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में बैंकों की ओर से कृषि और इससे जुड़े कामों के लिए दिए गए लोन में 20.4% की बढ़ोतरी हुई और ये 20.4 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया. इस साल अच्छी बारिश के अनुमान के साथ जानकारों का मानना है कि जून से सितंबर के दौरान कृषि लोन में 22-24% की बढ़ोतरी हो सकती है।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने फाइनेंशियल एक्सप्रेस से एक बयान में कहा, "हमें उम्मीद है कि खेती से जुड़े लोन की मांग बढ़ेगी. अच्छी बारिश से फसल उत्पादन के लिए कर्ज की ज़रूरत बढ़ेगी. साथ ही खेती के उपकरण खरीदने और दूसरे कृषि कार्यो के लिए भी लोन की मांग बढ़ेगी." बैंक का मानना है कि अनाज भंडारण और खाद्य प्रसंस्करण के लिए भी कर्ज की मांग बढ़ सकती है. बैंक खेती से जुड़े कई तरह के लोन देते हैं. इसमें सबसे आम होता है फसल का लोन जिसका इस्तेमाल किसान बीज, खाद, कीटनाशक और दूसरी चीजें खरीदने के लिए करते हैं. ये लोन आमतौर पर एक फसल के सीज़न के लिए दिया जाता है और फसल कटने के बाद चुकाना होता है. इसके अलावा बैंक ट्रैक्टर, खेती के उपकरण और पशु खरीदने के लिए भी लोन देते हैं. मतलब ज्यादा बारिश भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए कई तरह से फायदेमंद है. इससे किसानों, ग्रामीण इलाकों, उद्योगों और पर्यावरण सभी को फायदा होता है।